माघ मास, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 270, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 19 जनवरी, 2023


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर - खतरे में दुनिया भर की देशज भाषाएं



अन्दर : गिल ने लगातार 3 छक्के जमाकर पूरा किया दोहरा शतक

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# तीन राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

## त्रिपुरा में 16, नगालैंड व मेघालय में 27 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**तैयारी पूरी**

### तीनों राज्यों में कुल वोटर्स की संख्या 62.8 लाख

### तीनों ही राज्यों के परिणाम 2 मार्च को घोषित कर दिए जाएंगे



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा जबकि नागालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। इन तीनों ही राज्यों के परिणाम 2 मार्च को घोषित कर दिए जाएंगे।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने बताया कि इन तीनों ही राज्यों में 60-60 विधानसभा सीटें हैं। तीनों राज्यों में कुल वोटर्स की संख्या 62.8 लाख है। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 31.47 लाख है। तीनों राज्यों में पहली बार वोट डालने वाले वोटर्स की संख्या 1.76 लाख है जबकि 80+ मतदाताओं की संख्या 97 हजार है। मेघालय में साल 2018 में 60 सीटों पर हुए विधानसभा चुनावों में 361 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में कांग्रेस 21 सीटों के साथ सबसे सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी लेकिन उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला। राज्य में भाजपा ने अन्य दलों के साथ मिलकर 34 विधायकों के समर्थन से सरकार बना ली। एनपीपी के कॉनराड संगमा राज्य के मुख्यमंत्री बने। एनपीपी को राज्य में 19 और भाजपा को 2 विधानसभा सीटें नसीब हुई थीं। त्रिपुरा में साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वामदलों के लंबे शासन को खत्म कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 60 में से 36 सीटें मिली थीं जबकि सीपीआई एम (सीपीआई एम)) महज 16 सीटों पर सीमट गई थी। राज्य में आईपीएफटी को 8 सीटें मिली थीं। इस साल होने वाले चुनाव में वामदल और कांग्रेस के गठबंधन कर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। नागालैंड में भी एनडीए की सरकार है। यहां साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन वाली एनडीपीपी ने सरकार बनाई। राज्य में हुए चुनाव में एनपीएफ को 26 सीटें मिली थीं जबकि एनडीपी को 18 और भाजपा को 12 सीटें मिलीं। एनपीपी ने दो सीटों पर जीत दर्ज की। चुनाव के बाद एनडीपीपी के नेफ्यू रियो ने सीएम पद की शपथ ली।

### छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा



नई दिल्ली। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनावों का ऐलान हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही उन्होंने छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया और तारीखों की भी घोषणा की। जिन सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई है उनमें अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट के साथ ही महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटें शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की एक लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा की गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन सीटों पर चुनाव के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। वहीं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सात फरवरी है। आठ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, 10 फरवरी तक नामांकन वापस लिए जा वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। दो मार्च को छह विधानसभा सीटों और एक राज्य की लोकसभा सीट पर उपचुनाव के नतीजों की घोषणा होगी। पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों और एक केंद्र शासित प्रदेश की लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराए जाने हैं। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें अरुणाचल प्रदेश की लुमला विधानसभा सीट, झारखंड की रामगढ़, पश्चिम बंगाल की सागरदिघी, तमिलनाडु की इरोड और महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटों कस्बा पेठ और चिंचवड़ में उपचुनाव होना है। इसके साथ ही केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप की लोकसभा सीट लक्षद्वीप के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। लक्षद्वीप सांसद मोहम्मद फैजल को अयोग्य साबित किए जाने के कारण यह सीट खाली हो गई थी। वहीं, अरुणाचल प्रदेश की लुमला(एसटी) विधानसभा सीट विधायक जंबे ताशी के निधन के कारण रिक्त हो गई है। इसी तरह झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट से विधायक ममता देवी को अयोग्य करार दिया गया था, जिस कारण ये सीट खाली है। वहीं, तमिलनाडु की इरोड(पूर्वी) सीट विधायक थिरुई थिरुमहान की मृत्यु के कारण खाली हो गई थी। बात अगर पश्चिम बंगाल की सागरदिघी सीट की करें तो यह विधायत सुब्रत साह की मौत के कारण खाली हो गई है। वहीं, महाराष्ट्र की कस्बापेठ और चिंचवाड विधान सभा सीटें विधायकों की मौत के कारण रिक्त हो गई हैं।

# यूक्रेन में हेलीकॉप्टर हादसा गृह मंत्री समेत 18 की मौत

नई दिल्ली। यूक्रेन की राजधानी कीव के पास ब्रोवेरी कस्बे में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर के नर्सरी से टकरा जाने से यूक्रेन के गृह मंत्री और 17 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस घटना में दो बच्चों की भी जान चली गई है। राष्ट्रपति के एक सहयोगी ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। पुलिस के अनुसार, कीव क्षेत्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर नर्सरी और राजधानी के उत्तर-पूर्व में ब्रोवेरी में एक आवासीय इमारत के करीब आ गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि 15 बच्चों सहित 29 लोग घायल भी हुए हैं। नेशनल पुलिस के हेड इगोर क्लेमेंको ने बताया कि इस हादसे में गृह मंत्री डेनिस मोनास्टिरस्की की मौत हो गई। उनको 2021 में राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के तहत नियुक्त किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री से पहले डिप्टी येवेनी येनिन और मंत्रालय के राज्य सचिव की मौत हो चुकी है। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक जलती हुई इमारत दिखाई दे रही है और लोगों को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। कीव

**दुखद**

### हादसे में 15 बच्चों सहित 29 लोग हुए घायल



क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा, इस त्रासदी के समय नर्सरी में बच्चे और कर्मचारी थे। अब सभी को निकाल लिया गया है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण क्या था। रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जिसके सैनिकों ने पिछले फरवरी में यूक्रेन पर आक्रमण किया और यूक्रेनी अधिकारियों ने उस समय क्षेत्र में किसी भी रूसी हमले का कोई रिफरेंस नहीं दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा, ह्यहम हताहतों और परिस्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने अपोस्ट्रोफ टीवी को बताया, ह्युदुर्भाग्य से यह हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है।




# पीएम मोदी ने सांसद खेल महाकुंभ का किया उद्घाटन



**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बजकर 20 मिनट पर वर्चुअल माध्यम से रिमोट दबाकर सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम के मंच से खिलाड़ियों और मौजूद जनसमूह को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में पूरा देश और दुनिया एक नए भारत का गवाह बना। बदलते भारत ने दुनिया को हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास कराया है। पूरा विश्व स्वीकार करता है कि यह पीएम मोदी के कारण ही भारत ने दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारी बस्ती महर्षि वशिष्ठ की पावन धरती है। यह साधना तप और त्याग की धरती है। खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी एक साधना ही है, एक तपस्या है। सफल खिलाड़ी यह साधना करके ही विजय प्राप्त करता हुआ वह आगे बढ़ता है। सिद्धि हासिल करता है। मुझे खुशी है कि बस्ती में हमारे संसद की मेहनत से कितने विशाल खेल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

कहा कि भारत के खेलों में परंपरागत पारंगत स्थानीय खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ नई उड़ान का अवसर देंगे। मुझे बताया गया है कि भारत के करीब करीब दो सौ संसदीय क्षेत्र में इसी तरह स्पर्धा आयोजित की जा रही है। सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग सेंटर में आगे की ट्रेनिंग के लिए भी चुना जा रहा है। देश की युवा शक्ति को बहुत लाभ होगा। इस महाकुंभ में ही 44000 से ज्यादा युवा हिस्सा ले रहे और मुझे बताया गया कि पिछले साल की तुलना में 3 गुना ज्यादा हैं। आप सभी मेरे सभी दोस्तों को इन खेलों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। अभी मुझे खो-खो देखने का अवसर मिला। हमारी बेटियां चतुराई के साथ और टीम भावना के साथ पूरी तरह खेल रही थी। मुझे भी खो-खो के खेल का आनंद प्राप्त करने का अवसर देने के लिए बहन सभी बेटियों को बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं। जिला स्तर पर 18 से 28 जनवरी तक खेल महाकुंभ चलेगा। इसमें क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मीटर की दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, लॉन्ग जंप, हाई जंप, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम बोर्ड, ताइक्वांडो सहित 22 प्रकार के खेल होंगे।

**संबोधन**

### पीएम बोले- देश की युवा शक्ति को होगा लाभ

# दिल्ली के एलजी को मिलीं नई शक्तियां

### गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** बीते साल के आखिर में हुए एमसीडी चुनाव के नतीजे आने के बाद से दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच विवाद बढ़ गया है। इस बीच, राष्ट्रपति मुर्मू ने औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति संहिता, 2020 के तहत दिल्ली एलजी, वीके सक्सेना को दो नई शक्तियां दी हैं। राष्ट्रपति ने यह शक्तियां इसलिए दी हैं, ताकि केवल दिल्ली के एनसीटी के उन क्षेत्रों में नियम तैयार किए जा सकें जहां इसकी आवश्यकता है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा अधिसूचनाओं के मुताबिक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव, चंडीगढ़, पुडुचेरी और लक्षद्वीप सहित पांच अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों और उपराज्यपालों को भी राष्ट्रपति द्वारा समान शक्तियां प्रदान की गई हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया है कि 'यह निर्देश दिया जाता है कि दिल्ली एलजी अगले आदेश तक इन नियमों के तहत इन शक्तियों का प्रयोग करेंगे और उपयुक्त सरकार या राज्य सरकार के कार्यों का निर्वहन करेंगे।

# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 22 जनवरी को

**लखनऊ।** भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 22 जनवरी को राजधानी में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के कार्यकाल की यह पहली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक होगी। इसमें योगी सरकार के समर्थन में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर संगठन की कार्ययोजना भी पेश की जाएगी। कार्यकारिणी की बैठक को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संबोधित करेंगे। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा की नई टीम के गठन की कवायद भी शुरू होगी। नई टीम का गठन फरवरी तक हो सकता है। वहीं पार्टी के नए प्रदेश प्रभारी की घोषणा भी जनवरी के अंत हो सकती है।

# हनी ट्रैप में फंसाकर साड़ी कारोबारी की हत्या

## अपहरण वाले दिन ही कर दी थी हत्या, शव को चुनार पुल से नीचे फेंका

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साड़ी कारोबारी महमूद आलम की हनी ट्रैप में फंसाकर गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को मीरजापुर चुनार पुल से गंगा में फेंक दिया गया था। वह उसी महिला के बुलावे पर गया था, जिसने उसे ललचाया था, और उसका अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने महमूद आलम से 20 लाख की डिमांड की थी और सौदा आठ लाख में तय हुआ। लेकिन पैसा नहीं मिलता देख अपहरणकर्ताओं ने उसकी हत्या कर दी।

हत्या से पहले रामनगर और बाबतपुर स्थिए एटीएम से 1.90 लाख की निकासी की गयी। हत्या में शामिल पांच लोगों को भेलूपुर पुलिस, एसओजी, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस की टीम ने दबोचा। मुख्य अभियुक्तों की पहचान अनुराग पांडेय उर्फ अन्नू, अंजली पांडेय उर्फ दिव्या, प्रवीण कुमार चौहान के तौर पर हुई जबकि दो अन्य की अतुल कुमार और राहुल अग्रहरि के तौर हुई। इन दोनों पर आरोप है कि इनकी दुकान से हत्यारों को कुछ पैसे के लालच में फर्जी आईडी पर सिम उपलब्ध कराया गया था। अभियुक्तों के पास से एटीएम से निकासी के पैसे, एसयूवी वाहन, घड़ी पासपोर्ट, पैन कार्ड, ब्लैंक चेक बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में सभी को जेल भेजा गया। एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को मामले का पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने गुनाह कबूल कर बताया कि निजी बैंक का एजेंट बनकर महिला ने कारोबारी को अपने जाल में फंसाया और बीएचयू बुलाया। विश्वनाथ मंदिर के पास से कारोबारी को एसयूवी में बैठाया गया। महिला अंजली पांडेय महमूद आलम के साथ उसके बगल में बैठी। कुछ दूर जाने के बाद अंजली का पति वाहन में सवार हुआ। इसके बाद कारोबारी को कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिलायी गयी और झांसे में लेकर शहर के बाहर निकले। उससे 20 लाख की डिमांड की गयी, सौदा आठ लाख में तय हुआ, लेकिन पैसा नहीं मिलता देख उसकी हत्या तीनों ने कर दी। 14 जनवरी को कारोबारी का अपहरण हुआ था, इस मामले में उसके बेटे ने रात दस बजे भेलूपुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

**पर्दाफाश**

### डिमांड 20 लाख की, सौदा तय हुआ आठ में फिर भी नहीं बची जान

### निजी बीमा कंपनी की एंजेट महिला उसका पति और साथी समेत पांच गिरफ्तार

# जेलों में बंद माफिया की हरकत पर होगी पैनी नजर

## प्रदेश की 30 जेलों में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और उनके 'अपग्रेडेशन' का होगा काम

**लखनऊ।** यूपी में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने में लगी योगी सरकार लगातार अपराधियों और माफियाओं पर नकेल कस रही है। माफियाओं को एक-एक कर जेल में डाला जा रहा है। जेल में भी इनकी हुकुमत न चले और इनकी पल-पल की हरकतों पर नजर रखने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

प्रदेश की 30 जेलों में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और उनके 'अपग्रेडेशन' का काम होगा। कई जेलों में यह काम अंतिम दौर में भी है। इसके लिए योगी सरकार ने गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। डीजी जेल के मुताबिक यह कार्य फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे इन जेलों में निरुद्ध माफिया और दुर्दांत अपराधियों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जेल विभाग की ओर से पिछले साल इस संबंध में एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए गृह विभाग को करीब 9.76 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया था। अब दूसरे चरण में 20 अन्य जेलों में सीसीटीवी की बढ़ोतरी और पुराने कैमरे बदलने के लिए बजट जारी किया गया है। विभाग ने जेम पोर्टल पर बिड की कार्रवाई शुरू कर दी है, जो अप्रैल तक पूरी हो जाएगी। डीजी जेल आनंद कुमार ने बताया कि प्रदेश की जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें सर्विलांस से जोड़ने काम युद्धस्तर पर चल रहा है। कुल 30 जेलों में 933 सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं. जिसमें से 670 नए सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जबकि शेष खराब हो चुके कैमरे बदले जा रहे हैं। सबसे अधिक 46 कैमरे जिला जेल आगरा में लगाए गए हैं। इन सभी कैमरों को जेल मुख्यालय से सीधे जोड़ दिया गया है ताकि मुख्यालय में संचालित कमांड सेंटर में वीडियो वाल के माध्यम से जेलों की सीधी निगरानी 24 घंटे हो सके। जिन जेलों में कैमरे बदले जा रहे हैं उनमें संवेदनशील बांदा जेल भी शामिल है. जहां माफिया मुख्तार अंसारी बंद है।

केंद्रीय जेल आगरा, बरेली, फतेहगढ़, नैनी व वाराणसी में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही जिला जेल आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, सुल्तानपुर, कानपुर, कानपुर देहात, बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, इटावा, गाजीपुर, मिर्जापुर, फैजाबाद, बाराबंकी, कन्नौज, आजमगढ़, सीतापुर, चित्रकूट, गोरखपुर, मुरादाबाद, उन्नाव, बांदा और प्रतापगढ़ में नए सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जबकि खराब सीसीटीवी को बदला जा रहा है।

**सीएम योगी का फैसला**

### योगी सरकार ने गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी



# पीएम करेंगे कर्नाटक में 10,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

**बेंगलुरु।** पीएम मोदी बृहस्पतिवार को कर्नाटक के यादगिर और कलबुर्गी जिलों का दौरा करेंगे तथा वह इस दौरान 10,800 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कर्नाटक में मोदी का इस महीने इस प्रकार का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले वह राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन के लिए हुब्बल्लि आए थे और उन्होंने इस दौरान एक रोड शो भी किया था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार पीएम दोपहर करीब 12 बजे यादगिर जिले के कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे व उनका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न करीब सवा दो बजे कलबुर्गी जिले के मालखेड पहुंचेंगे, जहां वह हाल में घोषित राजस्व गांवों के पात्र लाभार्थियों को मालिकाना हक वितरित करेंगे।

# प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक मदद

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार 15 जनवरी को पड़ोसी देश नेपाल के पोखरा हुई विमान दुर्घटना में मारे गए गाजीपुर जिले के चार लोगों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अपनी घोषणा में कहा है कि मृतक पार्थिव शरीर को जिले में लेकर आने तक का सारा खर्च उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा वहन किया जाएगा।

इसके साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि नेपाल के पोखरा में रविवार को हुए विमान हादसे में सवार 72 यात्रियों में से 68 की मौत हो चुकी है। मृतकों में पांच भारतीय भी शामिल थे। चार यात्रियों की तलाश अब भी जारी है। यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार सुबह 10:33 बजे उड़ान भरी और उतरने से कुछ मिनट पहले पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**पहल**

### पार्थिव शरीर को लेकर आने तक का सारा खर्च यूपी सरकार के द्वारा वहन किया जाएगा

# आप विधायक ने सदन में दिखाई नोटों की गड्डियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मोहिंदर गोयल ने सदन में रिश्वत में मिली नोटों की गड्डी दिखाई। विधायक ने पूरा मामले बताते हुए कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में नर्सिंग समेत कई पदों पर भर्ती के लिए टेंडर निकला है। इसमें बड़े स्तर पर पैसों की उगाही होती है। आप विधायक ने कहा कि सरकार का क्लौज है कि 80 फीसदी पुराने कर्मचारियों को रखना है, लेकिन ऐसा नहीं होता। इसमें बड़े स्तर पर उगाही होती है। नौकरी हो जाने के बाद भी कर्मचारियों को पूरे पैसे नहीं मिलते। ठेकेदार उनमें से बहुत पैसे खुद ले लेते हैं। कर्मचारी इस मामले को लेकर अस्पताल में स्ट्राइक पर बैठे, वहां उनके साथ मारपीट हुई। मोहिंदर गोयल के मुताबिक, उन्होंने इसकी शिकायत डीसीपी, मुख्य सचिव और उपराज्यपाल तक से की थी। उन्होंने मुझसे सेटिंग की कोशिश की कि विधायक को भी मिला लें। दिल्ली विधानसभा के अंदर हंगामे को लेकर बीजेपी के चार विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया है।

# किसानों का 26 को बड़ी रैली का ऐलान

## हरियाणा के जींद में होगी किसानों की बड़ी रैली, किसान बढ़ाएंगे सरकार की परेशानी

**फरीदाबाद।** किसानों द्वारा तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ अपना आंदोलन वापस लेने के एक साल के बाद, किसान निकायों ने 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा के जींद में एक मेगा रैली की योजना बनाई है। इस रैली में हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के किसानों के भाग लेने की उम्मीद है।

पंजाब और हरियाणा में जमीनी स्तर पर संगठनात्मक संरचना देने के लिए किसान निकायों ने कई ग्राम-स्तरीय इकाइयों का गठन किया है। हिसार के किसान नेता सुरेश कोठ का कहना है, किसानों ने एक बड़े आंदोलन को शुरू करने के लिए एक मजबूत संगठन के महत्व को महसूस किया है। हमारे आंदोलन के बाद 1 दिसंबर, 2021 को रद्द किए गए कानूनों के जैसे ही दूसरे कानूनों को फिर से लाने का प्रयास किया गया था।

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ साल भर चले आंदोलन के दौरान भी हरियाणा का जींद किसानों की प्रभावशाली भागीदारी के साथ आंदोलन के एक केंद्र के रूप में उभरा था। उसकी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जींद हरियाणा में रैलियों के लिए एक आदर्श स्थान है। इसके अलावा, पंजाब से इसकी निकटता भी आयोजकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। रैली का आयोजन खेती से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के लिए किया जाएगा। फसलों के टरढ (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। सूत्रों का कहना है कि किसान यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को हटाने की भी मांग कर सकते हैं। जींद रैली में किसानों की ट्रैक्टर परेड भी निकाली जाएगी।

संयुक्त किसान मोर्चा 26 जनवरी को हरियाणा के जींद में एक किसान महापंचायत का आयोजन करेगा। किसान 26 जनवरी को देशभर में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन करेंगे। राकेश टिकैत ने बताया था कि 26 जनवरी को हरियाणा के जींद में किसानों ने बड़ी रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश तक के किसान शामिल होंगे। वहीं बाकी राज्यों के प्रत्येक जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। जींद के एक किसान नेता आजाद पलवा ने कहा कि दिसंबर 2021 में तीन कानूनों के खिलाफ अपना आंदोलन समाप्त करने के बाद 26 जनवरी की रैली हरियाणा में किसानों की सबसे बड़ी घटना होगी। रैली से पहले, गांवों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

**तैयारी**

### संयुक्त किसान मोर्चा की किसान महापंचायत



## संक्षेप

### दुर्घटना में घायल अधिवक्ता की इलाज के दौरान मौत पर मुकदमा

**माण्डा।** मांडा थाना क्षेत्र के चकडीहा निवासी बालकृष्ण पांडे (46) जोकि प्रयागराज उच्च न्यायालय में अधिवक्ता थे जिसकी आंधी गांव के पास प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग पर 31 जनवरी शनिवार दोपहर को घर से बाइक चलाकर शहर लौट रहे थे इसी दौरान अज्ञात तेज गति से डंपर ने टक्कर मारते हुए फरार हो गई। हादसे में वह गंभीर अवस्था में थे जिसको शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी इलाज के दौरान 5 जनवरी गुरुवार को मौत हो गई थी। जिसमें? अधिवक्ता के पुत्र रमन? पाण्डेय ने तहरीर दी थी जिसपर मांडा थाना ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है जिसमें जांच जारी है।

# विधवा की जमीन को जालसाजों ने दूसरी महिला खड़ी कर फर्जी ढंग से कराया बैनामा

**जालसाजी**

**दस बीघा की कीमत दस लाख रजिस्ट्रार की भूमिका संदिग्ध**

**आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जालसाजों एंव भू माफियाओं का हौसला घटने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। एक विधवा वृद्धा की 21 बीघा जमीन को फ्राडियों ने दूसरी महिला खड़ी करा कर आधा दर्जन जालसाजों ने अपने नाम बैनामा करा लिया। आश्चर्य की बात यह है कि दस बीघा जमीन को दस लाख में दर्शाया गया है। रजिस्ट्रार की चुप्पी संदेह के घेरे में है। वृध्दा के रिश्तेदारों को पता चला तो वह नकल निकाल लिए। जिस पर जालसाजों ने चौदह लाख विधवा वृद्धा के खाते में भेज दिया। विधवा ने आधा दर्जन के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा सोरांव थाने में दर्ज कराया है। बावजूद इसके आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंड़ा निवासनीय मुकुरमुन निशां उर्फ मुकीमुन निशां पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद अय्यूब एक 74 वर्षीय वृध्द महिला है वह निःसंतान हैं। मुकीमुन निशां का कहना है कि उसके नाम ग्राम महरौंड़ा, सुलेमपुर, जोगीपुर में 21 बीघा जमीन है। आरोप है कि जालसाजों ने उसकी फोटो कहीं से हासिल कर रजिस्ट्रार से मिल कर आधा दर्जन फ्राडियों ने अपने नाम दूसरी महिला खड़ा करा कर बैनामा करा लिए। रिश्तेदारों को पता चलने पर वह नकल निकाल लिए तो दो जालसाजों ने अलग-अलग विधवा के खाते में 22 अगस्त 2022 को एक ने छह लाख दूसरे ने आठ लाख रुपए खाते में डाल दिए। आश्चर्य का विषय है कि दस बीघा जमीन को महज दस लाख में दर्शाया गया है। यही नहीं विशेषज्ञों की टीम ने अंगूठा का निशान मिलान कराया तो कहीं से भी मेल नहीं खाया। विधवा मुकुरमुन निशां उर्फ मुकीममुन निशां ने सोरांव थाने में मऊआइमा के ग्राम विशम्भरपुर निवासी मोहम्मद मकबूल पुत्र हामिद अली, गुड्डु कुमार यादव पुत्र राम मूर्ति यादव और आशीष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गण राजापुर चौबारा होलागढ़, शिवम धूलिया पुत्र दयाशंकर एल 192 हिंडाल्को कालोनी सोनभद्र, शिवकुमार पुत्र रामनरेश शुकुलाना चमरौटी फूलपुर एंव अजय कुमार पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा 22 दिसम्बर को दर्ज करा दी है। आज तक इस भू माफिया गिरोह को सोरांव पुलिस नहीं पकड़ सकी है।

## नालियों में भरी गंदगी, गांव नही आते सफाईकर्मी

**रत्यौरा मोड़।** पंचायतीराज विभाग ने राजस्व ग्राम स्तर पर सफाई कर्मचारियों की तैनाती की है हर माह इन्हें मोटी तनख्वाह मिलती है लेकिन गांव में सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है जो बीमारी का सबब बन रही है। सरकार पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सरकार साफ सफाई पर विशेष जोर दे रही है गांव पंचायतों मे सफाईकर्मी की तैनाती की गई है लेकिन तैनात किए गए अधिकतर सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही तरीके से नही कर रहे है इसकी वजह से गांव की गलियों और नालियों मे गंदगी का अंबार है नालियां चोक होने की वजह से रास्ते में जलभराव की समस्या है विकास खंड कोराव की ग्राम पंचायत कहली में सड़क के दोनो ओर नालियों में गंदगी भरी है शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है इससे न सिर्फ राह चलना दूभर हो गया है बल्कि बीमारी भी घेर रही है लोगो ने नियमित सफाई की मांग की है बडोखर मार्ग पर बड़ोखरा नालियों मे गंदगी भरी है।

## डीजीएस परिवार की ओर से रामनगर में बांटा गया जरूरतमंदों में कम्बल



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते डीजीएस परिवार

**मेजा।** डीजीएस परिवार सोनाभवन कुअँर पट्टी उरुवा, मेजा के इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया जनसेवक द्वारा इस कड़ाके की ठंढ में जरूरतमंदों, असहायों, गरीबों में चलाए जा रहे कम्बल वितरण अभियान के क्रम में बुधबार को रामनगर में कम्बल वितरित किया गया। गौरतलब हो कि राजू भैया द्वारा पूरे विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष एक अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया जाता है । इसी कड़ी में बुधवार को रामनगर में सैकडों लोगों में कम्बल वितरित किया गया । कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

राजू भैया ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि इस कड़ाके की ठंढ में कोई भी व्यक्ति बगैर कपड़े के ठिठुरे न आराम से सोए। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष संजय केसरी, शंकर लाल केसरी, दयाशंकर उपाध्याय, अनुज मिश्रा, लल्ला हरिजन प्रकाश, राजाराम यादव, हबीब अली, ओप मिश्रा रहे।

## भाजपा सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या : पंकज तिवारी

**मेजा।** भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है उक्त बातें वित्त विहीन शिक्षक नेता पंकज तिवारी ने कहा उन्होंने कहा कि वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षकों की आवाज बने इलाहाबाद झाँसी निर्वाचन क्षेत्र के (एमएलसी) चुनाँव में प्रत्यासी अशोक राठौर पर और उनके परिवार और रिश्तेदारों पर सरकार अनायास दबाव बना रही है,जो लोकतंत्र की हत्या है जब कि भारत देश लोक तांत्रिक है चुनाव लड़ना सबका अधिकार है। पंकज तिवारी ने कहा मैं इस तानाशाह सरकार को बताना चाहूँगा कि जो सरकार शिक्षक के हित की नहीं सोचती वह ज्यादा दिनों की मेहमान नहीं है क्योंकि शिक्षक देश के भविष्य का निमार्ता होता है प्रलय और पोषण दोनों उसकी गोद मैं खेलते है और इस तानाशाही का अंत निश्चित और नजदीकी है और इस चुनावी समर में,मैं और मेरा पूरा संगठन अशोक कुमार राठौर के लिए समर्पित है और अब साँस तभी ली जायेगी जब विजय पताका सदन में फहरा दी जाएगी । पंकज तिवारी ने सभी वित्त विहीन शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों से अपील किया कि अपने आने वाले कल को पहचान कर अशोक कुमार राठौर का साथ दें और उन्हें सदन पहुंचाने का कार्य करें।

## गंदगी से जीना मुहाल, आक्रोश



**नैनी।** वार्ड नंबर 47अरैल देवरख में नालियां जाम होने के कारण लगे गंदगी के अंबार के चलते ग्रामवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कई महीनों से देवरख में साफ-सफाई व नाली की सफाई नहीं हो रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है तत्काल देवरख में साफ सफाई कराने की मांग करते हुए उच्च अधिकारियों से अपील किया कि 24 घंटे के अंदर पूरे क्षेत्र के साफ-सफाई की जाए।

## ट्रांसफार्मर जलने की कई बार हुई शिकायत, मूक बने विभागीय अधिकारी

**रत्यौरा मोड़।** विकास खंड कोरांव के गजनी बडोखरा गांव मे हफ्तों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे मे रहना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि बीते 8 जनवरी से उक्त गांव में लगा 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल गया जिसकी शिकायत 1912 पर शिकायत करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी एसडीओ व जेई से की गई किंतु आज तक कोई सुनवाई नही हो सकी उक्त गांव में हफ्तों से बिजली न होने के कारण लोगों को तो समस्याएं हो ही रही है साथ में कुछ दिन शेष बचे हाईस्कूल एंव की बोर्ड परीक्षा की तैयारी करना भी परीक्षार्थियों के लिए काफी कठिनाइयां साबित हो रही है अंधेरे मे महिला ओं व बच्चों को जहरीले जीव जंतु से लगातार भय बना रहता है बात करें सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की तो उनका सख्त निर्देश है कि किसी भी गांव का ट्रांसफॉर्मर जलने के उपरांत 72 घटें के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने का किया जाएगा किंतु जमीनी हकीकत यह है कि 72 घटें तो दूर महिनों बीत जाते है लेकिन न तो ट्रांसफार्मर लगाए जाते है और न ही स्थानीय विभागीय अधिकारी समस्या को संज्ञान में लेता दिखाई देता है।

### खाद की किल्लत से किसान परेशान

**कोहड़ार।** क्षेत्र के साधन सहकारी समिति कोहड़ार में खाद न मिलने से किसान नाराज है। समिति में खाद न होने के कारण प्राइवेट दुकानदार दुगने दाम पर खाद बेंच रहे है। जिससे विवस होका किसान ले रहे है। गौरतलब हो की डी०ए०पी० खाद की भी घोर किल्त थी। और यूरिया भी किसान को नहीं मिल पा रहीं है। किसान को बीज, खाद यही सब मिलना चाहिए। इन अव्यवस्थाओं से किसान मायूस रहते हैं। खाद आने से बड़े किसान 10 बोरी से ऊपर ले आते है। लेकिन छोटे किसान खाद नहीं पाते है ।

# इंसानियत और सच्चाई का रास्ता दखिाता है इस्लाम : रागिब मियां

**उर्स**

**मुल्क में अमन, भाईचारा की दुआओं संग उर्स करीमी का समापन**

**मोहम्मद साहब के मुऐ मुबारक की हुई ज्यारत, महफिले समां में झूमें जायरीन**





मेंडारा कस्बा में उर्स करीमी के समापन समारोह को खिताब करते सैयद रागिब बुखारी व उपस्थित अकीदतमंदों की भीड़

**लालगोपालगंज।** मंसूराबाद क्षेत्र के मेंडारा कस्बा में चल रहे तीन दिवसीय उर्स करीमी का समापन मुल्क में अमन और भाईचारा की दुआओं के साथ समापन किया गया। इससे पूर्व कुरआन ख्वानी, इस्लाम के आखरी नबी हजरत मोहम्मद साहब के मुऐ मुबारक की ज्यारत, महफिले समां, कुल शरीफ की फातेहा और लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर के अकीदतमंदों ने शिरकत किया।

उर्स करीमी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना सैयद रागिब मियां बुखारी अजहरी ने कहा कि लोगों को हमेशा दूसरों की भलाई करना चाहिये। इस्लाम धर्म इंसानियत और सच्चई की तालीम देता है। इससे पूर्व जोहर नमाज के बाद कुरआनख्वानी का एहतेमाम किया गया। तत्पश्चात हजरत मोहम्मर साहब के मुऐ मुबारक और बुजुगार्ने दीन के तबरूर्कात की ज्यारत कराई गई। इस दौरान नारे रिसालत के नारे गूंजते रहे। इसके बाद महफिले समां का आयोजन किया गया। कव्वालों द्वारा पढ़े गए सूफियाना कलाम को सुनकर जाएरीन झूमने लगे। करीब घंटेभर के बाद कुल की फातेहा पढ़ी गई। फातेहाख्वानी में सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत किया। इस दौरान मुल्क की सलामती आपासी भाईचारा और अमनचैन के लिए दुआएं की गई। दुआ के लिए हाथ उठाकर कार्यक्रम के संरक्षक पीरे तरीकत सैयद मंसूर मियां बुखारी ने बुलंद आवाज से दुआ मांगी। अध्यक्षता सैयद जुनैद मियां बुखारी ने किया। संचालन कारी इस्त्रार अहमद हश्तमी द्वारा किया गया। कारी फरहान करीमी ने कुरआन की तिलावत किया। शायरे इस्लाम जुनैद अशरफी, मौलाना समीर बहराइची, उस्मान प्रतापगढ़ी, हाफिज जाकिर हुसैन ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया। इस अवसर पर हलीमुद्दीन, शोएब, रजा हुसैन, मोहम्मद दानिश, शहंशाह फारूकी, अदील अहमद, इम्तियाज अहमद, जिया हुसैन, नूर अली, नजमी, अनस, राजू, मोबीन अहमद, मंसूर अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### सक्सेना सभा द्वारा शोक सभा आयोजित

**नैनी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष एवं कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह के चाचा चौ0 श्रीनाथ सिंह जी के निधन पर सक्सेना सभा द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्गीय चौ0 श्रीनाथ सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सक्सेना सभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि स्वर्गीय चौ0 श्रीनाथ सिंह सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहते थे जिसके कारण सभी वर्गों के लोग उनका बहुत सम्मान करते थे। उनके निधन से संपूर्ण समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। सचिव कौशल सक्सेना ने कहा स्वर्गीय चौ0 श्रीनाथ सिंह जी सदैव बच्चों को शिक्षित करने के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराते थे शिक्षाविद एवं छात्र छात्राएं उन्हें सदैव स्मरण रखेंगे। शोक सभा में अध्यक्ष प्रमोद कुमार, पीआरओ संजीव सक्सेना, मुन्ना सक्सेना, विपिन श्रीवास्तव, अंजनी सक्सेना आदि शामिल रहे।

# मऊआइमा के डॉ. ए.एच. फारूकी को वि.वि. से मिला प्रशंसा प्रमाणपत्र



सम्मानित होते डॉ. ए.एच. फारूकी

**मऊआइमा।** स्टैट यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में सन 1971 में शिक्षा ग्रहण के दौरान एफ एम बी एस से बी यू एम एस को काराने के लिए काफी संघर्ष किया था। जिसपर डाक्टर ए एच फारूकी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र एंव अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिससे मऊआइमा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

डाक्टर ए एच फारूकी मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना के मूल्य निवासी हैं। वह यूनानी स्टैट मेडिकल कालेज इलाहाबाद के छात्रों के अध्यक्ष रह चुके हैं। शिक्षा के दौरान एफ एम बी एस की शिक्षा के दौरान यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक को भी पढाने की मांग की तथा इस दौरान वह काफी संघर्ष किए। मांग पूरी होने के बाद यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक के प्रोफेसर आ कर शिक्षा देने लगे । जिससे उस समय यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक की छात्रों को जानकारी होने लगी। पूर्व में एफ एम बी एस की डिग्री बोर्ड द्वारा दी जाती थी। तथा जब यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक की शिक्षा ग्रहण करने लगे तो उन्हें आयूर्वेद, यूनानी ,एलोपैथीक का ज्ञान प्राप्त होने लगा तो एफ एम बी एस को खत्म कर बी यू एम एस ( बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) यानि विधि एंड मॉडनर्स मेडिसीन एंड सर्जरी की डिग्री इलाहाबाद विशवविद्यालय द्वार दिया जाने लगा। इसी उपलब्धि को देखते हुए गत दिनों विश्वविद्यालय के विभागीय सचिव डाक्टर रूहुल अमीन ने प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए और प्रोफेसर डाक्टर अनवर मोहसिन ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किए। डाक्टर ए एच फारूकी को मऊआइमा का नाम रोशन करने के लिए पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, डाक्टर नदीम इंतेखाब, नूर उद्दीन सैफी, मेराज आरिफ आदि ने बधाई दी है।



नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए

## इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने योजनाओं की दी जानकारी

**सहसों।** मनेथू गांव में नाबार्ड के विधि समावेश निधि के अंतर्गत इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक की शाखा फूलपुर बुधवार को आयोजित एक दिवसीय जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव शाखा फूलपुर के प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने किसानों तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ जरूर उठाएं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना के अलावा एटीएम कार्ड के प्रयोग से सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर शार्प सेवा समिति मिर्जापुर द्वारा कोऑर्डिनेटर नीतू चौबे तथा कृष्णा चौबे की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक से संबंधित विभिन्न जानकारियों की सजीव प्रस्तुति नाटक के माध्यम से करके लोगों को उपयोग, सुरक्षा तथा लाभ उठाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामकिशोर यादव तथा संचालन सचिव कमलेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कमलेश कुमार बिंद ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर अशोक चौधरी, राम नारायण प्रजापति, रामराज, भीम, लालजी गौतम, हरिश्चंद्र, कलुई देवी, उर्मिला देवी, तेजपाल यादव, बृजभान सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मनाई गई शंकराचार्य देवमुरारी की पुण्यतिथी



पाठक का पूरा गांव में शंकराचार्य देवमुरारी की पुंयतिथी के अवसर पर पुष्पांजली अर्पित करते स्वामी रामप्रसाद दास शास्त्री जी महाराज

**लालगोपालगंज।** भगवान श्रीराम की कर्म भूमि श्रृंगवेरपुर धाम ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंधियारी के पाठक का पूरा गांव में जन्मे जगतगुरू शंकराचार्य देवमुरारी की 525वीं पुंयतिथि विधि विधान से मनाई गई। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर संत स्वामी रामप्रसाद दास शास्त्री की उपस्थिति में देवमुरारी के चित्र पर माला व पुस्पांजली अर्पित कर आशीष मांगा। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ साधुसंत आदि लोग उपस्थित रहे।

बतौर मुख्य अतिथि रामप्रसाद दास शास्त्री जी महाराज ने बताया कि देव मुरारी जी का मठ पूरे देश में अनगिनत संख्याओं में संचालित है। कहा कि इस पाठक का पूरा गांव के एक गरीब परिवार में देवमुरारी छोटी सी उम्र में उम्र से तपस्या कर जगतगुरू शंकराचार्य की उपाधि प्राप्त किया। 109 की आयु तक सनातम धर्म की सेवा करते रहे। आगे बताया कि प्रयाग में जो बांध बनाया गया है वह बांध महाराज जी के ही द्वारा निर्मित किया गया था। विशिष्ट अतिथि गुजरात से पधारे संत स्वामी रामदास जी महाराज ने राम कथा का रसपान कराया। संचालन एडवोकेट कुलदीप नारायण त्रिपाठी द्वारा किया गया। जबकि अतिथियों का आभार राम विश्राम धाम श्रृंगवेरपुर धाम के उतराधिकारी जानकीदास जी महाराज ने संतमहात्माओं एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट अटल तिवारी, ब्रह्मलाल पाठक, रामेश्वर पाठक, बबलू पाठक, अविनाश पाठक, राजू पाठक, जगमोहन पांडेय, लालचंद तिवारी आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि पूर्व रजिस्ट्री दस्तावेज जो कि आशा देवी पत्नी स्व0 हनुमान प्रसाद पटवा, मौजा- छिवकी, परगना-अरैल करछना, जनपद प्रयागराज के नाम से है। आराजी 50/1 का सम्पूर्ण अंश क्षेत्रफल 47.88 वर्गमीटर वही सं0 1, जिल्द सं0 801, पेज नं0 221 से 240 सीरियल नं0 2507 दिनांक (31-3-2006) को उपबिन्धक कार्यालय करछना में दर्ज है। वह वास्तव में कहीं खो गया है बहुत खोजने पर भी प्राप्त नही हुआ। इस सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो आई0सी0आई0सी0आई0 प्रयागराज बैंक होम लोन अधिकारी नवीन निगम 8427878440 एवं बैंक के वकील रामभगत दुबे 8765217105 से सम्पर्क करें व आपत्ति दर्ज करायें।

**अंकुर जैन, पता-665 एफ, चक रघुनाथ नैनी, प्रयागराज। मो0: 9335104429**

## पंचकोशी परिक्रमा में पहुंचे संत पड़िला के पाण्डेश्वर नाथ धाम



साधु संतों के साथ संत हरि गिरि महाराज व उपजिलाधिकारी

**थरवई।** प्रयागराज पंचकोषी परिक्रमा के तहत जूना अखाड़ा परिषद प्रयागराज के प्रमुख संत हरि गिरि महाराज बड़ी संख्या में साधु संतों के साथ पांडेश्वर नाथ धाम के पड़िला मंदिर पहुंचकर विधिवत भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करके जगत कल्याण की कामना की। साथ ही बाबा बैजनाथ मंदिर निकट बने पक्के तालाब को लेकर वाताएँ करते हुए वहां के सौंदर्यीकरण के लिए भी कहा गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोरांव डॉ कंचन व ग्राम प्रधान महेन्द्र गिरि संदीप गिरि, राजेश गिरि, बिंदु गुप्ता आदि कई लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक विधायक के चुनाव में विधायक ने संभाली कमान

**लालगोपालगंज।** शिक्षक विधायक के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल त्रिपाठी को जीत दिलाने के लिए फाफामऊ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य ने कमान संभाली है। स्कूल कॉलेजों में बैठकें कर शिक्षक मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील किया।

बुधवार को विधायक गुरू प्रसाद मौर्य की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं का काफिला लालगोपालगंज स्थित फौजी कॉन्वेंट स्कूल पहुंचा। जहां दर्जनों शिक्षकों और स्कूल प्रबंधको व प्रधानाचार्यों के साथ बैठक किया। भाजपा द्वारा चलाई जा रही शिक्षा से संबंधित नीतियों को साझा करते हुए शिक्षक विधायक प्रत्याशी बाबूलाल त्रिपाठी के पक्ष में वोट करने की अपील किया। इसी प्रकार कस्बा के चैनी का पूरा स्थित सुमेरा देवी पटेल इंटर कॉलेज में भी बैठक कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगा। बता दें कि चुनाव घोषित होने के बाद से ही फाफामऊ विधायक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल कॉलेजों के प्रबंध समितियों और प्रधानाचार्यों से संपर्क के पाटी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। लालगोपालगंज के बैठक में उमेश शुक्ल उर्फ चंदन, ब्लॉक प्रमुख कौड़िहार राकेश यादव, पूर्व विधायक तुलसीराम सरोज, अटल त्रिपाठी, जगदीश पटेल, सुरेंद्र मिश्र, राजेन्द्र अग्रवाल, डॉ. फुजैल अहमद, राकेश केसरवानी, शकील फारूकी, अशरफ फारूकी असफी अंसारी, एजाज उल्ला आदि लोग उपस्थित रहे।



शिक्षक विधायक प्रत्याशी बाबूलाल त्रिपाठी के पक्ष में बैठक कर वोट मांगते विधायक व अन्य

### वारंटी हुआ गिरफ्तार

**थरवई।** बुधवार को थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एक वारंटी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र राम कैलाश यादव निवासी चकिया बहमलपुर थाना थरवई जो माननीय न्यायालय के धारा 279 / 337 / 304 ए भादंवि से सम्बंधित वारंटी को उसके घर चकिया बहमलपुर से अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

उत्तर मध्य रेलवे G20

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 23/05 दिनांक: 17.01.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई. एस. ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 30234238 | [illegible] | 180 नग | 09.02.2023 |
| 2. | 30231961 | डर्ट कलेक्टर असेंबली फॉर एयर ब्रेक | 2600 नग | 14.02.2023 |
| 3. | 64239003 | मैकेनिकल तथा हाइड्रोलिक जैक [illegible] | 110 नग | 09.02.2023 |
| 4. | 64239006 | कैरियर | 489 नग | 14.02.2023 |
| 5. | 64235009 | [illegible] | 3030 नग | 13.02.2023 |

नोट: उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

85/23 (ADM)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



कार्यक्रम में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते उमरे महाप्रबंधक

# प्रयागराज

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 22.00 |
| न्यूनतम : | 9.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## संक्षेप

### पंचम दिन श्रीकृष्ण बाल लीला का हुआ वर्णन

**नैनी।** पंचम दिवस की कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं जिसमें माखन चोरी, गो चारण लीला, कालिया नाग का नाथन, एवं गोवर्धन पर्वत को उठा कर के भगवान ने बृज वासियों की रक्षा कर एवं इंद्र का अभिमान चूर किया जिसमें सुश्री प्रियांशी किशोरी जी ने कहा है कि हमें वनों एवं पहाड़ों की रक्षा करना चाहिए यह संदेश हमें भगवान की लीलाओं से मिलता है।

# हमें अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए : उमरे महाप्रबंधक

**प्रयरागराज।** सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में लेखा विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में लेखा विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है और हम सब की मातृभाषा हिंदी है, अतः हमें पूरी कर्तव्यभावना और प्रतिबद्धता के साथ अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में हमारी रेलवे अग्रणी भूमिका निभाकर और सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन कर नई उपलब्धियाँ हासिल कर सके। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने लेखा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और विभाग के कर्मचारियों के लिए दस हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की।



लेखा विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते उमरे महाप्रबंधक

इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार लेखा विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान वित्त सलाहकार योगेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा हिंदी में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, सचिव/महाप्रबंधक अजय सिंह, विसमुलेधि/वित्त एवं बजट हमीम अहमद, विसमुलेधि/ डब्ल्यूएसटी आदित्य जोशी, विसमुलेधि/ निर्माण चंदन वर्मा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा उप विसमुलेधि/ सामान्य श्रीमती गरिमा त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजभाषा तथा लेखा विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## माघ मेला में संगम तट पर एनडीआरएफ कि टीमें मुस्तैदी से तैनात



**प्रयागराज।** आपदा जोखिम और नियुनीकरण हेतु कमान्डेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें निरीक्षक इंद्रदेव कुमार और निरीक्षक दीपक मंडल के नेतृत्व मे निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक चंदन सिंह, उप निरीक्षक प्रेम सिंह, सहायक उप निरीक्षक ब्रजेश पांडेय, इंद्रजीत यादव, रतन मौर्या, मनवीर सिंह, मुख्य आरक्षी के के पांडेय, मनीष आदि की माघ मेला प्रयाग राज में तैनात की गयी हैं।

कड़ाके की ठंड मे भी एन डी आर एफ के जवान 24 घंटे संगम तट पर सक्रिय नजर हैं। माघ मेला प्रयाग राज मे स्नान पर्व को सकुशल/सौहार्द पूर्ण वातावरण मे संपन कराने हेतु 11 वी बटालियन एन डी आर एफ की टीमे शास्त्री घाट, वी आई पी घाट से लेकर संगम तक, वी आई पी घाट,पीपा पुल नंबर दो और अरैल घाट क्षेत्र पर मुस्तैदी से तैनात हैं। संगम तट के किनारे स्नान से पूर्व एन डी आर एफ की टीमे तैनात रहती है और स्नान शुरू होते ही टीमे सक्रिय हों जाती हैं और जरूरी उपकरणों लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप ड्रिवर सेट आदि के साथ मोटर वोट से संगम तट के किनारे भ्रमण करती रहती है और स्नान पर्व को सौहार्द पूर्ण संपन करा रही हैं।

## संक्षेप

### करोड़ों लोगों में भगवान की चरण की भक्ति एक ही भक्त मांगता है : स्वामी प्रभाकर जी महाराज



प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र में पूल नंबर दो अन्नपूर्णा मार्ग पर स्थित गायत्री चैरिटेबल संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज के मुखारविंद से त्रिवेणी के तट पर श्रद्धालु गण तथा भक्त भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। बुधवार को भागवत कथा की शुरूआत स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने संकीर्तन से किया। जय गोपाल राधे कृष्ण गोविंद गोविंद तथा कृष्णा गोविंद गोविंद गोपाला मुरली मनोहर नंदलाला के भजन पर साधकों की करतल ध्वनियों से पंडाल गुंजायमान हो उठा सभी भक्त गण भक्ति रस में डूब गए तथा पहली पंक्ति भजन का स्वामी जी बोल रहे थे इसके पश्चात भक्तगण मानव ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जीवन का सारा सुख इसी में समाहित है भक्तजनों के चेहरे पर अध्यात्म की खुशियां साफ-साफ झलक रही थी। संकीर्तन के पश्चात भागवत कथा का शुरू हुआ जिसमें महाभारत काल में परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने कुंती को भगवान का असली भक्त बताते हुए कहा कि भगवान से कुंती ने भक्ति का वरदान मांगा था। कृष्ण पर कुंती का अटूट विश्वास था इसका जीता जागता उदाहरण देखने को भी मिला श्री कृष्ण हर वक्त शुरू से लेकर अंत तक अपने भक्तों की रक्षा करते रहे ।इस दौरान स्वामी जी ने बताया जैसे ही कुंती को पता चला की श्री कृष्ण अपने धाम को पधार गए हैं। उसी वक्त कुंती भी अपने शरीर का त्याग कर दिया। करोड़ों भक्तों में भगवान की भक्ति भगवान के चरण की भक्ति एक ही भक्त मांगता है उसका तो जीवन सफल होता ही है वह मोक्ष को प्राप्त होता है ।साथ ही अपने कुल में जन्मे लोगों का भी उद्धार करता है। भगवान अपने भक्तों को जन्म मरण के बंधन से मुक्त कर देते हैं।

### लालगोपालगंज के ढ़ाबों व रेस्टोरेंट में चला स्वच्छता अभियान



**लालगोपालगंज।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कस्बा में संचालित रेस्टोरेंट और ढ़ाबों पर स्वच्छता अभिया चलाया गया। प्रतिष्ठान संचालकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। कहा गया कि प्रतिष्ठानों से निकलने वाले दोना-पत्तल और पॉलीथिन को अलग-अलग सूखे और गीले कूड़ेदान के अनुसार डालें। कूड़े कचरे को सड़क पर कदापि न फेकें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए प्रतिष्ठानों सफाई कर्मचारी विसिल बजाते पहुंचेंगे। उन्हें कूड़ा उपलब्ध करा दें, ताकि एमआरएफ सेंटर में कचरे का निस्तारण कराया जा सके। अधिशाी अधिकारी संतोष वर्मा ने बताया कि शासन के निदेर्शों का पालन करते हुए समय समय पर अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया जाता है। स्वच्छ विरासत के अंतर्गत नगर क्षेत्र की धरोहर को अधिग्रहण कर उसमें साफ सफाई का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से आहवान् किया है कि सड़क पर अथवा गली मोहल्लों में खुले स्थान पर कचरा न फेंके। ऐसा करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### असम में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या पर जताया रोष, सौंपा ज्ञापन



**बारा।** बुधवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकताओं ने हत्या के विरोध में प्रदर्शनकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने कहा, असम में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। इस प्रकरण में स्थानीय विहिप व बजरंग दल कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय और एसीपी संतलाल सरोज को ज्ञापन सौंपा। विहिप पदाधिकारियों ने तहसीलदार को प्रेषित ज्ञापन में कहा, आठ जनवरी को असम के करीमगंज जिले के लोवीरपुरा में बजरंग दल के कार्यकर्ता शंभू कैरी की एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पिछले दो वर्ष में बजरंग दल के नौ कार्यकताओं की हत्या और 32 कार्यकताओं पर हमले हुए हैं। इस मामले में केंद्र सरकार कठोर कार्यवाही करे। ज्ञापन सौंपने वालों में चंद्र निधान पांडेय, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद प्रयागराज मनोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष विहिप आशीष द्विवेदी, जिला सह मंत्री सुशील सिंह, जिला संयोजक शुभम पांडेय, जिला सहसंयोजक गोरक्षा प्रकोष्ठ धर्मेंद्र, जिला समरसता प्रमुख प्रमोद, प्रखंड अध्यक्ष नारीबारी शुभम देवी, दयाल पाल, शशांक पांडेय, अश्वनी पांडेय, सुंदरलाल आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन की बैठक सम्पन्न



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

### डीएम ने कोर्ट में लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री बुधवार को संगम सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों को कोर्ट में लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कहा कि मामलों के निस्तारण हेतु जो भी विधिक कार्रवाई की जानी आवश्यक होती है, उसे समयान्तर्गत पूरी करते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ड्रोन के माध्यम से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

**तैयारी**

### बिना अनुमति मेला क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना पड़ेगा महंगा ड्रोन होगा जब्त

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियो की सुरझा के लिए मेला पुलिस मेला क्षेत्र में नभ-जल-थल तीनो सजग प्रहरियो के साथ चप्पे चप्पे पर संदिग्ध व्यक्तियो पर सतर्क दृष्टि बनाएं हुए है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा IPS व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र IPS के द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में ड्यूटी हेतु लगे ड्रोन पायलटों से मेला पुलिस लाइंस के मान सरोवर सभागार में ब्रीफिंग की गई और ड्रोन पायलटों को निर्देशित किया गया कि अनाधिकृत रूप से मेला क्षेत्र में आने वाले ड्रोन व संदिग्ध व्यक्तियो पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखे।



ड्रोन पायलटों को निर्देश देते पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियो से विन्रम आग्रह है कि मा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मेला क्षेत्र में बने स्नान घाटों व महत्वपूर्ण स्थानों में बिना अनुमति वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी व ड्रोन के माध्यम वीडियो/फोटो बनाना व खींचना प्रतिबंधित है बिना अनुमति मेला क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से वीडियो व फोटोग्राफी करने पर ड्रोन को मेला पुलिस के द्वारा जब्त किया जाएगा जिसके सम्बंध में सभी थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

## जरजर पुलिया पर फर्राटे भर रही ओवर लोड ट्रकें



**लालापुर।** क्षेत्र के प्रधानमंत्री सड़क घूरपुर से प्रतापपुर के बीच मौजा गोइसरा सरसी नदी की पुलिया अपनी अवधि समाप्त कर चुकी है। जिस पर पांच फिट का सड़क के बीचों बीच टूटकर गड्ढा हो गया था,स्थानीय समाचार पत्रों में इस पुलिया को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था।

विभाग ने किसी प्रकार की नही कराई रिपेरिंग अपना वाहन गुजरने के की वजह से सिर्फ टूटे हुए जगह पर पहाड़ का खड़ंजा पत्थर डालकर इति कर दिया जिस पर वाहन गुजरना मुश्किल है। पुलिया के आधा भाग से गुजरहे लोड वाहन अगर इसी तरह लगातार गुजरते रहेंगे तो ओ समय दूर नही जब दर्जनों गांव के बच्चे अपने स्कूल नही जा पाएंगे,वही स्थानीय थाना पर पीड़िता कैसे पहुँच पायेगा। आपात कालीन एम्बुलेंस से लेकर 112 नम्बर पुलिस की ब्यवस्था कोसो दूर हो जाएगी, ग्रामीणों ने मांग किया है कि छतिग्रस्त पुलिया को जल्द विभाग बनवाये। वही प्रधानमंत्री सड़क सुनील कुमार जेई का कहना है प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के पास कोई बजट नही होता है सड़क को पीडब्लू डी के पास सुपुर्द के लिए कागज भेज दिया गया है। वही अमरपाल सिंह जेई पी डब्लू डी 3 का कहना है अभी सड़क विभाग के पास सुपुर्द नही हुई है उच्चधिकारियो को अवगत कराता हूं।

सवाल क्षेत्र वासियों का पुलिया 40 वर्ष पूर्व की बनी है पी डब्लू डी ने बनवाया था, खैर किसी विभाग से बनी हो टूट चुकी है सरकार जल्द पुलिया को बनवाये नही तो मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा।

## ओडी फोर्ट के कमांडेंट का श्रमिक संघ ने किया स्वागत



कमांडेंट का माला पहनाकर स्वागत करते श्रमिक संघ के पदाधिकारी

**प्रयागराज।** थल सेना अध्यक्ष के द्वारा प्रयागराज ओडी फोर्ट को अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत किए जाने पर ओडी फोर्ट श्रमिक संघ इलाहाबाद यूनियन के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए ओडी फोर्ट के कमांडेंट को सम्मानित किया है। पहली बार थल सेना अध्यक्ष के द्वारा आयुध इकाई प्रयागराज को पुरस्कृत किया गया है। आयुध इकाई के पुरस्कृत होने की खुशी में फोर्ट के कमांडेंट कर्नल अनुज कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। माल्यार्पण करने वालों में आर्मी हेड क्वार्टर काउंसिल (जेसीएम) सदस्य अमित कुमार, श्रमिक संघ यूनियन के महामंत्री देवेंद्र कुमार सिंह, कामगार समिति के सचिव मनोज राय, वरिष्ठ कर्मचारी नेता दीप नारायण सिंह दीपक एवं पी बनर्जी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## संगम नोज पर बही भक्ति गीतों की रसधार

**प्रयागराज।** माघ मेला के महावीर मार्ग पर स्थित ऋंगी ऋषि आश्रम व वरुणाक्ष मानव सेवा ट्रस्ट में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश के रीवां के मऊगंज से आईं महज 11 साल की राखी द्विवेदी ने तेरे दर पे ओ मैयाङ्ग गाकर भजन संध्या की शुरूआत की। सिद्धेश्वर स्वामी ऋंगी ऋषि महाराज के आश्रम में अपराह्न 3 बजे से शुरू हुई भजन संध्या देर शाम तक चलती रही। संगम नोज पर सैकड़ों भक्तों के बीच राखी ने आगे सुनाया एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए। इस भजन के बाद माहौल भक्तिमय हो गया। देर रात तक माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा।सिद्धेश्वर स्वामी ऋंगी ऋषि महाराज के आश्रम में अपराह्न 3 बजे से शुरू हुई भजन संध्या देर शाम तक चलती रही। संगम नोज पर सैकड़ों भक्तों के बीच राखी ने आगे सुनाया एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए। इस भजन के बाद माहौल भक्तिमय हो गया। देर रात तक माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा।

## ब्लड डोनेशन कैंप का सकुशल हुआ समापन



ब्लड डोनेट करतीं वरिष्ठ समाजसेविका मिन्हाज सुगरा

**प्रयागराज।** बुधवार को यूफोरिएल यूथ सोसाइटी के तरफ से ब्लड डोनेशन और अवेयरनेस कैंप का आयोजन अन्हा ब्लड बैंक सिविल लाइन मैं किया गया, जिसमें संस्था के लोगों ने ब्लड डोनेट किया मुख्य अतिथि श्री बादल चटर जी पूर्व कमिश्नर शामिल थे, ब्लड कैंप मे बड़ी बात रही बॉम्बे से आयीं बॉम्बे ब्लड ग्रुप कि मेंबर मिन्हाज सुगरा ने ब्लड डोनेट किया, संस्था के मीडिया प्रभारी गुफरान खान को सम्मानित किया गया, साथ साथ जितने भी लोगों ने ब्लड डोनेट किया उनको श्री बादल चाटेरजी ने प्रशंसा पत्र देकर होंसला बढ़ाया मीडिया प्रभारी गुफरान खान ने बताया आज बहोत रक्तदाता आये जिसमें कुछ लोगों का हीमोग्लोबिन कम होने के वजह से ब्लड डोनेट नहीं कर पाये जब कि 20 से 25 लोगों ने ब्लड डोनेट किया.संस्था के संस्थापक वा अध्यक्षच समेत सभी मेंबर करिक्रम मे जुटे थे।

## भाजपा ने बहुत सोच-समझकर बाबूलाल को बनाया प्रत्याशी : सांसद

**शंकरगढ़।** इलाहाबाद- झांसी शिक्षक एमएलसी पद के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी के समर्थन में बुधवार को प्रयागराज की सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने एक सभा को संबोधित किया। शंकरगढ़ में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सांसद ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के साथ बैठक कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की।

सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा, भाजपा द्वारा बहुत सोच समझकर डॉ बाबूलाल तिवारी को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से देश के उत्थान में विकास का कार्य किया है, उसी तरह शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए इन्हे प्रत्याशी बनाया गया है। सांसद ने सभी शिक्षकों से कहा कि वह डा. बाबूलाल तिवारी को जिताएं, निश्चित रूप से उनकी समस्याओं का समाधान होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं सांसद रीता बहुगुणा जोशी

प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने कहा, अभी तक शिक्षकों, विद्यालयों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता था। आगे से शिक्षकों को इस तरह की शिकायत नहीं होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने भी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। इस मौके पर शिवराम सिंह परिहार, प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, अंजनी लाल, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, सुधा गुप्ता, रोहित केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा,प्रबंधक प्रकाशचंद मिश्र, प्रताप बहादुर सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, अंकुश मिश्रा, विनोद कुमार, सुधीर कुमार मिश्र, दिलीप चतुवेर्दी, सोमनाथ वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए कृत संकल्प है भाजपा सरकार : रीता जोशी

**कोरांव।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार शिक्षकों की हर तरह की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। शिक्षकों के हित को लेकर सरकार काम कर रही है। उक्त बातें बुधवार को कोरांव के वंदना टॉकीज में शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कही । इस दौरान उन्होंने कहा कि जबभारतीय जनता पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी उच्च सदन में पहुंचेगा तो वह शिक्षकों की आवाज बुलंद करने का काम करेगा । विधायक राजमणि कोल ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है शिक्षक समुदाय से जुड़ा हुआ प्रतिनिधि जब सदन में पहुंचेगा तो निश्चित ही शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी । शिक्षक विधायक के भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि अभी तक भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बने शिक्षक विधायक भाजपा सरकार की बुराई कर रहे थे । अब भाजपा ने अपना खुद का प्रत्याशी मैदान में उतारा है जिसको आप सभी के सहयोग की पुरजोर आवश्यकता है । बैठक में प्रमुख रूप से चेयरमैन नरसिंह केसरी जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती राजेश्वरी प्रसाद तिवारी राजेश त्रिपाठी सशी द्विवेदी अमरेश तिवारी बबुआन द्विवेदी राम नवल सिंह अनिल मिश्रा विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शादी का झांसा, अब शादी से इंकार

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना इलाके के एक गांव में शादी का झांसा देकर युवक कई साल से युवती के साथ दुराचार करता रहा। युवती के गर्भवती होने पर युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। युवती के दबाव बनाने पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। उन्होंने बेटी के साथ थाने जाकर आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### विवाहिता को दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह गांव की गुडिया देवी पत्नी जसवंत ने बताया कि पड़ोसी उसके घर के सामने से जबरन गंदा पानी बहा रहे हैं। जिस पर आए दिन परिवार के लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं। पीड़िता ने पानी बहाने का विरोध किया तो आरोपित मारपीट पर अमादा हो गए और धमकी दी। पड़ोसी की धमकी से सहमी पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस चौकी में की है।

### भाइयों ने महिला को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी गुलाब यादव किसान है। पत्नी मनोज देवी ने बताया कि बुधवार सुबह वह घर में बैठी थी। इसी दौरान गांव के दो भाई वहां पर पहुंचे और खेत का मेड़ काटने का उलाहना देकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन दोनों ने मनोज को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई। घायल महिला ने थाने जाकर दोनों भाइयों के खिलाफ तहरीर दी।

### दरवाजे की कुंडी काटकर चोर उठा ले गए बकरी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी अमन यादव ने बताया कि वह गांव वाले मकान में परिवार के साथ रहता है। गांव के बाहर वाले मकान में वह अपनी बकरियों को बांधता है। मंगलवार रात वह बकरियों को चारा पानी देकर सोने के लिए गांव वाले मकान में चला गया था। रात में चोर दरवाजे की कुंडी काटकर चार बकरी और एक बकरा उठा ले गए। उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी।

# राज्यस्तरीय नामित टीम ने सीएचसी कड़ा का किया निरीक्षण

**दारानगर, कौशाम्बी।** कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत मंगलवार शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा का राज्य स्तर से नामित टीम ने केंद्र का एक्सटर्नल असेसमेंट किया। टीम में शामिल डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस फतेहपुर डॉ एहतेराम हुसैन, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस महोबा डॉ दिवाकर प्रताप सिंह व डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस कौशाम्बी डॉ हसनैन द्वारा केंद्र की विभिन्न इकाइयों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। केंद्र के प्रभारी डॉ मो सऊद ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत राज्य स्तर से आई टीम ने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया है, यदि टीम द्वारा अस्पताल को चयनित किया गया तो राज्य स्तर से सम्मानित किया जाएगा। वहीं निरीक्षण को आए डॉ दिवाकर प्रताप सिंह ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना में सीएचसी कड़ा को भी चयनित किया गया है। कायाकल्प असेसमेंट में प्राप्त अंको के आधार पर टीम द्वारा केंद्र का कायाकल्प एक्सटर्नल असेसमेंट किया गया। जिसमें अस्पताल का रखरखाव, सेनिटेशन एंड हाईजीन,



सीएचसी कड़ा में जांच करते टीम के लोग

बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंटए इंफेक्शन कंट्रोल, सपोर्टिंग सर्विसेज, हाईजीन प्रमोशन अस्पताल के आसपास का एरिया आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी चेक लिस्ट से इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। इसमें रैंकिंग सिस्टम लागू किया गया हैं। निर्धारित 70 प्रतिशत से ऊपर रैंक आने पर प्रदेश स्तर पर चयन किया जाता है। जिस अस्पताल की सबसे अच्छी रैंक होगी उसे शासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर डॉ सागर विश्वास, डॉ सौम्या आंनद, डॉ संतोष श्रीवास्तव, डॉ आसिफ सिद्दीकी, प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, शिव सिंह, युवराज सिंह, सरोजिनी देवी, काजल यादव, काजल सोनकर, रंजना मौर्या, मनीषा सिंह, सविता, निशा सहित तमाम स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# गोवंश संरक्षित करने को डायल करें टोल फ्री नंबर

**डीएम के निर्देश भी पशु पालन विभाग ने स्थापित किया कंट्रोल रूम**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ए0 के0 सागर ने जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के निराश्रित ध्बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट ;कण्ट्रोल रूम नम्बर- 7000688216 जारी किया है। उन्होंने बताया कि इस नम्बर पर सूचना प्राप्त होने पर सम्बन्धित निराश्रित, बेसहारा गोवंश को नजदीक के गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित कर दिया जायेगा।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्य के अनुश्रवण के लिए उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. यशपाल सिंह, दूरभाष संख्या- 8707834098 को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि जनपद के कण्ट्रोल रूम पर प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों का अनुश्रवण कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी/ उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराते हुए उन्हें अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

## पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** सैनी इलाके के एक गांव की किशोरी पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई। किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर रात किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। दूसरे दिन पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी को भगा ले गया है। किशोरी के पिता ने थाने में मामले की नामजद शिकायत की।

## पुलिस पर तहरीर बदलवाकर एनसीआर दर्ज करने का आरोप

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले छेड़खानी का उलाहना देने पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस पर तहरीर बदलवाकर एनसीआर दर्ज करने का आरोप पीड़ित पिता ने लगाया है। बुधवार को पिता ने मामले की शिकायत एसपी से की है। एसपी ने इंस्पेक्टर चरवा को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इलाके के एक गांव के युवक ने बताया कि रविवार को वह परिवार के साथ सो रहा था। उसकी 15 वर्षीय बेटी दूसरे कमरे में सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही युवक किशोरी के कमरे में पहुंचा और दुराचार का प्रयास करने लगा। किशोरी के विरोध करने पर उसने उसकी दीवार में सिर लड़ाकर पिटाई कर दी। इससे किशोरी को काफी चोटें आई। किशोरी के परिजनों ने युवक के घर जाकर उलाहना दिया। आरोप है कि युवक के परिजनों ने गाली गलौच कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इससे दो लोगों को काफी चोटें आई। पिता ने थाने जाकर आरोपित दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि चरवा पुलिस ने मामले में तहरीर बदलवाकर छेड़खानी के मामले को एनसीआर दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया। बुधवार को पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत एसपी से कर मामले की जांच और कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इंस्पेक्टर चरवा को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## बिजली बिल के बकाएदारों के घर चस्पा की गई नोटिस

**कौशाम्बी।** बिजली विभाग की टीम ने बुधवार को पुरानी बाजार भरवारी में छापामारी की। इस दौरान कई बकाएदारों के घर नोटिस चस्पा की गई। बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काटा गया। छोटे बकाएदारों को अल्टीमेटम दिया गया। भरवारी के अवर अभियंता महेन्द्र वर्मा बुधवार सुबह अपनी टीम के साथ पुरानी बाजार पहुंच गए। वहां दस हजार तक के बकाएदारों को बिल जमा करने का अल्टीमेटम दिया। चेताया कि बकाया नहीं जमा करने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। एक लाख तक के करीब 15 बकाएदारों के घर पर नोटिस चस्पा की गई। पांच लाख तक के छह बकाएदारों का कनेक्शन काट दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुरानी बाजार में हड़कंप मचा रहा। तमाम लोग अपने घरों और दुकानों में ताला बंद कर गायब हो गए। कटियामारों ने आनन.फानन कटिया निकाल ली।

# इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु दो बाल वैज्ञानिकों के खाते में भेजी गई धनराशि

**चयन**

**जय मां दुर्गे इंटर कालेज अमिरतापुर अझुवा चयनित किए गए बच्चे**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अझुवा में स्थित जय मां दुर्गे इंटर कालेज अमिरतापुर अझुवा के दो बाल वैज्ञानिक आयुष कुमार एवं अमन का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत होने पर विद्यालय प्रशासन ने बुधवार को दोनों बाल वैज्ञानिकों के खाते में धनराशि भेजा है।

बता दें कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत विद्यालय के दो बाल वैज्ञानिक आयुष कुमार एवं अमन के इन्नोवेटिव आइडिया को चयनित किया गया है। वर्ष 2022. 23 हेतु जनपद के 51 विद्यालयों से 151



बाल वैज्ञानिकों को शील्ड देकर सम्मानित करते विद्यालय स्टाफ

नवाचारी प्रोजेक्ट आईडिया ऑनलाइन पंजीकृत किए गए थे, जिनमें से विद्यालय के दो बाल वैज्ञानिकों के नवाचारी आइडिया को चयन करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड के रूप में प्रोत्साहन स्वरूप बाल वैज्ञानिकों के बैंक खाते में 10-10 हजार की धनराशि प्रेषित की गई है। उक्त धनराशि के सहयोग से विद्यार्थी अपने मॉडल का निर्माण करते हुए आगामी जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में अपने नवाचारी मॉडल को प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने दोनों छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# एडीएम ने प्रभारी, सह प्रभारी अधिकारियों के साथ किया बैठक

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में बुधवार को इलाहाबाद-झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त प्रभारी, सह प्रभारी अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी ने बैठक किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक बूथ पर वीडियोग्राफर नियुक्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्र के बूथ पर सभी आवश्यक आधारभूत व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ को वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी को एसएसटी व वीएसटी टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा- निर्देश देने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी,सह प्रभारी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करने के निर्देश दियें। इलाहाबाद.झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए जनपद में कुल 11



झांसी खंड निर्वाचन को अफसरों के साथ बैठक करते एडीएम

मतदेय स्थल,मतदान केन्द्र बनाये गये हैं एवं कुल 1543 मतदाता हैं, जिसमें 1269 पुरूष व 274 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कुल तीन जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 11 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किये गये है। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा 19 जनवरी 2023 को उदयन सभागार में पीठासीन,माइक्रो आब्जर्वर व मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेंगा।

## युवक को ग्रामीणों ने पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज इलाके में युवती के साथ बैठे पड़ोसी गांव के युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद युवक जान बचाकर भाग निकला। हलाकि युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की है।

## आग से झुलसे किसान ने दम तोड़ा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के मीरन पर गांव के समीप खेत में बोई फसल की रखवाली कर रहे किसान की झोपड़ी में आग लगने से वह गंभीर रुप से झुलस गया था। परिजनों ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चरवा पानी टंकी निवासी भुगल प्रसाद किसान था। उसने खेत में मटर की फसल बो रखी थी। वह झोपड़ी में रात को रहकर खेतों की रखवाली करता था। 11 जनवरी की रात वह झोपड़ी में अलाव जलाकर ताप रहा था। इसी दौरान अलाव की चिंगारी से उसकी झोपड़ी में आग लग गई। आग की चपेट में आने से भुगल प्रसाद गंभीर रूप से झुलस गया और झोपड़ी में बंधी बकरी भी जलकर मर गई थी। परिजनों ने किसान को गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बीमार गिद्ध पक्षी का सामाजिक कार्यकर्ता ने किया ईलाज

**कौशाम्बी।** कोरों गांव में एक बीमार गिद्ध पक्षी पडा.हुआ था। गांव वालो ने जब इस पक्षी को देखा तो कौतूहल का विषय बन गया। कुछ देर बाद गांव वालो को पता चला कि यह पक्षी उड नही पा रहा है और बीमार अवस्था में है तो गांव के लोगों ने सबसे पहले वन विभाग को इसकी सूचना दी। कुछ ही समय में वन विभाग के कर्मचारी वहां पहुंच गये और इस पक्षी को देखकर उन्होंने इसे पशु अस्पताल ले जाना ठीक समझा, पर वहां जाने के बाद पता चला कि डां साहब फील्ड में कल ही इसको लेकर आइये। इस पर उन्होंने इसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ता विनय पांडेय को दी।` विनय पांडेय ने मौके पर पहुंचकर इस पक्षी का ईलाज किया और इसे मंझनपुर नर्सरी में इसको सुरक्षित पहुंचा दिया गया। इस मौके पर वन दारोगा मंझनपुर आशीष चौबे,क्षेत्रीय वन अधिकारी मंझनपुर रेंज दारा सिंह मौजूद रहे।



बीमार गिद्ध का इलाज करते समाजसेवी

# सड़क चौड़ीकरण में टूटा 40 मकानों का चबूतरा

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के केन गांव की सकरी सड़क का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के जेई और ठेकेदार जेसीबी लेकर पहुंचे। गांव के करीब 40 लोगों के मकानों का चबूतरा तोड़ दिया गया। चबूतरे पर बना कइयों का शौचालय भी ढहाया गया।

केन गांव में अब तक करीब तीन मीटर चौड़ी सड़क थी। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वैवाहिक समारोह जैसे मौकों पर दिक्कत होती थी। लोग लगातार सड़क का चौड़ीकरण कराने की मांग कर रहे थे। चौड़ीकरण का काम शुरू करा दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता महेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अब छह मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। पांच मीटर में सड़क तो एक मीटर में नाली होगी। 420 मीटर की सड़क का चौड़ीकरण होना है। ध्वस्तीकरण के दौरान किसी तरह का कोई विरोध नहीं किया गया।

## विवाहिता से किया रेप का प्रयास

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता मंगलवार की शाम घर में अकेली थी। विवाहिता को घर में अकेली देख मोहल्ले का युवक बहाने से घर के भीतर पहुंचा। इसके बाद विवाहिता से दुराचार का प्रयास करने लगा। विवाहिता के शोर मचाने पर युवक धमकी देते हुए भाग निकला। घर लौटे परिजनों को आपबीती बताते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बुलडोजर से हटवाया गया अतिक्रमण



सड़क किनारों से अतिक्रमण हटाते हुए

**अझुवा, कौशाम्बी।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जीटी रोड से भौतर केन बया अल्लीपुर जीता सम्पर्क मार्ग को चौड़ीकरण कराया जा रहा है, जिसमे जेई विवेक सिंह के नेतृत्व में केन गांव से गुजरने वाली सड़क को चौड़ीकरण के लिए बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाया गया जेई ने बताया कि सड़क की चौड़ाई साढ़े 5 मीटर है । कुछ जगहें अभी बाकी है जैसे जैसे कार्य बढ़ेगा उसी तरह अतिक्रमण हटवाया जाएगा। सभी को नोटिस दिया गया।

## युवक ने किशोरी से किया दुराचार का प्रयास

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम खेत की ओर गई किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने दुराचार का प्रयास किया। किशोरी के विरोध करने पर युवक ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## आवारा मवेशियों ने किसानों का जीना किया दुश्वार

**कौशाम्बी।** आवारा मवेशियों ने किसानों की रातों की नींद हराम कर दी है। जिले के यमुना व गंगा की तराई में सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु घूम रहे हैं। किसानों का कहना है कि शिकायत के बाद भी आवारा पशुओं से छुटकारा के लिए कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। छुट्टा मवेशियों की धर पकड़ कराते हुए यदि उन्हें गोशालाओं में संरक्षित कराया जाए तो शायद फसल चौपट होने से बच सकती है।

# शौचालय की केयरटेकर को पांच महीने से नहीं मिला मानदेय

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशांबी के एक गांव में सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर को पिछले पांच महीने से मानदेय न मिलने से परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।

बंधुरी रसूली पुर निवासी लक्ष्मी देवी विधवा एवं गरीब महिला है। उसके मुताबिक कई साल पहले उसके पति की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसके तीन छोटे बच्चे भी हैं। वह महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं और गांव में बने सामुदायिक शौचालय में वह पांच महीने से केयरटेकर का काम कर रही है। उसने मंगलवार को एडीओ पंचायत को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि काम करते हुए पांच महीने बीत जाने के बाद भी गांव के प्रधान उसे मानदेय देने से मना कर रहे हैं मानदेय खाते में लगाने के लिए ग्राम प्रधान उससे मिलने वाले मानदेय का आधा पैसा देने की बात कह रहे हैं। मानदेय न मिलने से उसका परिवार भुखमरी के कगार पर है।

## पट्टीदारों ने दंपती को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चपहुआं गांव में मंगलवार की शाम बकरी चराकर घर लौट रहे दंपती को पट्टीदारों ने पीट दिया। दंपती से तहरीर लेकर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चपहुआं गांव की लालती देवी पत्नी लालचंद्र ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदारों से उसकी रंजिश चल रही है। मंगलवार की शाम दंपती बकरी चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप पट्टीदारों ने उन्हें रोकते हुए पीट दिया। दंपती थाने पहुंचे और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित दंपती से तहरीर लेकर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक के उदयपुर में स्थित राजापुर बाजार में चल रही श्रीराम कथा का सोमवार को समापन हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं ने भण्डारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यहां वृक्षारोपण कार्य भी सम्पन्न किया गया। आचार्य कृष्णानंद शास्त्री गर्ग की अगुवाई में छायादार व फलदार वृक्षारोपण का कार्य भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार साहू ने किया। इस मौके पर सुरेश कुमार रावत, राजेश कुमार मौर्या, डा. विनय गुप्ता राहुल, डा. अम्बुज मिश्र, रामअभिलाष उपाध्याय, जयप्रकाश केसरवानी, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

### शौचालय तोड़ने का विरोध करने पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव में शौचालय की टंकी तोड़ने का विरोध करने पर पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। नोही गांव निवासी संतलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मेरी आबादी में शौचालय की टंकी बनी हुई थी। जिसे गांव के ही अजय आदि लोग मिलकर तोड़ने लगे। विरोध करने पर मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उषा देवी और मंजू देवी मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करने लगे। इसी बीच उषा देवी की मोबाइल व गले का लाकेट छीन कर भाग निकले।

# अनियंत्रित बाइक ट्रक में घुसी, तीन युवकों की मौत



मृतकों की फाइल फोटो

**प्रतापगढ़।** सामने जा रही ट्रक में पीछे से आ रही पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक गड़वारा बाजार स्थित एक ढाबे से खाना खाकर घर वापस जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जहां पर डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ तीन युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

अंतू थाना क्षेत्र के भदौसी गॉव में क्रिकेट पतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बिहारगंज की टीम ने भदौसी टीम को हराकर मैच जीत लिया। उसी खुशी में बिहारगंज की टीम ने गड़वारा स्थित एक ढाबें पर दावत का आयोजन किया। रात करीब पौने नौ बजे तीन युवक गोलू सिंह (23) पुत्र स्व0 अनिल सिंह गज्जू निवासी सेतापुर, रोहित सिंह (25) पुत्र अजय सिंह निवासी पचखरा व आशुतोष सिंह (26) पुत्र बीरेन्द्र प्रताप सिंह कोतवाली नगर दावत के बाद घर वापस आ रहे थे। बाबूगंज से चिलबिला की तरफ एक ट्रक आगे आगे चल रही थी। ककरहा चैराहे पर ट्रक ने जैसे ही ब्रेक लिया अनियंत्रित बाइक सवार युवक ट्रक के पीछे जा घुसे और मौक पर ही तीनों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने एम्बुलेंस से तीनों को मेडिकल कालेज भेजा जहॉ चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। युवकों का शव रात में ही पीएम के लिए भेजा गया। बुद्धवार को शव का पीएम हो सका। युवकों के मौत की घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### घर का इकलौता चिराग था गोलू

सेतापुर निवासी गोलू एक सप्ताह पूर्व मुम्बई से वापस आया था। वह सोमवार को मुम्बई जाने के लिए प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंच चुका था जहॉ रात एक बजे टेज्न पकड़नी थी। मॉ की तबियत खराब होने की सूचना पर वह वापस लौट आया। मंगलवार की रात अनहोनी घट गई। गोलू जब दोस्तों के बुलावे पर दावत में जा रहा था तो उसकी मॉ ने उसे रात में जाने से रोका था। गोलू के पिता गज्जू सिंह की दस साल पहले ही मौत हो चुकी है। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है।

## पुरानी पेंशन लागू कराने हेतु संघर्ष के लिए रहें तैयार : नौशाद

**प्रतापगढ़।** यूपी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं मिनीस्ट्रीय फेडरेशन के कर्मचारियों की संयुक्त बैठक पीडब्लूडी परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के सरक्षक प्यारे लाल मिश्र ने की। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक जुटता बनाये रखने का संकल्प लिया। कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री नौशाद अहमद ने जोर देते हुए कर्मचारियों से कहा कि पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए संघर्ष के लिए सभी तैयार रहें। क्योंकि बिना संघर्ष के आज तक कुछ हासिल नहीं हुआ है। पुरानी पेंशन व हमारी अन्य मांगों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष ही एक मात्र रास्ता है। कर्मचारियों ने सीसीए, नकदीकरण बहाल कराने, एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू कराने, ओपीएस आदि के लिए संघर्ष करने के लिए रणनीति बनाई। इस मौके पर महासंघ के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्र, फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मो0 अब्बास, संदीप कुमार, संतोष उपाध्याय, अयाज अहमद, मो शब्बीर, अजय सिंह, हौसिला प्रसाद सिंह, ओपी सिंह, राजेश सिंह, तारा चन्द्र पाल, जियाउद्दीन, शकील अहमद, भानु पटेल, विकास सिंह, प्रशान्त राज, अनिल यादव, राधेश्याम पाण्डेय, अखिलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य टीम ने लालगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



लालगंज सीएचसी में व्यवस्थाओं के बाबत जानकारी लेती स्वास्थ्य टीम

**लालगंज।** कायाकल्प योजना के तहत बुधवार को राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लालगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। डा. प्रियंका की अगुवाई मे डा. रंजन व डा. राजेश पटेल समेत तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल मे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के बारे मे जानकारी हासिल किया। टीम ने ओपीडी, लैब, महिला वार्ड, दवा वितरण कक्ष, प्रसूता कक्ष, ऑपरेशन कक्ष के साथ ही आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने मरीजो से भी पूछताछ कर अस्पताल मे मिल रही निशुल्क सुविधाओ के बाबत हकीकत खंगाली। इसके साथ ही स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल मे स्वच्छता व्यवस्था को भी देखा। प्रसूता कक्ष व महिला वार्ड में प्रसूताओं को मिलने वाली सुविधाओ व दवा के रखरखाव की भी टीम द्वारा बिंदुवार जानकारी हासिल की गयी। अस्पताल की व्यवस्थाओं से टीम फिलहाल संतुष्ट नजर आयी। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने जांच टीम को वांछित जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर बीपीएम बृजेश पाण्डेय, फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे, मान सिंह, अरविंद शुक्ल, आदि मौजूद रहे।

## युवक को दबंगों ने पीटा, कार्रवाई की मांग

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के दाही गांव के एक युवक दुकान पर बैठा था इसी बीच पड़ोसी गांव का रहने वाला एक युवक अपने साथियों के साथ वहा पहुंचा और युवक को पीटने लगा। लोगों के बीच बचाव करने के बाद किसी तरह युवक की जान बची। मामले में पीड़ित ने नामजद तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डाही निवासी रमेश कुमार वर्मा पुत्र गौरीशंकर वर्मा ने बताया कि बुधवार की दोपहर में गांव के एक दुकान पर बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव के रहने वाले युवक अपने साथियों के साथ वहां पर आए और बात ही बात पर मारने पीटने लगे। दबंगों ने पीड़ित युवक का पांच सौ रूपया और साथी युवक का मोबाइल भी छीन लिया। फिलहाल लोगों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ और पीड़ित युवक ने मामले में नामजद आरोपियों को विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 द्वारा बुधवार को शैक्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया। एम0डी0आर0टी0 बने अभिकर्ता ओम प्रकाश कोरी तथा अन्य उत्कृष्ट अभिकर्ताओं का विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने सम्मानित किया। समारोह में बीमा व्यवसाय बढ़ाने के गुर बताए गए। सभी का स्वागत करते हुए यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि यूनिट के अभिकर्ता नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस अवधि में नई उपलब्धियां मिली हैं। आपने नया मुकाम बनाया है। विशिष्ट कार्य करने वाले ही नया इतिहास बनाते हैं। आयोजन में ओम प्रकाश कोरी सहित अभिकताओं श्रीमती किरन देवी, कामता प्रसाद वर्मा, राम सिंह यादव, नन्द किशोर प्रजापति, पुष्पेंद्र शुक्ला, मीला शुक्ला तथा लवलेश कुमार को पुरस्कार में उपहार दिए गए।मुख्य शाखा प्रबंधक दीपक चावला ने कहाकि प्रतापगढ की शाखा बीमा व्यवसाय में उच्च स्थान पर है। एम0डी0आर0टी0 बनना बड़ी उपलब्धि है । अतः यह उपलब्धि हासिल कर आप वैश्विक व्यक्ति बने। मेहनत से सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है। शाखा उप प्रबंधक सुशील कुमार तिवारी ने कहा कि एम0डी0आर0टी0 बनने से आर्थिक लाभ तो होता ही है यह सम्मान का भी प्रतीक है।अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य श्रत्नश ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, शिक्षक राकेश कनौजिया, राजकुमार तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ला, राकेश कुमार, सतीश चन्द्र तिवारी, यशवीर सिंह एवं पुष्पेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे। अन्त में विकास अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले में एक दूसरे के हुए 691 जोड़े

**सामूहिक विवाह**

**नवदम्पतियों को दिया गया उपहार व प्रमाण पत्र**




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथिगण



दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधते जोड़े

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को ब्लाक मुख्यालयों पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्लाकों से 691 जोड़े एक दूसरे का हाथ थामते हुए वैवाहिक बंधन में बंधे। इस दौरान नवदम्पतियों को उपहार व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

विवाह कार्यक्रम को लेकर ब्लाक मुख्यालयो पर आकर्षक साज सज्जा भी देखी गयी। तहसील लालगंज के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर धूमधाम से हुए समारोह मे 26 जोडो ने एक दूसरे का हाथ थामा। विवाह उत्सव में वर पक्ष तथा कन्या पक्ष के लोगो के भी चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा शर्मा ने किया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया भी कार्यक्रम मे पहुंची और नवदम्पतियों को सरकार की ओर से उपहार व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर ने किया। प्रशासन की ओर से विवाह भोज का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, अवधेश सिंह, रूपनाथ पटेल, रविशंकर शुक्ल आदि रहे। सहायक विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने आभार जताया। इधर सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चैतीस जोडो ने सात फेरे लिये। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किया। हालांकि यहां एक दूल्हे को अचानक मण्डप मे चक्कर आ गया। इसके चलते वर पक्ष के लोग दूल्हे को लेकर अस्पताल चले गये। इससे एक जोडा शादी की रस्म से वंचित दिखा। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ अपर्णा सैनी ने किया। यहां भी ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने नवविवाहित जोडो को सरकारी उपहार व विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं लक्ष्मणपुर में कुल पचपन जोडो को विवाह के सूत्र में बंधते देखा गया। इनमें से पांच निकाह भी रीतिरिवाज से हुये। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ सत्यदेव यादव ने किया। विवाहोत्सव में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. राकेश सिंह तथा क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल की पत्नी विमलेश पटेल भी पहुंची और नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दी। ब्लाक मुख्यालयों पर विवाह उत्सव मे महिलाओं को मंगलगान मे भी मगन देखा गया। इस मौके पर प्रधान देवी प्रसाद मिश्र, बीडीसी ज्ञानप्रकाश मिश्र, नबाब हुसैन, नीतेश सिंह, श्यामजी जायसवाल, उदयप्रताप सिंह, सौरभ तिवारी आदि रहे।

### पुरानी पेंशन को लेकर जूनियर बेसिक शिक्षक संघ ने किया विरोध प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** जूनियर बेसिक शिक्षक संघ के बैनर तले जिला अध्यक्ष शाह आलम के नेतृत्व में शिक्षकों ने बुधवार को बीएसए कार्यालय में प्रदर्शन किया। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों, शिक्षकों को जबरन नवीन पेंशन योजना में पंजीकरण कराने के लिए विवश करने पर विरोध किया। शिक्षकों ने कहा कि बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाल न करना, एन पी एस जबरदस्ती थोपना न्याय संगत नहीं है। शिक्षक नेताओं ने शासन द्वारा समस्याओं पर विचार न करने पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। संगठन द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमे मांग की गई है कि नवीन पेंशन योजना जबरन न थोपी जाये एवं पुरानी पेंशन जो शिक्षकों का अधिकार है वह तुरंत बहाल की जाये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघके महामंत्री राजेश कुमार सरोज, जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश मिश्र ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि हमे पुरानी पेंशन के अतिरिक्त कुछ भी स्वीकार नहीं है ।सरकार हमे पुरानी पेंशन अविलंब जारी करने का काम करे। यदि ऐसा नहीं होता है तो शिक्षक अपने हित के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगें। संचालन डॉ सुशील कुमार शुक्ल ने किया । इस मौके पर विजय कुमार दुबे, राकेश कुमार मिश्र, जफरुल हसन, रामजस, पीयूष पांडेय, रविंद्र कुमार सरोज, कल्पना कनौजिया, डॉक्टर हीरालाल मौर्य, डॉक्टर मनीष सिंह ओमप्रकाश तिवारी, राम जतन यादव, सुभाष चंद सोनकर, सुंदर लाल सरोज, राजमणि यादव आदि उपस्थित रहे।

# सेवा क्षेत्र के लिए नगर की बड़ी सौगात है अटल मण्डपम

**कार्यक्रम**

**कार्यक्रम में पूजन अर्चन के साथ विशिष्टजनों का हुआ सम्मान**



कार्यक्रम में समाजविदो को सम्मानित करते आयोजन समिति के लोग

**लालगंज।** नगर के अझारा वार्ड में बुधवार को नवनिर्मित अटल मण्डपम में आध्यात्मिक पूजन अर्चन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों की सुविधा के लिए अटल मण्डपम की सेवाओं व गुणवत्ता की भी सराहना हुई दिखी। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य राजेश पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीगणेश व मां लक्ष्मी के विधिविधान से पूजन अर्चन से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी अटल मिश्र ने कहा कि अझारा वार्ड में यह नवीन मण्डपम विचार गोष्ठियों एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन का मजबूत केंद्र नजर आयेगा। स्वागत भाषण शशांक मिश्र ने किया। बतौर मुख्यअतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने नगर के विकास में ऐसे निर्माणपरक संस्थानों के शुभारंभ को लोगों के लिए सुविधा की बडी सौगात कहा। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन अधिवक्ता अखिलेश मिश्र ने किया। कार्यक्रम मे संयोजक अटल मिश्र ने सामाजिक एवं वकालत के क्षेत्र मे योगदान के लिए समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व पं. देवानंद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा. आशीष सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, राकेश तिवारी, आनंद त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, लवलेश शुक्ल, जगत वर्मा, शास्त्री सौरभ तथा अधिवक्ता अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, अनूप पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, शिक्षक बृजेश द्विवेदी व दीपक पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सह संयोजक कौशलाधीश मिश्र ने किया।

## आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**प्रतापगढ़।** छप्पर में लगी आग की चपेट मे आने से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गयी। हथिगंवा निवासी मंगल सिंह (40) अपनी बहन किरन के यहां लीलापुर थानाक्षेत्र के प्रभैतामऊ पूरे रायजू में रहता था। वह दरवाजे पर बने मडहा में सोमवार की रात सो रहा था। इसी बीच अज्ञात कारणो से छप्पर मे आग लग गयी थी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज मे उसका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार यहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात मंगल की मौत हो गयी। मृतक अविवाहित था। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की सुबह मृतक का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि गांव मे ही युवक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# रेलवे अस्पताल में पोर्टर पर हमले को लेकर हंगामा

**प्रतापगढ़।** पुरानी अदावत के चलते पोर्टर और सफाई कर्मचारी के बीच एक बार फिर से विवाद हो गया। जिसमें सफाई वाले का परिवार हमलावर हो गया। सीएचआई बीच बचाव न करते तो खून बहना तय था। उन्होंने पोर्टर को जीआरपी थाने जाने को कहा।

पोर्टर श्याम बहादुर और सफाई कर्मचारी कयूम के बीच कुछ महीने पहले विवाद हो गया था। जिसमे श्याम बहादुर ने कयूम पर गंभीर आरोप लगाया था। उसने कयूम के खिलाफ कोतवाली में तहरीर भी दी थी। कयूम ने भी अपनी तरफ से लखनऊ के अधिकारी को पत्र दिया था। कयूम के भाई ने क्वार्टर कब्जा किया हुआ था। वह श्याम बहादुर के बच्चों को परेशान किया करता था। मामला मीडिया में आया तो रेलवे अफसरों ने दोनो के बीच सुलह करवा दी। श्याम बहादुर ने क्वार्टर को छोड़ दिया। दूसरी जगह रहने लगा। कयूम और उसके परिजन यहां पर भी उसे परेशान करने लगे। श्याम बहादुर के अनुसार मंगलवार को सीएचआई ने समझौता करने के लिए बुलाया था। वह रेलवे अस्पताल गया। वहां पर पहले से मौजूद कयूम के पिता उसके छोटे भाई की पत्नी और उसकी पत्नी एकदम से मारपीट पर आमादा हो गए। उसने भी उनका विरोध किया। लेकिन वे कई लोग थे। किसी तरह से बच बचाकर वह निकला। सीएचआई नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कयूम और श्याम बहादुर के बीच सुलह होनी थी। लेकिन दोनो के बीच फिर से विवाद हो गया। उन्होंने उन्हें जीआरपी जाने की सलाह दी। श्याम बहादुर का आरोप है कि कयूम का भाई काशीराम कालोनी जोगापुर में रहता है। जो स्कूल जाने वाले उसके बच्चों को धमकाता है। किसी दिन कोई अनहोनी हो सकती है।

# मृत्यु भोज समाज के लिए अभिशाप : डा. आरके वर्मा



श्रद्धांलति अर्पित करते डॉ. आरके वर्मा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोर्रा में पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकरन यादव के पिता के मृत्यु पर विधायक डॉ आरके वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक के अपील पर उन्होंने मृत्यु भोज नहीं किया था। डा0 आर0 के0 वर्मा ने मृत्युभोज बहिष्कार करने के लिए रामकरन यादव एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि भारत सरकार ने 1960 में ही मृत्युभोज निषेध अधिनियम बनाया था। जिसमें धारा 3, 4, 5, 6, 7, 8 में अलग अलग व्याख्या करते हुए मृत्युभोज करने एवं करने के लिए प्रेरित करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान बनाया गया है। धर्म शास्त्रों में भी मृत्युभोज का कोई स्थान नहीं है। यह प्रथा धनिकों के द्वारा अपनी मान प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए बनाई गई। जिसको धीरे धीरे सभी लोग सामाजिक परम्परा बना लिए। इस कुप्रथा से कितने गरीब कर्जदार हो जाते हैं। कर्ज भरपाई के लिए बहुत से लोगों को खेत, घर भी बेचना पड़ जाता है। सभ्य समाज को सबसे पहले मृत्युभोज का बहिष्कार करना चाहिए। जिससे गरीबों में भी यह संदेश जाए और वो भी इस कुप्रथा को त्याग सकें। इस अवसर पर पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, छविनाथ यादव, डॉक्टर शेर बहादुर यादव, शिव प्रकाश पटेल सहित सपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छप्पर में लगी आग से हजारों का सामान राख



आग से जली पीड़ित की छप्परनुमा दुकान

**लालगंज।** छप्परनुमा दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख हो गया। घटना को लेकर पीडित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लीलापुर गांव निवासी घनश्याम पाल पुत्र श्यामलाल पाल के अनुसार वह घर के समीप छप्पर मे चाय पान की दुकान चलाता है। आरोप है कि बीते मंगलवार की शाम गांव के एक व्यक्ति ने उसकी दुकान पर बैठकर शराब पी। पीडित द्वारा मना करने पर उसने रात मे रंजिशन दुकान के छप्पर मे आग लगा दिया जिससे दुकान मे रखा हजारो का सामान जलकर राख हो गया। मामले मे पुलिस का कहना है तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी के बर्तनों का उपयोग कर बीमारियों से बचा जा सकता है : ओम प्रकाश गोला



बैठक की अध्यक्षता करते ओम प्रकाश गोला

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने विकास भवन सभागार में माटीकला से जुड़े कामगारों को आवंटित पट्टों की वस्तुस्थिति तथा उन पर हुये अवैध कब्जों एवं खादी ग्रामोद्योग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों एवं माटीकला के कामगारों के साथ बैठक की। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने माटी के पट्टे, पट्टों पर अवैध कब्जा एवं अन्य समस्याओं की समीक्षा की। आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में उन्होने माटीकला कामगारों को मिट्टी के बर्तनों के लाभ के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने से कुपोषण, कैंसर जैसी अन्य भयंकर बीमारियों से बचा जा सकता है, वहीं मिट्टी के बर्तन बनाने वालों से कहा कि वे इंजीनियरों से सम्पर्क कर मिट्टी के नये-नये उत्पाद तैयार करें और फैशन डिजाइनर से सम्पर्क कर मिट्टी के बर्तनों को सजायें। उन्होने माटीकला के कामगारों से कहा कि मिट्टी के डेकोरेट आइटम बनायेगें तो निश्चित रूप से अच्छी आमदनी प्राप्त होगी इसलिये मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता को समझे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट माटीकला बोर्ड है। इसलिये सभी लोगों का दायित्व है कि अच्छे से कार्य करें। उन्होने कहा कि प्रजापति समाज के अलावा अन्य लोग भी खादी ग्रामोद्योग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होने इस दौरान माटीकला कामगारों को मिट्टी के लैम्प, मिट्टी के फ्लावर पाट्स, मिट्टी की घड़ी, मिट्टी की मछली, मिट्टी के गिलास आदि मिट्टी के बर्तनों के फोटोग्राफ को दिखाया जो अन्य जनपदों में माटीकला के कामगारों द्वारा बनाये गये थे। उन्होने एलडीएम को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को रोजगार बढ़ाने के लिये बैंक से लोन दिलाने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार, माटीकला बोर्ड के सदस्य, जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा राघवेन्द्र शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व माटीकला के कारीगर उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# क्या उत्तर-पूर्व में और बढ़ेगी चीनी आक्रामकता?

**दिनकर कुमार**



चीनी आक्रामकता के प्रति भारतीय दृष्टिकोण, जो इस उम्मीद में उनके पिछले अपराधों को क्षमा कर देता है कि वे भविष्य में बेहतर व्यवहार करेंगे, विफल हो गया है। हमारे भोलेपन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमने चीनी व्यापार अधिशेष को उस स्तर तक बढ़ने दिया है कि यह भारत के रक्षा बजट से अधिक हो गया है, जबकि हम प्रभावी रूप से चीनी आक्रामकता को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने की नहीं बल्कि दृढ़ कार्रवाई की आवश्यकता है।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की चीनी पीएलए की कोशिश को इस साल की शुरूआत में लागू हुए बीजिंग के नए सीमा कानून से जोड़ा जा सकता है। कानून घुसपैठियों के खिलाफ नाकाबंदी और ₹पुलिस तंत्र और हथियारों₹ के उपयोग की अनुमति देता है।

गौरतलब है कि इस कानून को लागू करने का चीन का फैसला पूर्वी लद्दाख में पीएलए और भारतीय सेना के बीच एक लंबे समय तक सीमा गतिरोध के बीच आया, जहां जून 2020 में दोनों पड़ोसियों के बीच हिंसक टकराव हुआ था।

चीन भारत के साथ 3,488 किलोमीटर की विवादित सीमा या एलएसी साझा करता है, जो पूर्व में अरुणाचल प्रदेश राज्य से पश्चिम में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तक चलती है।

एलएसी के पूर्वी क्षेत्र में आठ मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र हैं - दिबांग घाटी में यांग्त्से, नमका चू, सुमदोरोंग चू, असाफिला, लोंगजू, दिचू, लमांग और फिश टेल -एक और दो। पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने संवाददाताओं से कहा, 'पीएलए के एक गश्ती दल ने उन स्थानों में से एक के माध्यम से (भारतीय क्षेत्र में) घुसपैठ की, जिस पर हमारे बलों ने हमला किया था।'

तवांग सेक्टर में यांग्त्से, जहां 9 दिसंबर की झड़प हुई थी, वहां पिछले साल अक्टूबर में दोनों सेनाओं के बीच एक संक्षिप्त टकराव हुआ था और दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों के बीच बातचीत के बाद इसे सुलझा लिया गया था।

विश्लेषकों का मानना है कि चीनी पीएलए के बार-बार उल्लंघन का मूल कारण नया सीमा कानून है। चीन की संसद की विदेश मामलों की समिति ने कानून बनाया था। हालांकि यह मुख्य रूप से एक घरेलू कानून माना जाता है, तथ्य यह है कि इस समिति से आया प्रस्ताव इस कानूनी तंत्र के संभावित सीमा-पार प्रभाव को इंगित करता है।

चीनी कानून के लागू होने से कुछ दिन पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई थी। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अक्टूबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा, 'चीन का एकतरफा निर्णय एक ऐसा कानून लाने का है, जो सीमा प्रबंधन पर हमारी मौजूदा द्विपक्षीय व्यवस्था के साथ-साथ सीमा मसले पर भी प्रभाव डाल सकता है।'

उन्होंने कहा, 'हम यह भी उम्मीद करते हैं कि चीन इस कानून के बहाने कार्रवाई करने से बचेगा, जो एकतरफा रूप से भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति को बदल सकता है।'

चीन भारत और भूटान सहित 14 देशों के साथ कुल 22,000 किमी की भूमि सीमा साझा करता है। 14 अक्टूबर, 2021 को बीजिंग और थिम्फू ने अपने सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इसका मतलब है कि 14 पड़ोसियों में से केवल भारत के पास ही चीन के पास उचित क्षेत्रीय विवाद समाधान तंत्र नहीं है।

एनपीसी ऑब्जर्वर के अनुसार, 'सात अध्यायों में 62 लेख, भूमि सीमाओं के परिसीमन और सर्वेक्षण, भूमि सीमाओं और सीमा क्षेत्रों की रक्षा, उनके प्रबंधन और सीमा से संबंधित मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नियंत्रित करने वाला चीन का पहला राष्ट्रीय कानून है। जिसमें चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और इसकी स्थायी समिति शामिल है।'

अनुच्छेद 4 में चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को 'पवित्र और अनुल्लंघनीय' के रूप में वर्णित किया गया है, जो भारत के लिए चिंतित होने का एक कारण है। भारत-चीन सीमा पर विवाद अभी भी अनसुलझा है और अब बीजिंग विवादित क्षेत्रों में संप्रभुता का दावा करता दिख रहा है।

चीन अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर तवांग को अपने क्षेत्र का हिस्सा बताता है। दरअसल बीजिंग इसे दक्षिणी तिब्बत बताकर पूरे राज्य पर दावा करता है। कभी तिब्बत का हिस्सा रहे तवांग को 1914 के शिमला समझौते के जरिए ब्रिटिश भारत के अधीन लाया गया था। औपनिवेशिक प्रशासक सर हेनरी मैकमोहन द्वारा खींची गई मैकमोहन रेखा को तिब्बत और भारत के बीच की सीमा के रूप में समझौते ने निर्धारित किया।

'द ड्रैगन इन द लैंड ऑफ स्नो' के लेखक त्सेरिंग शाक्य के अनुसार, हालांकि चीन ने कभी भी इस सीमा को मान्यता नहीं दी, लेकिन कहा जाता है कि तिब्बत ने तवांग सहित अपने क्षेत्र के कई सौ वर्ग मील को ब्रिटिश भारत को खो दिया है। यह बताता है कि चीन सीमा के अपने संस्करण को आगे क्यों बढ़ाता रहता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय क्षेत्र का अतिक्रमण होता है।

अरुणाचल प्रदेश में चीन की जमीन हड़पने की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, तीन प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें चीन ने पिछले कई दशकों में बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधि की है - अंजॉ, जो म्यांमार, दिबांग घाटी और ऊपरी सुबनसिरी जिले की सीमा भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएलए ऊपरी सुबनसिरी में भारतीय क्षेत्र में लगभग 50-60 किलोमीटर अंदर चली गई है, एक ऐसा दावा जिसे सत्यापित करना मुश्किल है, यह एक पहाड़ी, ऊबड़-खाबड़ और कठिन इलाका है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क: 9476844365 )**

## एक प्रतिक्रिया कविता

अँधेरा है, है बहुत अँधेरा हर ओर /हर ओर है/अँधेरे का निमार्ता/ लिए तलवार डरावनी/किए सुरक्षित अँधेरे को /किसी भी रोशनी से।
पर क्या यही सत्य है मेरे समय का /और उससे भी बढ़कर /मेरा?
न सही बाकी /तेल या बाती /मेरी लालटेन में
रहे /ब्लैक आउट /घेरे मेरे पड़ोस को
कर दिए गये हो मजबूर/हजारों हजार पेड़/दियासलाई /न बनाने को
पर कैसे भूल जाऊँ/बल्कि क्यों भूल जाऊँ /उस भीतर की रोशन चिंगारी को /जो सुरक्षित है /लिपटी /सदा की तरह /उम्मीद की चादर में!
भले ही प्रचारित हो /प्रचण्ड जीत-सा बहुरूपिया की/ कि अँधेरा शाश्वत है, अजेय है,/ पर कैसे भूल जाऊँ /बल्कि क्यों भूल जाऊँ/ कि अँधेरा /चुनौती भी होता है /और प्रेरणा भी /लड़ने-मरने की।
अजगर के पेट को फाड़ /बाहर आती /मनुष्य की/ मनुष्यता भी होता है अँधेरा पहाड़ से फूट / बहता झरना भी होता है अँधेरा /चमकता।
है अँधेरा, है बहुत अँधेरा हर ओर /पर कैसे भूल जाऊँ /बल्कि क्यों भूल जाऊँ /हर अँधेरा बस चुनौती भर होता है अंततः /आदमी के भीतर छिपी / चिंगारी-सी /उम्मीद के लिए।



**दिविक रमेश**
**एल-1202, ग्रेंड अजनारा हेरीटेज,**
**सेक्टर-74, नोएडा-201301**

# पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं देश में

## सामयिकी



**अरुण तिवारी**

दिलचस्प है कि हमारा घूमना-घुमाना, आज दुनिया के देशों को सबसे अधिक विदेशी मुद्रा कमाकर देने वाला उद्योग बन गया है। विश्व आर्थिक फोरम का निष्कर्ष है कि भारतीय पर्यटन उद्योग में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 25 फीसदी तक योगदान करने की क्षमता है; वह भी गांवों के भरोसे। फोरम मानता है कि भारत के गांव विरासत, संस्कृति और अनुभवों के ऐसे महासागर है, जिन तक पर्यटकों की पहुंच अभी शेष है। गांव आधारित प्रभावी पर्यटन को गति देकर, भारत वर्ष 2027 तक प्रति वर्ष 150 लाख अतिरिक्त पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता हासिल कर सकता है। इस तरह वह 25 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। इसके लिए भारत को अपने 60 हजार गांवों में कम से कम एक लाख उद्यमों को गतिशीलता प्रदान करनी होगी। यह भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास की पूर्णतया वाणिज्यिक दृष्टि है। भारतीय दृष्टि भिन्न है।

पर्यटन की अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि, सिद्धान्त रूप से अपने मूल स्थान से निकलकर किसी भी अन्य देश अथवा स्थान पर 24 घंटे से अधिक ठहरने वाले को पर्यटक कहती है। यह दृष्टि रक्त-सम्बन्ध, ज्ञान-सांस्कृतिक विनिमेय, साहसिक उद्देश्य, मनोविनोद, चिकित्सा, खोज, समुद्र-दर्शन आदि जैसे उद्देश्यों से की गई यात्रा को पर्यटन की श्रेणी में रखती है। अपने मूल स्थान से दूसरे स्थान पर नौकरी करने, किसी आवासीय विद्यालय में पढ़ने अथवा कहीं स्थायी आवास के लिए की गई यात्रा की श्रेणी में नहीं रखा जाता। पर्यटन की यह दृष्टि व्यापार, वाणिज्य, राजनीतिक परिस्थितियां और धार्मिक आस्था को तीन ऐसी मूल शक्तियां मानती है, जो किसी को पर्यटन हेतु प्रेरित करती है। दुनिया में पर्यटन का विकास एकल अथवा पारिवारिक न होकर, सामूहिक क्रिया के रूप में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध से पूर्व पर्यटन के परिणाम चाहे जो रहे हों, लेकिन उसके पश्चात पर्यटन अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में क्रांति का वाहक सिद्ध हुआ। हालांकि पर्यटन में संस्थागत प्रवेश के लक्षण अब सामने आने लगे हैं, लेकिन वास्तव में पर्यटन आज भी एक पारिवारिक-सामाजिक-आर्थिक क्रिया ही अधिक है। पर्यटन, अज्ञान को दूर कर, ज्ञान की नई विधाओं की खिड़कियां खोलता है। पर्यटन, अध्यात्मिक विकास के अवसर देता है। पर्यटन, सामाजिक सद्भाव तथा आर्थिक विकास की परिस्थितियां निर्मित करता है। पर्यटन, सांस्कृतिक, शैक्षिक, भौतिक और आर्थिक विनिमेय को सुलभ बनाता है। यह सुलभता रुढ़ियों से मुक्त होने की प्रेरणा देती है; धर्म, जाति, रंग, वर्ग और वर्ण विभेद की लकीरों को धुंधला करती है। यह सुलभता, कालखण्ड विशेष की समस्याओं के समाधान सुझाने में भी सहायक सिद्ध

मानव ने अपने भ्रमण का उपयोग अपने अंतर्मन और अपने बाह्य जगत का विकास के लिए किया। बाह्य जगत का विकास यानी सभ्यता का विकास और अंतर्मन का विकास यानी सांस्कृतिक विकास। इसीलिए मानव अन्य जीवों की तुलना में, अधिक जिज्ञासु, अधिक सांस्कृतिक, अधिक हुनरमंद और अधिक विचारवान हो सका; अपनी रचनाओं का विशाल संसार गढ़ सका। स्पष्ट है कि भ्रमण, मनुष्य के लिए मूल रूप से सभ्यता और संस्कृति.. दोनो को पुष्ट करने का माध्यम रहा है। भ्रमण की भारतीय दृष्टि का मूल यही है। इसी दृष्टि को सामने रखकर भारतीय मनीषियों ने भिन्न उद्देश्यों के आधार पर भ्रमण को पर्यटन, तीर्थाटन और देशाटन के रूप में वगीर्कृत किया है और तीनों को अलग-अलग वर्गों के लिए सीमित किया है। भ्रमण के इस वर्गीकरण तथा दृष्टि को यदि हम बचाकर रख सकें तो बेहतर होगा; वरना हमारे गांवों के भ्रमण में जैसे ही पूर्णतया नई वाणिज्यिक दृष्टि का प्रवेश होगा, हमारा भ्रमण तात्कालिक आर्थिक लाभ का माध्यम तो बन जाएगा, किंतु भारतीय गांवों को लम्बे समय तक गांवों के रूप-स्वरूप में बचा रखना असंभव हो जायेगा। भारतीय गांवों के बचे-खुचे रूप-स्वरूप के पूरी तरह लोप का मतलब होगा, भारत की सांस्कृतिक इकाइयों का लोप हो जाना। सोचिए कि क्या यह उचित होगा ?

हमें नहीं भूलना चाहिए कि भारत के गांव महज सामाजिक इकाइयां न होकर, पूर्णतया सांस्कृतिक इकाइयां हैं। हमारे गांवों की बुनियाद सुविधा नहीं, रिश्तों की नींव पर रखी गई है। भारतीय गांवों में मौजूद कला, शिल्प, मेले, पर्व आदि कोई उद्यम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं। बहुमत भारत आज भी गांवों में ही बसता है। इसीलिए आज भी कहा जाता है कि यदि भारत को जानना हो तो भारत के गांवों को जानना चाहिए। रिश्ते-नाते, संस्कृति, विरासत और अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संजोकर रखने के कारण भारत के 60 हजार गांव अभी भी तीर्थ ही हैं। तीर्थाटन - तीर्थयात्रियों से सादगी, संयम, श्रद्धा और अनुशासन की मांग करता है। तीर्थयात्री से लोभ-लालच, छल-कपट की अपेक्षा नहीं की जाती। भारतीय गांवों में पर्यटन और पर्यटकों के रुझान का विकास इसी भाव और अपेक्षा के साथ करना चाहिए। नदियां, इस भाव को पुष्ट करने का सर्वाधिक सुलभ, सुगम्य और प्रेरक माध्यम हैं और आगे भी बनी रह सकती हैं। क्यों ? क्योंकि भारत की नदियां आज भी अपनी यात्रा की ज्यादातर दूरी ग्रामीण इलाकों से गुजरते हुए तय करती हैं; क्योंकि नदियां आज भी भारतीय संस्कृति व सभ्यता की सर्वप्रिय प्रवाह हैं।

भारत, नदियों का देश है। सिंधु, झेलम, चेनाब, रावी, सतलुज, ब्यास, मेघना, गंगा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी ..नर्मदा, ब्रह्मपुत्र, तुंगभद्रा, वैगई, महानदी, पेन्नर, पेरियार, कूवम, अडयार, माण्डवी, मूसी, मीठी, माही, वेदवती और सुवर्णमुखी...गिनती गिनते जाइए. कि भारत में नदियां ही नदियां हैं। मरुभूमि होने के बावजूद, राजस्थान 50 से अधिक नदियों का प्रदेश है। राजस्थान के चुरु और बीकानेर को छोड़कर, भारत में शायद ही कोई जिला ऐसा हो, जहां नदी न हो। भारत के हर प्रखण्ड के रिकॉर्ड में आपको कोई न कोई छोटी-बड़ी नदी लिखी मिल जायेगी। भारत में शायद ही कोई गांव हो, जिसका किसी न किसी नदी से सांस्कृतिक रिश्ता न हो। मुण्डन से लेकर मृत्यु तक; स्नान से लेकर पूजन, पान, दान तक; पर्व, परिक्रमा से लेकर मेले तक, सन्यास, शिष्यत्व से लेकर कल्पवास तक; सभी कुछ नदी के किनारे। हर नदी के अपने कथानक हैं; गीत-संगीत हैं; लोकोत्सव हैं। भैया दूज, गंगा दशहरा, छठ पूजा, मकर सक्रान्ति पूरी तरह नदी पर्व हैं। गंगा के किनारे वर्ष में 21 बार स्नान पर्व होता है। गंगा, शिप्रा और गोदावरी के किनारे लगने वाले कुंभ में बिना बुलाए करोड़ों जुटते आपने देखे ही होंगे। 14 देवताओं को सैयद नदी में स्नान कराने के कारण खारची पूजा (त्रिपुरा) तथा मूर्ति विसर्जन के कारण गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा आदि पर्वों का नदियों से रिश्ता है। नदियां योग, ध्यान, तप, पूजन, चिंतन, मनन और आनंद की अनुभूति की केन्द्र हैं ही। नदी में डुबकी लगाते, राफ्टिंग-नौका विहार करते, मछलियों को अठखेलियां लेते हुए घंटों निहारते हमें जो अनुभूति होती है, वह एक ऐसा सहायक कारक है, जो किसी को भी नदियों की ओर आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है। किंतु इस पूरे आकर्षण को नदी, गांव और नगर के बीच के सम्मानजनक रिश्ते की पर्यटक गतिविधि के रूप में विकसित करने के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी होंगे।

नदी केन्द्रित ग्राम्य पर्यटन को विकसित करने के लिए नदियों को अविरल-निर्मल तथा गांवों को स्वच्छ-सुन्दर बनाना सबसे पहली जरूरत होगी। एशिया का सबसे स्वच्छ गांव का दर्जा प्राप्त होने के कारण ही मेघालय का गांव मावलिन्नांग, आज पर्यटन का नया केन्द्र बन गया है। नदी-ग्राम्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नदियों को उनकी विशेषताओं के साथ प्रस्तुत करना शुरू करना होगा; जैसे सबसे छोटा आबाद नदी द्वीप - उमानंद, भारत का सबसे पहला नदी द्वीप जिला - माजुली, स्वच्छ नदी - चम्बल, भारत का सबसे वेगवान प्रवाह - ब्रह्मपुत्र, सबसे पवित्र प्रवाह - गंगा, एक ऐसी नदी जिसकी परिक्रमा की जाती है - नर्मदा, ऐसी नदी घाटी जिसके नाम पर सभ्यता का नाम पड़ा - सिंधु नदी घाटी, नदियां जिन्हे स्थानीय समुदायों ने पुनर्जीवित किया - अरवरी, कालीबेंई, गाड गंगा। भारत की प्रत्येक नदी की अपनी भू-सांस्कृतिक विविधता, भूमिका और उससे जुड़े लोक कथानक, आयोजन व उत्सव हैं। नुक्कड़ नाटक, नृत्य-नाट्य प्रस्तुति, नदी सम्वाद, नदी यात्राओं आदि के जरिए आगुन्तकों को इन सभी से परिचित कराना चाहिए। गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, नर्मदा.. छह मुख्य नदियों को लेकर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने यह शुरूआत की है। इससे न सिर्फ नदियों के प्रति चेतना, जन-जुड़ाव व दायित्वबोध बढेगा, बल्कि नदी आधारित ग्रामीण पर्यटन को अधिक रुचिकर बनाने में भी मदद मिलेगी।

कुम्भ भी पर्यटन का ही एक रूप है। यह अपने मौलिक स्वरूप में सिर्फ स्नान पर्व न होकर, एक मंथन पर्व था। कुम्भ एक ऐसा अवसर होता था, जब ऋषि, अपने शोध, सिद्धांत व अविष्कारों को धर्म समाज के समक्ष प्रस्तुत करते थे। धर्म समाज उन पर मंथन करता था। समाज हितैषी शोध, सिद्धांत व अविष्कारों को अपनाने के लिए समाज को प्रेरित व शिक्षित करने का काम धर्मगुरुओं का था। राजसत्ता तथा कल्पवासियों के माध्यम से यह ज्ञान, समाज तक पहुंचता था। समाज अपनी पारिवारिक-सामुदायिक समस्याओं के हल भी कल्पवास के दौरान पाता था। एक कालखण्ड ऐसा भी आया कि जब कुम्भ, समाज की अपनी कलात्मक विधाओं तथा कारीगरी के उत्कर्ष उत्पादों की प्रदर्शनी का अवसर बन गया। कुम्भ को पुनः सामयिक मसलों पर राज-समाज-संतों के साझे मंथन तथा वैज्ञानिक खोजों, उत्कर्ष कारीगरी व पारम्परिक कलात्मक विधाओं के प्रदर्शन का अवसर बनाना चाहिए। इससे गांव-नदी पर्यटन के नजरिए को ज्यादा संजीदा पर्यटक मिलने तो सुनिश्चित होंगे ही कुम्भ, देश-दुनिया को दिशा देने वाला एक ऐसा आयोजन बन जायेगा, जिसमें हर कोई आना चाहे।

कहना न होगा कि चाहत चाहे तीर्थाटन की अथवा पर्यटन की; भारत की नदियों और गांवों में इनके उद्देश्यों की पूर्ति की संभावना अकूत है। इस संभावना के विकास का सबसे बड़ा लाभ गांवों के गांव तथा नदियों के नदियां बने रहने के रूप में सामने आयेगा। लोग जमीनी हकीकत से रुबरु हो सकेंगे। अपनी जड़ों को जानने की चाहत का विकास होगा। ग्रामीण भारत के प्रति सबसे पहले स्वयं हम भारतवासियों की समझ बेहतर होगी। इससे दूसरे देशों की तुलना में अपने देश को देखने का हमारा नजरिया बदलेगा। दुनिया भी जान सकेगी कि भारत, एक बेहतर सभ्यता और संस्कृति से युक्त देश है। इसी से भारत की विकास नीतियों में गांव और प्रकृति को बेहतर स्थान दे सकने वाली गलियां कुछ और खुल जाएंगी। नदियों के सुख-दुख के साथ जन-जुड़ाव का चुम्बक कुछ और प्रभावी होकर सामने आयेगा। भारत के अलग-अलग भू-सांस्कृतिक इलाकों के लिए स्थानीय विकास के अलग-अलग मॉडल विकसित करने की सूत्रमाला भी इसी रास्ते से हाथ में लगेगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**भारतीय गांवों में मौजूद कला, शिल्प, मेले, पर्व आदि कोई उद्यम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं। बहुमत भारत आज भी गांवों में ही बसता है। इसीलिए आज भी कहा जाता है कि यदि भारत को जानना हो तो भारत के गांवों को जानना चाहिए। रिश्ते-नाते, संस्कृति, विरासत और अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संजोकर रखने के कारण भारत के 60 हजार गांव अभी भी तीर्थ ही हैं। तीर्थाटन - तीर्थयात्रियों से सादगी, संयम, श्रद्धा और अनुशासन की मांग करता है। तीर्थयात्री से लोभ-लालच, छल-कपट की अपेक्षा नहीं की जाती। भारतीय गांवों में पर्यटन और पर्यटकों के रुझान का विकास इसी भाव और अपेक्षा के साथ करना चाहिए।**

# खतरे में दुनिया भर की देशज भाषाएं

## प्रसंगवश



**अरविंद जयतिलक**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया भर की ऐसी देशज भाषाओं को विलुप्ति से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय देशज भाषा दशक की शुरूआत एक स्वागतयोग्य कदम है। यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि देशज भाषाओं के संरक्षण से उनसे जुड़ी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान का भी संरक्षण हो सकेगा। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक व सामाजिक मामलों से जुड़े संस्था की मानें तो लगभग 6700 देशज भाषाओं का इस्तेमाल होता है। अगर इन्हें बचाने का ठोस पहल नहीं हुआ तो इन भाषाओं में से आधे से अधिक इस शताब्दी के अंत तक विलुप्त हो जाएंगी। इसका असर जैव विविधता पर भी पड़ेगा। भाषा विद्वानों की मानें तो अगर हम प्रकृति को बचाना चाहते हैं तो इसके लिए देशज लोगों की भाषा का समझना-जानना होगा। इसलिए कि दुनिया में जो भी जैव विविधता बची है उसका लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं लोगों ने बचाकर रखा है। इसके बावजूद हर दो सप्ताह में एक देशज भाषा का अस्तित्व मिट रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले मैक्सिको की पुरानतम देशज भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबरें अच्छी खासी चर्चा में थी। अयापनेको भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में महज दो रह गयी है। इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वे आपस में इस भाषा के जरिए वातालार्प नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य देशज भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में तकरीबन 6900 देशज भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट है। इन्हें ह्यभाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूचीह्ण में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। त्रासदी यह है कि विलुप्त हो रही देशज भाषाओं को बचाने के प्रयास के बावजूद भी इन्हें बोलने और लिखने-पढ़ने वाले लोगों की संख्या कम हो रही है। गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ कि 2001 में विलुप्तप्रायः देशज भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी वह बढ़कर तीन गुने से पार जा पहुंची है। एक आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में 199 भाषाएं ऐसी हैं जिनके बोलने-लिखने वाले लोगों की संख्या एक दर्जन से भी कम है। उदाहरण के लिए उक्रेन में बोली जाने वाली कैरेम भी इन्हीं भाषाओं में से एक है जिसे बोलने वालों की संख्या महज 6 है। इसी तरह ओकलाहामा में विचिता भाषा बोलने वालों की संख्या 10 और इंडोनेशिया में लेंगिलू बोलने वालों की संख्या सिर्फ 4 है। विश्व में 178 देशज भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले लोगों की संख्या डेढ़ सैकड़ा तक है। किंतु दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन देशज भाषाओं को बचाने का अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुआ है। या यों कहें कि विलुप्त हो रही देशज भाषाओं को बचाने की दिशा में जितना सार्थक प्रयास होना चाहिए उतन नहीं हुआ है। भाषायी वैज्ञानिकों की मानें तो इन देशज भाषाओं को बचाकर ही उनसे जुड़ी संस्कृति और उनकी ज्ञान परंपरा की रक्षा हो सकती है। भारत की बात करें तो यहां भी देशज भाषाओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष पहले पीपल्स लिविंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (पीएलएसआइ) के जरिए यह खुलासा हुआ कि देश में बोली जाने वाली आठ सैकड़ा भाषाओं में आधी भाषाएं आगामी 50 वर्ष बाद सुनाई नहीं देंगी। देश में तकरीबन 780 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 400 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा है। पिछले पांच दशकों में 250 भाषाएं विलुप्त हुई हैं। इनमें से 22 आधिकारिक मान्यता प्राप्त भाषाएं भी हैं। गत वर्ष पहले ह्यभाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटरह्ण द्वारा प्रकाशित अपने सर्वेक्षण में कहा गया कि देश में बोली जाने वाली 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। 130 से अधिक भाषाएं विलुप्ति की कगार पर हैं। इस शोध की मानें तो असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17, और त्रिपुरा की 10 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार तेजी से घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ 4 रह गयी है। कमोवेश ऐसी ही स्थिति देश के अन्य देशज भाषाओं की भी है। जिन देशज भाषाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है उनमें ज्यादतर आदिवासी समुदायों की भाषाएं हैं। उदाहरण के तौर पर भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल में ही 90 से अधिक देशज भाषाएं बोली जाती है। इनमें से कई देशज भाषाओं को बोलने वालों की तादाद ऊंगलियों पर है। ओडिसा में 47 और महाराष्ट्र एवं गुजरात में 50 से अधिक देशज भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन इनमें से कई देशज भाषाएं अब नाम भर की हैं। दरअसल इसका मूल कारण यह है कि आदिवासी समुदायों की बच्चों को अपनी भाषा में शिक्षा नहीं मिल रही है। वे स्कूल जाते हैं तो इन्हें 22 आधिकारिक भाषाओं में ही शिक्षा लेनी पड़ती है। उचित होगा कि इन बच्चों को उनकी देशज भाषाओं में भी शिक्षा की व्यवस्था हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो न सिर्फ दुनिया की बल्कि भारत की भी देशज भाषाएं खत्म हो जाएंगी। ध्यान देना होगा कि जिन भाषाओं के अस्तित्व पर सबसे ज्यादा संकट मंडरा रहा है वह सर्वाधिक रुप से उन जनजाति समूहों के बीच बोली जाती हैं जो आज की तारीख में कई तरह के संकट से गुजर रहे हैं। सबसे बड़ा संकट इनके जीवन की सुरक्षा को लेकर है। अमेरिका हो या भारत हर जगह विकास के नाम पर जंगलों का उजाड़ा जा. रहा है। अपनी सुरक्षा और रोजी-रोजगार के लिए जनजातिय समूह के लोग अपने मूलस्थान से पलायन कर रहे हैं। दूसरे समूहों में जाने और रहने के कारण उनकी भाषा प्रभावित हो रही है। यही नहीं उन्हें मजबूरन दूसरी भाषाओं को अपनाना पड़ रहा है। इसके अलावा रोजी-रोजगार का संकट, बाहरी हस्तक्षेप और धर्म परिवर्तन इत्यादि भी कई ऐसे कारण है जिनकी वजह से इनकी कालजयी संस्कृति और भाषा समाप्त हो रही है। सत्य यह भी है कि दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा किया है। लेकिन इसके लिए अंग्रेजी भाषा को दोष नहीं दिया जा सकता। यह सही है कि विश्व में अंग्रेजी भाषा का बढ़ता प्रभाव और उसका रोजगार से जुड़ा होना अन्य लोकभाषाओं के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती है। लेकिन यह अस्वाभाविक इसलिए नहीं है कि जब भी कोई भाषा रोजगार देने में सहायक सिद्ध होती तो उसे बोलने वाले लोगों की संख्या बढ़ती ही है। और जो भाषाएं रोजगार देने में नाकाम सिद्ध होती हैं वे उसकी कीमत विलुप्त होकर चुकाती हैं। अगर अंग्रेजी भाषा अन्य स्थानीय भाषाओं के विलुप्ती का कारण बन रही है तो इस बात पर विचार होना ही चाहिए कि क्यों न क्षेत्रीय भाषाओं को अंग्रेजी भाषा की तरह ही रोजगार परक बनाया जाए। यह एक तथ्य है कि विश्व के अधिकाश हिस्सों में बोली जाने वाली अंग्रेजी भाषा न सिर्फ अंतरर्राष्ट्रीय भाषा का रुप धारण कर चुकी है बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। इन परिस्थितियों के बीच अगर अंग्रेजी भाषा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ता है और स्थानीय भाषाएं दम तोडेंगी ही। क्षेत्रीय भाषाओं के विलुप्त होने के और भी बहुतेरे कारण हो सकते हैं जिनकी पड़ताल होनी चाहिए। यहां ध्यान रखना होगा कि विलुप्त हो रही भाषाओं को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है। स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना होगा। ये भाषाएं तभी बचेंगी जब उन्हें संवैधानिक संरक्षण के साथ-साथ इन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। अगर इन भाषाओं को सिर्फ शब्दकोषों तक सीमित रखने का प्रयास हुआ तो फिर इन्हें इतिहास के गर्त में जाने से कोई बचा नहीं पाएगा। अच्छी बात यह है कि पीपल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया दुनिया भर में बोली जाने वाली छः हजार से अधिक भाषाओं पर अध्ययन करने जा रही है जिसकी रिपोर्ट 2025 में प्रकाशित होगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# समाज सेवा की मॉडल शॉप

**अरविंद तिवारी**

वर्षों से सूबे में शराब की मॉडल शॉप्स खुली हुई हैं।हमारी समझ में आज तक यह नहीं आया कि शराब की मॉडलिंग कैसे होती है?अन्य क्षेत्रों में भी मॉडल शॉप्स हैं।बहरहाल,अब यह मॉडलिंग समाज सेवा में भी घुसपैठ करती जा रही है।हमारे मित्रों की समाज सेवा हमेशा दो डिग्री तापमान के आसपास जागती है।रजाई और कम्बल में धंसे हुए हम,उस समय सन्निपात की अवस्था में आ जाते हैं,जब रात के बारह बजे हमारे मित्र समाज सेवा के लिए फोन पर ललकारते हैं।सबसे पहले हम ब्लोअर को बंद करते हैं।फिर आहिस्ता रजाई को हटाते हैं।पर रजाई किसी सियासी हस्ती के पुत्र मोह की तरह चिपटी ही रहती है!

सस्ती,सुंदर और सुगम समाज सेवा नगर परिषद के रैन बसेरों में ठिठुरते हुए लोगों को चाय पिलाना है।चाय पत्ती,दूध से निर्मित चाय के लिए दानदाताओं की कोई कमी नहीं है।हम खुद भी इसे अफोर्ड कर सकते हैं।पर रात में जरूरतमंदों को जाकर चाय पिलाना,सर्दी में एवरेस्ट पर फतह करने से कम नहीं होता।चाय लेकर जाते हुए लगता है,गर्म चाय की सबसे ज्यादा जरूरत तो हमें खुद को है।जिस दिन संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन पर जाकर मुसाफिरों को चाय पिलाने का निर्णय होता है,उस दिन लगता है जैसे हमें बफीर्ले तूफान में झौंक दिया गया है।रेलवे स्टेशन हमारे घर से दूर है,पर इतना भी नहीं कि पहुंचना मुश्किल हो।समस्या रजाई छोड़ने को लेकर रहती है।

सेठ किरोड़ी हमें हमेशा समाज सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं।वह कहते हैं,तुम धन की चिंता मत करो।चाय बांटने के स्थान पर अगर गरमागरम सूप बांटना चाहो,तो उसके लिए मैं अपना पर्स खोल दूंगा।पर करना तुम सबको ही है।ठिठुरते उत्तर भारत में सबसे बड़ी समस्या रजाई से बाहर हाथ निकालने की नहीं,पूरा शरीर बाहर करने की है,ताकि जरूरतमंदों को चाय से गर्म रखा जा सके।नए लड़के निकलते नहीं और हम जैसे बुजुर्गों को ब्लड प्रेशर की समस्या है।मैं संस्था के सेठ किरोड़ी को कहता हूं,पर्स खोल देने से दान का अधूरा पुण्य मिलता है।पूरा पुण्य चाहते हो तो हमारे साथ रात को चाय बांटने निकलो।मारवाड़ी समाज सेवी सेठ

गर्मी में खुद प्याऊ पर बैठ,अपने हाथ से पानी पिलाते हैं।आपकी तरह दूसरों के हाथों पुण्य नहीं बटोरते।हम कुछ भी कहें,सेठ किरोड़ी पर कोई असर नहीं होता।

हमने कवि मित्र घसीटा को भी समाज सेवा में घसीटना चाहा,पर वह हमारे झांसे में नहीं आए।हमने कहा,हमारे साथ अगर चाय बांटने चलोगे तो कविता के प्रतीकों को अच्छी तरह समझ लोगे।पारदर्शी कम्बल से कैसे कोई गरीब,प्रतीक रूप में ठंड को मात देता है या गरम चाय को प्रतीक रूप से कैसे भोजन समझता है।घसीटा ने बताया,ऐसे प्रतीक तो आजादी के बाद से हर हुकूमत हमें उपलब्ध करवाती रही है।आज तक जितनी भी गरीबी दूर हुई है,प्रतीक रूप में ही हुई है।किसानों की आमदनी भी प्रतीक रूप में ही दुगनी हुई है।क्रांति को सदा ओढ़ने बिछाने वाले,आज तक प्रतीक रूप में ही क्रांति करते आए हैं।उनकी क्रांति की जद में कभी प्रेमचंद आ जाते हैं,तो कभी तुलसीदास।

कई बार ठंड से कांपते हुए गरीब,कम्बल की मांग कर बैठते हैं।चार दिन पहले ऐसी मांग आने पर हमने सेठ किरोड़ी को फोन किया,जो कम्बल हमारी संस्था ने गरीबों को बांटने के लिए आपके यहां रखे हैं,उन्हें तुरंत भेजो।यहां कई गरीब ठंड से कांप रहे हैं।सेठ किरोड़ी ने कहा,कम्बल तो दिन में बांटे जाते हैं,रात में नहीं।हमने कहा,ठंड को यह बात समझाओ कि वह रात में न लगे!सेठ किरोड़ी ने बताया,मकर संक्रांति के दिन दोपहर को कम्बल बांटे जाएंगे।मीडिया के साथ बड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा,हमारी समाज सेवा मॉडल समाज सेवा है।हमारी संस्था को देखकर लोग समाज सेवा करना सीखते हैं।सेठ किरोड़ी की मॉडल समाज सेवा के चक्कर में,मुझे अपने घर से लाकर तीन कम्बल ठंड से पीड़ितों को देने पड़े।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# दो लाख के अवैध गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

### तस्करी में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल बरामद

**जनसंदेश न्यूज**



जिगना पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षान्त राज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थाना जिगना पुलिस बल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना जिगना क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा गांजा क्रय-विक्रय किया जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना जिगना पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर 04 आरोपियों 1दीपक कुमार बिन्द, सचिन उर्फ अखिलेश, पवन यादव व ओम प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छः बण्डलों में रखा हुआ कुल 14.450 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 2.0 लाख) तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त की जा रही 03 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग विगत कुछ दिनों से दीपक कुमार बिन्द से गांजा खरीद कर मीरजापुर व आस-पास के जनपदों में मोटर साइकिलों से बिक्री करने का काम करते है, जिससे अर्जित धनराशि से अपने तथा अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते है।

# सीडीओ को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की लगाई गुहार

**मांग**

### पीएम आवास हेतु 15 हजार रुपए मांगने का लगाया आरोप

**हलिया।** विकास खंड के ऊंटी ग्राम पंचायत निवासी विधवा महिला धीराजा देवी पत्नी स्वर्गीय राम अचल व सावित्री देवी पत्नी श्याम बिहारी ने बुधवार को सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव पर पात्र होने के बाद भी 15 हजार रूपए नही देने पर प्रधानमंत्री आवास के लिए अपात्र घोषित करने का आरोप लगाते हुए सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में बीडीओ ने जांचोपरांत प्रधानमंत्री आवास दिए थे और हम लोगों का नाम वेबसाइट पर अपलोड था लेकिन वर्ष 2022-23 में ग्राम सचिव के द्वारा हम लोगों से 15 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांग रहे थे कहा कि 15 हजार रुपए नही दिए जाने पर आवास के लिए अपात्र घोषित कर देंगे। सचिव ने कहा कि आवास के लिए ब्लाक से लेकर जिला तक सुविधा शुल्क देना पड़ता है। हम लोगों द्वारा आवास के लिए 15 हजार रुपए नही दिए जाने पर सचिव ने गांव में आकर दूसरे का बना पक्का मकान का फोटो खींचकर वेबसाइट पर अपलोड कर आवास के लिए अपात्र घोषित कर दिया। सचिव को रूपए नही देने पर हम लोगों को आवास के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है जबकि हम लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र हैं। विधवा धीराजा देवी व सावित्री देवी ने सीडीओ को पत्रक देकर मामले की जांच कराने व आवास के लिए पात्र होने के बाद भी अपात्र घोषित करने वाले ग्राम सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# 23 जनवरी बनायी जायेगी सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला

**जनसंदेश न्यूज**

**सड़क सुरक्षा माह**

### डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के दिये दिशा निर्देश

### मानव श्रृंखला के पश्चात दिलायी जायेगी सड़क सुरक्षा शपथ

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 23 जनवरी 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिये जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मानव श्रृंखला का शुभारम्भ पूर्वान्ह 11 बजे निर्धारित है मानव श्रृंखला समापन के पश्चात सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाया जायेगा।

उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि मानव श्रृंखला में एन0सी0सी0, एन0एस0, स्काउट गाइड के बच्चों के साथ ही प्राथमिक विद्यालय, उच्च शिक्षा छात्रो को मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिये सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मानव श्रृंखला में आम जन मानस में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करायी जाय।

इस कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी, एन0जी0ओ0, स्वंय सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों की भी सहभागिता ली जाय। उन्होने कहा कि मानव श्रृंखला हेतु समस्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल पर 10:30 अनिवार्य रूप से एकत्र कर लिया जाय।

### इलाज करवाकर लौट रहे किसान की रास्ते में मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव निवासी 70 वर्षीय किसान सरजू प्रसाद अपने पुत्र दयाशंकर के साथ बाइक से प्रयागराज स्थित निजी अस्पताल में दवा करवाने गये हुए थे। जहां मंगलवार की देर शाम लौटते समय शाम साढ़े सात बजे के करीब रतेह चौराहा पहुंचे तो बेटे से रास्ते में स्थानीय लोगों द्वारा जलाए गए। अलाव को देखकर हाथ सेंकने की इच्छा जताई बेटे के साथ सरजू प्रसाद अलाव तापने लगे कि अचानक अलाव तापते समय जमीन पर गिर पड़े और कुछ ही देर में वृद्ध की मौत हो गई। अगल बगल मौजूद स्थानीय लोग वृद्ध की अचानक मौत से हतप्रभ रह गए। स्थानीय निवासी मनोज सोनी ने मूंगनाथ किशुन लाल चौरसिया, शिव लाल की मदद से अपने निजी वाहन से वृद्ध के शव को उसके घर भिजवाया। स्थानीय लोगों ने वृद्ध को ठंड लगने से मौत होने की आशंका जताई है। मृतक के दो पुत्रों की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक की पत्नी जमुना देवी पति की मौत की खबर पाकर बेसुध होकर रोने बिलखने लगी। कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद भी रतेह चौराहा पर तहसील प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही किए जाने पर आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने भीषण ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की मांग किया है।

# जिले में आगे आये निवेशक 55 सौ करोड़ होगा निवेश

**पहल**

### इन्वेस्टर्स समिट 2023 में जुटें जन प्रतिनिधि और निवेशक

### अधिकारियों ने कहा आपका है स्वागत, मिलेगी सुविधा हम हैं ना

**जनसंदेश न्यूज**



दीप प्रज्ज्वलन करतीं केन्द्रीय राज्य मंत्री

**मीरजापुर।** जिले में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय पर किया गया। जिसमें 61 एमियु साइन किया गया। जिसमें करीब 55 सौ करोड़ का इन्वेस्ट किया जायेगा। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करने के पूर्व जिला स्तर पर इन्वेस्टर सम्मिट 2023 का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के लिए 61 निवेशकों ने अपनी रुचि दिखाई और एएमयू साइन किया गया। वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने समिट की सफलता पर कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक उद्यमी को उद्योग के स्थापना के लिए सहूलियत मिले। उन्हें सरकारी स्तर से हर प्रकार का सहयोग मिले। इसके लिए हर माह एक निश्चित तिथि पर बैठक कर प्रगति पर चर्चा की जाएगी। किसी को कोई समस्या हो तो उसका तत्काल निस्तारण भी किया जाएगा। समिट में शामिल निवेशकों ने प्रसन्नता जताया। कहा कि अब अपने व्यवसाय से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें जगह-जगह विभागों में नहीं भटकना पड़ेगा। एक ही काउंटर से उनके सारे काम हो जाने से समय की बचत होगी। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मंडलायुक्त डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस एवं उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार समेत तमाम निवेशक और अधिकारी शामिल हुए।

# देश में जेहादी उन्माद से आक्रोश राष्ट्रपति को भेजा पत्रक

**कार्रवाई की मांग**

### बजरंग दल, विहिप ने हिंदुओं पर बढ़ते हमलों पर जतायी चिंता



एडीएम को ज्ञापन देते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी

**मीरजापुर।** देश में बढ़ते उन्माद और जेहादी मानसिकता के खिलाफ बजरंग दल एवं विहिप के नेताओं ने राष्ट्र पति को संबोधित पत्रक अपर जिलाधिकारी को सौंपा। 4 सुत्रीय मांगपत्र में आतंकी वारदात को अंजाम देने, प्रेरित करने और प्रश्रय देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई हैं। पिछले 2 वर्षों में ही बजरंग दल के 9 कार्यकताओं की हत्या और 32 कार्यकताओं पर हमले हुए हैं।

अभी दिल्ली में दो हत्यारों ने एक हिंदू की निर्मम हत्या कर दी। उसके 32 टुकड़े करने के बाद कहा कि उसके निशाने पर कई हिंदू नेता हैं। पत्रक में घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मुस्लिम समाज को भड़काने वाले मौलवियों व नेताओं पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाएं जाने की मांग की गई है। प्रेरक तत्व जिहादी विचारधारा है जिस पर रोक लगाने के लिए एक आवश्यक कठोर कानून बनाना चाहिए। आरोप लगाया की शिक्षा के नाम पर घृणा का वातावरण बनाने का कुछ लोगों के द्वारा काम किया जा रहा है। उन पर नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था बनाया जाना समय की मांग है। अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल को पत्रक सौपने वालो में विभाग संगठन मंत्री उमाकान्त, विहिप जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, बजरंग दल जिला संयोजक प्रवीण मौर्य, सह संयोजक पवन उमर, जिला सह संयोजक अशोक सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख विवेक पाण्डेय, जिला गौरक्षा प्रमुख रणविजय, जिला मिडिया प्रमुख अरविन्द सारस्वत, जिला संस्कृत प्रमुख अभय मिश्रा, जिला धमार्चार्य प्रमुख सुभाष गिरी, मठ मन्दिर प्रमुख सर्वेश शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष लालजी व अंशुमाली विन्ध्याचल प्रखण्ड अध्यक्ष दीनानाथ, नगर गौरक्षा प्रमुख अंकित मौर्य, नगर सह सुरक्षा प्रमुख रोहित वर्मा, सोभित, अमित, विशाल, अतुल एवं शिवा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाई को मृत घोषित कर उसकी जमीन हड़पने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्यसंतोष कुमार मिश्राह्न द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/ वांछित/ पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 18.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री- माधव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर पंजीकृत मु0अ0सं0-161/2022 धारा 419/ 420/ 467/468/ 471 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त कन्हैया लाल पुत्र स्व0 राम अधार निवासी शीतला माता मन्दिर चोपन रोड कुआ के पास ओवरा थाना ओवरा जनपद सोनभद्र हालपता ग्राम कनौरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

# युद्धस्तर पर चल रहा है कॉरिडोर निर्माण कार्य

### नगर मजिस्ट्रेट ने तीन घंटा तक कॉरिडोर क्षेत्र का लिया जायजा

**मीरजापुर।** आगामी महीनों में नवरात्रारंभ के पूर्व देश प्रदेश के अतिविशिष्ठों के आगमन की संभावनाओं के चलते युद्धस्तर पर विन्ध्यकोरिडोर का कार्य संपादित हो रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विगत दो दिन लगातार कोरिडोर निर्माणकार्य का स्थलीय निरीक्षण के साथ साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक के दौरान कोरिडोर कार्य को लेकर काफी आक्रामक अंदाज में भी प्रतीत हुई। उनके द्वारा दस मार्च तक निर्माणकार्य को पूर्ण करने का निर्देश भी जारी किया गया है। इसी निर्देश को पूर्ण कराने के उद्देश्य में बुधवार की अपराह्न नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने करीब तीन घंटे तक प्रोजेक्ट मैनेजर वीरेन्द्र कुमार के साथ कोरिडोर क्षेत्र में समय व्यतीत किया। इस दौरान उन्होंने पक्काघाट, कोतवाली मार्ग, न्यू व्ही आई पी मार्गो पर चल रहे प्रगति कार्यों पर कार्यदाई संस्था द्वारा नियुक्त ठेकेदारों से तय समय में कार्य कैसे पूर्ण किया जाय इसपर चर्चा करते नजर आए। इस दौरान सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जेई पी डब्लू डी प्रवीण चौहान इत्यादि लोग मौजूद रहे।



कॉरिडोर का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट

# अधिवक्ता के सहयोग से समाज को मिलता है न्याय : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** तहसील अधिवक्ता सभागार में बुधवार को विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने अध्यक्ष एवं सचिव समेत सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि बादकारियों के हित में बार एवं ब्रंच का सहयोग आवश्यक है। कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रहरी है। अधिवक्ता के सहयोग से समाज को न्याय मिलता है। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने 2023 के नये पदाधिकारी अध्यक्ष पद से अखिलेश कुमार मिश्रा, सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य, उपाध्यक्ष से राजेश कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव राजेश कुमार गुप्ता, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, को शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी से अपने पद के दायित्व का निर्वहन करें। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने कहा कि अधिवक्ताओं के बल पर समाज के तमाम लोगों को सरल व सहज ढंग से न्याय मिलता है जिसमें अधिवक्ता की प्रथम भूमिका होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जगत नारायण मिश्र ने किया तथा संचालन चंद्र त्रिपाठी फस्ट ने किया। इस अवसर पर चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे, सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, प्रभु नाथ दुबे, विजय कुमार मौर्य, जगत शास्त्री, जनार्दन प्रसाद मिश्र, मनोज कुमार दुबे, इंद्रमणि शुक्ला, कुबेर मौर्या, सत्य प्रकाश तिवारी, गुलामे रसूल आदि लोग उपस्थित रहे।



अधिवक्ताओं को शपथ दिलाते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

### ऋषभ हार्डवेयर ने कप पर कब्जा जमाया

**चुनार।** सत्यम स्पोर्टिंग क्लब बनमिलिया के खेल ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें तमाम टीमों ने भाग लिया था। कई टीमों का कड़ा मुकाबला हुआ फाइनल मैच में दो टीमें पहुंच गई। ऋषभ हार्डवेयर स्पोर्टिंग क्लब सोनबरसा खुर्द और बनमिलिया टीम जिसमें ऋषभ हार्डवेयर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 130 रन का लक्ष्य रखा। वहीं बनईमिलिया स्पोर्टिंग क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 10 वें ओवर में 70 रन पर ऑल आउट हो गई, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदलाल भारती ग्राम प्रधान बनईमिलिया रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार समाजसेवी रहें। साथ ही मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटे खेल से ही सीखकर कोई बड़ा खिलाड़ी बनता है। कभी हार नहीं मानना चाहिए आगे लगन के साथ खेल को खेलना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी। खिलाड़ियों में ऋषभ हार्डवेयर स्पोर्टिंग क्लब सोनबरसा खुर्द के टीम सदस्य ऋषभ पटेल कैप्टन, गोविंद उप कैप्टन, विनोद, ऋतुराज, गौरव, आशुतोष, कुलदीप, हुसैन, मिथुन, सिराज, सूरज, नफीस, शुभम, प्रदीप जायसवाल इत्यादि रहें।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाया

**आयोजन**

### जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान का किया गया शुभारम्भ

### बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के प्रति कलेक्ट्रेट में दिलायी गयी शपथ

**जनसंदेश न्यूज**



हस्ताक्षर करतीं डीएम

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में 18 जनवरी 2023 से 24 जनवरी 2023 तक राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर साप्ताहिक जागरूकता अभियान का बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा हस्ताक्षर कर बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। तदुपरान्त कलेक्ट्रेट में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के प्रति शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उदेद्श्य है कि गिरते हुये लिंगानुपात में सुधार हेतु कन्या की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी शिक्षा पर भी बल देना हैं। साथ ही बालिकाओं व महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कर बढ़ावा देना हैं। हस्ताक्षर अभियान में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलि अधीक्षक नक्सल महेश चन्द्र अत्री, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार व संतोष कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, महिला कल्याण अधिकारी मंजू यादव, उप निदेशक महिला कल्याण पुनीत टंडन के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### बदल रही है गांवों में विकास की तस्वीर : ब्लॉक प्रमुख



**लालगंज।** परमहंस आश्रम जयकर स्थिति भुकभुकिया भगवान शंकर मंदिर के परिसर में विकासखंड लालगंज के ग्राम प्रधानों ने प्रमुख की अध्यक्षता में बुधवार को गांव के विकास के मुद्दे पर चर्चा करके विकास योजनाओं को धरातल पर प्रत्येक व्यक्ति से जोड़ने के लिए चर्चा किया। कहा कि गांव की तस्वीर बदल रही है और इसके लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाएं के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में ग्राम प्रधान जुटे हुए हैं। प्रमुख जयंत कुमार ने कहा कि लालगंज विकासखंड के विकास के लिए उत्तरोत्तर क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत दोनों के संबंधों से आधारभूत विकास किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक गांव के प्रधान के समन्वयक विचार से योजना को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में बदलाव लाया जा रहा है। प्रधान संघ की अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने बताया कि विकासखंड के 53 ग्राम सभाओं में प्रत्येक गांव की अपनी व्यवस्था सामूहिक चर्चा और विकास के मॉडल से तय की जा रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गणेश शंकर द्विवेदी, श्याम कुमारी, शारदा सिंह, रामकुमार, महानारायण, मुंशी, हफीज अहमद, महानंद, सीमा, कुसुम देवी, सरोज देवी, राज नारायण पाल महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### कॉरिडोर व दान के नाम पर फ्राड, मुकदमा दर्ज

**मीरजापुर।** विंध्याचल पुलिस ने माता विंध्यवासिनी के नाम से फेसबुक पेज और वेबसाइट के माध्यम से चंदा वसूलने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज मामले में एसपी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हें जेल भेजने के साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। विंध्याचल मंदिर के नाम पर और वेबसाइट पर उत्तर प्रदेश में बड़े नवीनीकरण एवं विकास कार्य हेतु स्वेच्छा से दान की अपील किया गया था। विंध्य कारिडोर के निर्माण के नाम पर चंदा वसूलने की शिकायत जिला प्रशासन को मिला था। जिस पर जांच किया जा रहा था । वेबसाइट और फेसबुक खंगालने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ विंध्याचल थाना में मामला दर्ज कराया। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मामला दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही उनके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। कारीडोर निर्माण कार्य के लिए कोई चंदा लेने का प्रावधान नहीं है जिन। इसके बावजूद साइबर क्राइम करते हुए मंदिर और निर्माण के नाम पर लोगों से दान के नाम पर वसूली की जा रहा है। जो नियम के विरुद्ध हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कार्यवाही किया जाएगा। एसपी ने बताया कि विंध्य कारीडोर के नाम पर लोगों के द्वारा चंदा वसूलने की शिकायत मिली थी। जिस पर कमेटी का गठन कर जांच बैठाई गया था। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कराया गया है। आरोपियों के बारे में काफी कुछ पता लगा है। जल्द ही दान के नाम पर वसूली करने वालों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

### 30 वर्षीय युवक की ठंड लगने से मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय युवक की ठंड लगने से बुधवार को सुबह मौत हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी फूलचंद का 30 वर्षीय पुत्र लालजी दिहाड़ी मजदूर कार्य करता था। मंगलवार को लालजी मजदूरी करने के लिए मीरजापुर शहर में गया हुआ था जहां काम करते समय पटिया टूटने से वह छत से नीचे गिर गया था। जिसका मंडलीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराने के बाद शाम को वह घर चला गया था। बुधवार को भोर में ठंड के प्रकोप से लालजी को अचानक दर्द बढ गया और पत्नी रेखा स्वजनो के साथ निजी साधन से अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक मजदूर के 5 वर्षी व तीन वर्ष के दो बच्चे है। लालजी अपने बाप का इकलौता पुत्र था, मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने बताया कि लहंगपुर चौकी के प्रभारी साक्ष्य में वाराणसी गए हैं, दूसरे सब इंस्पेक्टर को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

### तीन चोरों को ग्रामीणों ने दबोचा

**मड़िहान।** दो दिन पूर्व खेत से चोरी समर सेवल पम्प बरामद किया गया। मोटर बेचने गए तीन साथियों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। दो चोर भागने में सफल हो गए। बरामद पम्प समेत चोरों को पुलिस के हवाले किया गया। फरार हुए दो चोरों की तलाश में पुलिस जुट गयी है। हिरासत में लिए गए आरोपी युवकों में दिनेश व धर्मेन्द्र पटेवर व सोनभद्र जनपद स्थित सिरहूट गांव निवासी युवक पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों द्वारा देवरी गांव निवासी गोलू मिश्रा व भदौहा गांव का एक युवक फरार बताया जा रहा है।

### टीकाकरण में न करें लापरवाही : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा की अध्यक्षता में तहसील तक टास्क कोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देशित किया गया कि यूनिसेफ के सहयोग के लिए टीकाकरण से वंचित 0 से 2 वर्ष के बच्चे झिझक परिवार को टीकाकरण कराये जाने में लापरवाही न हो। पंचायती राज शिक्षा विभाग आंगनबाड़ी विभाग व अन्य के सहयोग से टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिसमें जिला से जिला समन्वयक अखिलेश शर्मा, यूनिसेफ से डॉ अभिषेक जायसवाल, डॉक्टर अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी महेश कुमार, एडीओ पंचायत राजाराम उपाध्याय, सीडीपीओ विकास शुक्ला, बी ई ओ जय कुमार यादव, एफएम अखिलेश पाठक, बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाइक व स्कूटी की टक्कर में दो घायल

**सीखड़।** कछवां थाना क्षेत्र के खैरा आरा मशीन के पास बुधवार सायं करीब 3:30 बजे स्कूटी एवं बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल हो गए। धनैता गांव निवासी सुनील 22 पुत्र मुन्ना घर से खैरा की तरफ जा रहा था चुनार की तरफ से घोरावल निवासी महावीर 28 पुत्र रामबली निवासी फुलवारी थाना घोरावल की आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँची खैरा पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए कछवां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सकों ने दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं।

### दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी रजवन्ती पत्नी तौलन निवासी रामपुर रिक्शा थाना मड़िहान मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री की दहेज हत्या के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसमें धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज ज्ञानू प्रिया मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से नामजद आरोपी प्रेमनाथ(पति) पुत्र प्रभु निवासी चफला थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन घायल

**लालगंज।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के सर्विस रोड पर स्थित राजापुर गांव के सामने यूनूस पुत्र जैनुद्दीन उम्र 18 वर्ष निवासी बनकट थाना देहात कोतवाली व शाहिद पुत्र जैनुद्दीन निवासी बनकट थाना देहात कोतवाली बाइक से लहंगपुर अपने घर बनकट जा रहे थे कि जैसे ही राजापुर गांव के सामने पहुंचे कि सामने से आ रहे साइकिल सवार रामधनी पुत्र बैठोले कोल निवासी खम्हरिया थाना लालगंज में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। जानकारी मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी धनंजय सिंह अपने कांस्टेबल पद्माकर सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार दो घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से मीरजापुर भेजा गया। वहीं पर साइकिल सवार रामधनी को 108 एम्बुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज उपचार के लिए भेजा। राहगीरों ने बताया कि बाइक सवार के सर में चोट लगी है।

### आज मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में लाल डिग्गी स्थित आशीर्वाद पैलेस में आज दोपहर दो बजे महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर उनके राष्ट्रीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी आयुष सिंह ने दी है।

### धारा 82 की नोटिस की गई चस्पा

**हलिया।** न्यायालय के निर्देश पर ड्रमंडगंज पुलिस ने आईपीसी की धारा 363,366,376,120 बी व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों के घर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा की। शुकुलपुर गांव निवासी महेंद्र, अमृत लाल उर्फ कुल्हाड़ी, हीरा, दीपक उर्फ टकला व पटेहरा गांव निवासी दरोगा के घर पहुंचकर उप निरीक्षक कोमल सिंह यादव हेड कांस्टेबल अखिलेश प्रजापति कांस्टेबल प्रमोद यादव ने गांव में मुनादी करवाकर नोटिस चस्पा किया।

# स्पोर्ट्स

## आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए सान फ्रांसिस्को, लास एंजिल्स, टेक्सास का किया मुआयना

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की स्थल मुआयना टीम ने 2024 टी20 विश्व कप के लिये ऑकलैंड, फ्लोरिडा और लॉस एंजिल्स जैसे कुछ शहरों का दौरा किया जिसका आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज क्रिकेट द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। अमेरिका क्रिकेट अध्यक्ष अतुल राय ने यह जानकारी दी। आईसीसी टूनार्मेंट का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस मुकाबला भारत बनाम पाकिस्तान दोनों टीमों के दर्शकों की संख्या को देखते हुए वेस्टइंडीज में नहीं अमेरिका के होने की संभावना है। राय ने पीटीआई को दिये साक्षात्कार में कहा, ह्यह्यभारत के वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में मुकाबले को मिली प्रतिक्रिया को देखते हुए इसे अमेरिका में कराया जायेगा। भारत के इस मैच के सारे टिकट बिक गये थे। अमेरिका में 2024 वैश्विक टूनार्मेंट इस तरह का पहला टूनार्मेंट होगा जबकि कैरेबियाई देशों में पहले भी 50 ओवर (2007) और एक टी20 विश्व कप आयोजित किया जा चुका है।

# हाईस्कोरिंग मैच में भारत की संकीर्ण जीत

## गेंदबाज ब्रेसवेल की तूफानी पारी कीवियों को जीत दिलाते रह गयी
## 12 रन से जीता भारत, शुभमन गिल ने जड़ा जोरदार दोहरा शतक

**प्रथम एकदिनी**

### गिल ने लगातार 3 छक्के जमाकर पूरा किया दोहरा शतक, भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 350 रन का टारगेट



**हैदराबाद।** भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 349 रन बनाने वाले भारत को जीतने के लिए पसीना बहाना पड़ा। 350 के लक्ष्य के पीछे कीवियों ने 49.2 ओवरों में अपनी पारी 337 पर खत्म की। मेहमानों ने छह विकेट एक समय 131 पर खो दिए लेकिन स्पिनर ब्रेसवेल ने तूफानी बल्लेबाजी से भारतीय गेंदबाजों को होश उड़ा दिए।

न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने धमाकेदार शतकीय पारी खेली। ब्रेसवेल ने 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। माइकल ब्रेसवेल का वनडे क्रिकेट में यह दूसरा शतक था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए उस समय पर शतक लगाया जब टीम के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज पूरी तरह से लड़खड़ा गई थी। इस दौरान ब्रेसवेल को मिचेल सैंटनर का भरपूर साथ मिला और 160 रन का साझेदारी की।

सैंटनर 45 गेंद में 57 रन बनाकर पवेलियन वापस लौटे। ब्रेसवेल 70 गेंदों पर 140 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में शार्दुल के शिकार बने। दोहरा शतक बनाने वाले शुभमन गिल को मैन आफ द मैच चुना गया। भारत ने 12 रनों की जीत से सिरीज में 1-0 की लीड ले ली।

भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे थे। शुरूआत में ब्रेसवेल ने सावधानी पूर्वक क्रीज पर अपनी आंखें जमाई। इसके बाद उन्होंने लगातार सभी भारतीय गेंदबाजों को अपना निशाना बनाया। इस बीच उन्होंने अपना शतक पूरा कर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह के एक रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। ब्रेसवेल वनडे क्रिकेट में सिर्फ दूसरे ऐसे बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया।

## रोहित शर्मा का धमाका, तोड़ दिया धोनी का यह रिकॉर्ड बने वनडे में भारत के नए 'सिक्सर किंग'



न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में रोहित शर्मा ने एक खास रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित भारत की धरती पर (यानि अपने घर में) वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ऐसा कर रोहित ने धोनी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. रोहित ने भारत में वनडे में अब 125 छक्के लगा चुके हैं. बता दें कि इस मामले में अपने घर पर धोनी ने 123 छक्के वनडे क्रिकेट में जडे थे। बता दें पहले वनडे में रोहित 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ-साथ रोहित ने वनडे में एडम गिलक्रिस्ट को पछाड़ दिया है। रोहित अब गिलक्रिस्ट के द्वारा वनडे में बनाए गए रनों के आंकड़े को पार करने में सफल हो गए हैं। बता दें कि गिलक्रिस्ट ने वनडे में 9619 रन बनाए थे तो वहीं रोहित उनसे आगे निकल गए हैं। अब रोहित के वनडे में कुल 9630 रन हो गए है। मैच की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. भारत ने श्रीलंका को शनिवार को तीसरे वनडे में हराने वाली टीम में तीन बदलाव किये हैं. हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर और ईशान किशन को टीम में जगह दी गई है।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन से राफेल नडाल बाहर, बोले- हार से निराश हूं लेकिन लड़ना नहीं छोड़ूंगा



मेलबर्न। आस्ट्रेलिया ओपन में अमेरिकी प्रतिद्वंदी मैकेंजी मैकडानल्ड से मिली हार से निराश राफेल नडाल ने स्वीकार किया है कि वह चोटों के कारण मानसिक रूप से कमजोर हुए हैं मगर दुनिया भर में अपने लाखों प्रशसंको को विश्वास दिलाते हैं कि वह अपने करियर को आगे बढ़ाते हुए जुझारू प्रवृत्ति को बरकरार रखेंगे। विश्व के नम्बर दो खिलाड़ी नडाल को अमेरिका के मैकेंजी मैकडानल्ड ने बुधवार को 6-4,6-4 और 7-5 से हराया जिसके बाद नडाल का मौजूदा टूनार्मेंट में सफल खत्म हो गया। नडाल दूसरे सेट के बाद हिप और लेग इंजरी से परेशान दिखने लगे थे मगर इसके बावजूद उन्होंने पूरा मैच खेला। हालांकि हार के साथ उन्होने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से विदाई ली। मैच के बाद नडाल ने कहा,ह्लमैं अपनी चोट में इजाफा किये बगैर खेलना जारी रखता चाहता था। मै मैच को खत्म करना चाहता था। मैकेंजी ने उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन किया। एक लंबे अरसे के बाद मैं अपने मौकों के लिये लड़ रहा था मगर नेट के दूसरी ओर मैकेंजी लाजवाब टेनिस खेल रहा था। मै उसके खिलाफ उम्दा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था और आखिर में मुझे मैच गंवाना पड़ा मगर मैने मैच के अंतिम लम्हे तक पूरी कोशिश की।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर दागे दे दना दन गोल, 7-0 से हराया

### लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया



**केपटाउन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए मेजबान टीम को दूसरे मैच में 7 . 0 से हराया और लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया। पहले मैच में 5 . 1 से जीत दर्ज करने वाली एफआईएच नेशंस कप चैम्पियन भारतीय टीम ने उसी लय को कायम रखा।

उदिता ने नौवे मिनट में पहला गोल किया। गोलकीपर सविता की अगुवाई वाली टीम ने दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका पर और दबाव बनाया। वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने 22वें मिनट में दूसरा गोल किया। इसके बाद पूर्व कप्तान रानी ने फील्ड गोल किया जो छह महीने बाद टीम में लौटी हैं। दूसरे क्वार्टर के आखिर में भारत की बढत छह गोल की हो गई जब संगीता कुमारी, नवनीत कौर और वंदना कटारिया ने 25वें, 26वें और 27वें मिनट में गोल दागे । तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका लेकिन वंदना ने चौथे क्वार्टर में 58वें मिनट में गोल किया । भारत को अब गुरुवार को अगला मैच खेलना है।

## फुटबाल: ग्वालियर में खुलेगा देश का पहला रेफरी उत्कृष्टता केंद्र



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देश के पहले रेफरी उत्कृष्टता केंद्र (कोर) की स्थापना के लिये एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। एआईएफएफ ने इस सिलसिले में एक बयान जारी करके कहा कि यह एमओयू देश में फुटबॉल के विकास के लिये विजन 2047 के तहत रणनीतिक रोडमैप का हिस्सा है। रोडमैप के अनुसार देश भर में रेफरियों के विकास के लिए पांच सेंटर फार रेफरी एक्सीलेंस (कोर) स्थापित किए जाएंगे। इस कड़ी में ग्वालियर अपनी तरह का पहला केंद्र है। एआईएफएफ और एलएनआईपीई कोर के अलावा फुटबॉल के लिये जरूरी व्यायाम फिजियोलॉजी, बायोमैकेनिकल और मनोवैज्ञानिक पहलुओं के अध्ययन के लिए मिल कर शोध करेंगे और अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों के जरिये फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिमय कार्यक्रम भी शुरू करेंगे। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, रेफरियों का विकास विजन 2047 का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह एमओयू आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से देश भर में फुटबॉल के खेल के प्रसार के लिए फेडरेशन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की एक कड़ी है।

## डोपिंग के फेर में फंसी नंबर-1 धाविका दुती चंद, राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक फरार्टा धाविका दुती चंद टूनार्मेंट से बाहर हुए टेस्ट में प्रतिबंधित अनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन की दोषी पाई गई हैं और उन पर अस्थायी निलंबन लगा दिया गया है । दुती की जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीटीआई के पास है, इसके मुताबिक इस धाविका के नमूने में एसएआरएमएस (सेंलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलेटर) के अंश मिले हैं। इसका इस्तेमाल आमतौर पर मांसपेशियों के द्रव्यमान और ताकत बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह शरीर में वसा को कम करता है और सहनशक्ति बढ़ता है। एशियाई खेल 2018 में सौ और दो सौ मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर रही दुती सौ मीटर में मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन है । राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया , दुती चंद को एंडराइन, ओस्टराइन और लिगांड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया है । दुती को तीन जनवरी 2023 करे लिखे पत्र में एएएफ अधिसूचना में कहा गया , मैं आपको सूचित करता हूं कि आपके ए नमूने की एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप टेस्ट प्रयोगशाला) में वाडा (विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी) की प्रक्रिया के तहत जांच की गई और नतीजा पॉजिटिव आया है । यह नमूना पिछले साल पांच दिसंबर को टूनार्मेंट से इतर प्रतियोगिता में लिया गया था । पत्र में दुती को इसके परिणामों के बारे में भी आगाह किया गया । इसमें कहा गया , पत्र की विषयवस्तु को ध्यान से पढ़े जिसमें इसके परिणामों के बारे में बताया गया है । पत्र में कहा गया है कि दुती के पास बी नमूना परीक्षण के लिए अपील करने के लिए सात कार्य दिवस है, जिसमें विफल रहने पर नाडा मानेगा कि उसने दूसरे नमूने का विश्लेषण करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया। दुती को तीन जनवरी को नोटिस जारी किया गया था। इसके मुताबिक दुती का बी नमूना परीक्षण के लिए अपील करने का समय अब समाप्त हो गया। दुती ने संपर्क करने पर कहा , मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है । मैने कई टेस्ट दिये हैं लेकिन एएफआई ने मुझे कुछ बताया नहीं है ।

मुझे सोशल मीडिया से ही इसकी जानकारी मिल रही है । दुती के पास 11.17 सेकंड के समय के साथ 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2021 में पटियाला में इंडियन ग्रां प्री चार में बनाया था। वह वर्तमान में राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं और हैदराबाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के किसी कोच के साथ प्रशिक्षण नहीं ले रही हैं। . वह अपने दम पर प्रशिक्षण लेने के लिए भुवनेश्वर चली गईं। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें दुती के पॉजिटिव परीक्षण के बारे में कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे उसके पॉजिटिव परीक्षण पर कोई खबर नहीं मिली है। नाडा से पूछें। वे हमें पंजीकृत डाक के माध्यम से परीक्षणों के बारे में सूचित करते हैं, जिसके आने में कुछ दिन लगते हैं। दुती से पूछें कि क्या उन्हें पत्र मिला है? दुती ने 2016 के रियो ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था। इस स्पर्धा में उन्होंने भागीदारी के 36 साल के सूखे को खत्म किया था। दिग्गज घाविका और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा ने 1980 के मास्को ओलंपिक में भाग लिया था।

## वेल्स से होगा भारतीय टीम का अगला मुकाबला, क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए बड़ी जीत की जरूरत



**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में गोलरहित ड्रॉ खेलने वाली भारतीय टीम एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के आखिरी पूल मैच में गुरुवार को जब वेल्स से खेलेगी तो उसका लक्ष्य बड़े अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने का होगा। भारत और इंग्लैंड के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं लेकिन इंग्लैंड गोल औसत से आगे है। इंग्लैंड का गोल औसत प्लस पांच है जबकि भारत का प्लस दो है। भारत के लिये फायदा यह होगा कि मैच से पहले उसे पता होगा कि उसे कितने गोल से जीतना है क्योंकि इंग्लैंड और स्पेन का मैच उससे पहले है। इंग्लैंड अगर हारता या ड्रॉ खेलता है तो भारत का काम जीत से ही चल जायेगा और वह पूल डी में शीर्ष पर रहेगा। इसके साथ ही वह ग्रुप आफ डैथ से सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच जायेगा। इंग्लैंड अगर स्पेन को हरा देता है तो भारत को कम से कम पांच गोल के अंतर से जीत तो दर्ज करनी ही होगी। इंग्लैंड की जीत के अंतर के अनुसार यह आंकड़ा बढ जायेगा। दोनों टीमों के समान गोल और समान जीत रही तो पूल चरण में रैकिंग का निर्धारण गोल औसत के आधार पर होगा। भारत दूसरे स्थान पर भी रहता है तो वह टूनार्मेंट से बाहर नहीं होगा। ऐसे में उसे पूल सी की तीसरे स्थान की टीम से क्रॉसओवर खेलना होगा जो न्यूजीलैंड या मलेशिया हो सकती है। भारत ने स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम पर दो मैच खेलने के बाद अब टीम कलिंगा स्टेडियम पर इस विश्व कप का अपना पहला मैच खेलेगी। चारों पूल से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जायेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमें क्रॉसओवर मैच खेलेंगी।

## विश्व कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिये कठिन परीक्षा



**ईस्ट लंदन (दक्षिण अफ्रीका)।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कई कमजोरियां उजागर हुई और अब मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में टीम तीनों विभागों में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी । दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप शुरू होने में कुछ ही दिन रह गए हैं । कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला जीतकर पूरे आत्मविश्वास के साथ टूनार्मेंट में उतरना चाहेगी । पिछली श्रृंखला में भारत 1 . 4 से हार गई थी। गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में भारतीय टीम कमजोर साबित हुई और 10 फरवरी से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले टीम को काफी मेहनत करनी होगी। भारत की युवा और कमोबेश अनुभवहीन टीम को तेज गेंदबाजी में झूलन गोस्वामी के अनुभव की कमी खल रही है। इसी वजह से शिखा पांडे को करीब 15 महीने बाद अचानक टीम में शामिल किया गया। पांडे ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2021 में खेला था और उसके बाद से विवादित ढंग से टीम से बाहर थी। तैतीस वर्ष की शिखा को तेज आक्रमण की अगुवाई करनी होगी। तेज गेंदबाज हरफनमौला पूजा वस्त्राकर भी टीम में लौटी हैं जो चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। रेणुका सिंह और अंजलि सरवानी ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा ही लगातार विकेट लेने में कामयाब रही है। भारत को शेफाली वर्मा और रिचा घोष की कमी खलेगी जो अंडर 19 महिला विश्व कप खेल रही हैं। उनकी गैर मौजूदगी में दूसरे खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिलेगा। एस मेघना इस श्रृंखला में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज कर सकती है जबकि यस्तिका भाटिया विकेटकीपिंग करेगी। फिनिशर की भूमिका में रिचा की गैर मौजूदगी में कप्तान हरमनप्रीत को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रौड्रिग्ज पर भी नजरें होंगी। मेजबान दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रमंडल खेलों के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस श्रृंखला से उन्हें विश्व कप से पहले विभिन्न संयोजनों को आजमाने का मौका मिलेगा।

## कुश्ती महासंघ अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे भारतीय पहलवान, 'यौन शोषण का लगाया आरोप'



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगा है। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत देश के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के तानाशाही रवैये के खिलाफ बुधवार को धरने पर बैठ गए। पहलवानों के शिकायतों या मांगों से यह स्पष्ट था कि वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और कैसरगंज से भाजपा सांसद सिंह के रवैये से आजिज आ चुके हैं। बजरंग, विनेश, रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता मोर, संगीता फोगाट, सत्यव्रत मलिक, जितेंद्र किन्हा और राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता सुमित मलिक जंतर मंतर पर धरने पर बैठे 30 पहलवानों में हैं। बजरंग ने कहा , हमारी लड़ाई सरकार या भारतीय खेल प्राधिकरण के खिलाफ नहीं है। हम डब्ल्यूएफआई के खिलाफ है । हम आज इसका ब्यौरा देंगे। ये तो अब आर पार की लड़ाई है । बजरंग का सहयोगी स्टाफ भी धरने पर बैठा है जिसमें उनके कोच सुजीत मान और फिजियो आनंद दुबे शामिल हैं। एक अन्य पहलवान ने कहा, तानाशाही नहीं चलेगी। सिंह 2011 से डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष हैं और फरवरी 2019 में लगातार तीसरी बार चुने गए। साक्षी ने ट्वीट किया, खिलाड़ी देश के लिये पदक जीतने की भरसक कोशिश करते हैं लेकिन महासंघ ने हमें नीचा दिखाने के सिवाय कुछ नहीं किया। खिलाड़ियों को परेशान करने के लिये एकतरफा नियम बनाये जा रहे हैं। अंशु मलिक, संगीता फोगाट और अन्य पहलवानों ने भी हैशटैग बायकॉट डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ट्वीट करके पीएमओ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को टैग किया है।

# दिल्ली विधानसभा में प्रदर्शन कर रहे भाजपा के विधायकों को सदन से निकाला गया

## भाजपा के विधायकों ने यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी, जिसे अध्यक्ष ने अस्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी नियम के तहत किसी चर्चा की अनुमति नहीं देंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने यमुना नदी में प्रदूषण के मुद्दे को लेकर बुधवार को सदन में प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार विधायकों को सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। भाजपा के विधायकों ने यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी, जिसे अध्यक्ष ने अस्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी नियम के तहत किसी चर्चा की अनुमति नहीं देंगे। विधायकों ने दो बोतलों में यमुना के पानी के नमूने अध्यक्ष को दिए। इस पर अध्यक्ष ने आगाह किया,पानी तेजाब से दूषित पाया गया तो भाजपा विधायकों की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। गोयल ने भाजपा के विधायकों से कहा, उपराज्यपाल ने सदन को पंगु बना दिया है और भाजपा के विधायकों को इसके लिए शर्मिंदा होना चाहिए। भाजपा के विधायकों को उपराज्यपाल के पास जाकर उनसे सदन का मखौल उड़ाना बंद करने को कहना चाहिए। गोयल ने मार्शल को भाजपा के विधायक अजय महावर, अनिल बाजपेयी, मोहन सिंह बिष्ट और ओपी शर्मा को सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। इसके बाद भाजपा के बाकी विधायकों ने विरोध में सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला किया। इससे पहले यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे पर भाजपा के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा था कि यमुना के गंदे पानी की आपूर्ति की वजह से लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, इससे कैंसर की बीमारी हो रही है। गुर्दे व यकृत को नुकसान पहुंच रहा है और साथ ही यह अन्य बीमारियों की वजह भी बन रहा है। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए (आम आदमी पार्टी) आप सरकार को 2500 करोड़ रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा, हम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहते हैं कि यह पैसा कहां गया क्योंकि उनकी सरकार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आप के आठ साल के कार्यकाल में यमुना 200 प्रतिशत अधिक प्रदूषित हुई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोमवार को कहा था कि अरविंद केजरीवाल सरकार के पिछले आठ वर्ष के कार्यकाल में यमुना नदी में प्रदूषण दोगुना हुआ है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अनुसार, वह पुरानी समस्याओं को हल करने के लिए पहले से ही काम कर रहा है और करीब सभी प्रमुख सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) के उन्नयन का काम दिसंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

### जम्मू कश्मीर सरकार ने सिधरा मुठभेड़ मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के दिए आदेश

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर सरकार ने जम्मू के सिधरा इलाके में पिछले साल दिसंबर में हुई मुठभेड़ की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इस मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए थे। अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मुठभेड़ मामले में जांच के लिए सहायक आयुक्त, जम्मू, पीयूष धोत्रा को जांच अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। मुठभेड़ 28 दिसंबर को सिधरा में पुलिस चौकी के पास हुई थी। धोत्रा ने बुधवार को एक नोटिस में कहा, मुझे इस संबंध में मजिस्ट्रेटी जांच करने और जिलाधिकारी, जम्मू को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारी ने कहा, मामले के तथ्यों को इकट्ठा करने और निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए, कोई भी व्यक्ति आज से 21 जनवरी तक कार्यालय में आ सकता है।

### उर्वशी रौतेला ने 'बेशरम रंग' गाने पर शेयर किया वीडियो, फैंस ने किया रिएक्ट



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने पठान के गाना बेशरम रंग पर वीडियो शेयर कर वाल्टेयर वीराया' की सक्सेस को सेलिब्रेट किया है। उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह अपनी फिल्म 'वाल्टेयर वीराया' की सक्सेस को सेलिब्रेट करती हुई नजर आई। उर्वशी ने पठान का गाना बेशरम रंग पर व्हाइट सलवार सूट में वीडियो शेयर कर अपनी खुशी जताई है। उर्वशी ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेगा मास ब्लॉकबस्टर के लिए 3 दिनों में 120 करोड़ की कमाई वाल्टेयर वीराया। बहुत बहुत धन्यवाद। इस फिल्म में उर्वशी दक्षिण भारतीय सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करती हुई दिखाई दीं। लेकिन उनके इस वीडियो के सामने आते ही एक बार फिर यूजर्स उनकी जमकर खिचाई करते हुए दिखाई दिए। उनके इस वीडियो पर लोग तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब किस क्रिकेटर के पीछा जाने वाली हो ' तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा,'पंत भइया आपको याद कर रहे भाभी'।

## खास खबर

### वीजा आवेदन में फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल, नवाब मलिक के बेटे, बहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वीजा आवेदन के साथ फर्जी दस्तावेज जमा करने के आरोप में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के बेटे और बहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने जांच के दौरान पाया कि नवाब मलिक के बेटे फराज मलिक और उनकी दूसरी पत्नी हैमलीन द्वारा जमा कराए गए दस्तावेज फर्जी थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद एफआरआरओ ने इस बारे में यहां कुर्ला पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने प्राथमिक सूचना के आधार पर मंगलवार देर रात फराज मलिक और उनकी पत्नी के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 465 (जालसाजी), धारा 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), धारा 471 (फर्जी दस्तावेज को असली बताकर उसका इस्तेमाल करना) एवं धारा 34 (सामान्य इरादा) समेत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

### पेंच बाघ अभयारण्य में सर्वेक्षण के दौरान मिली पक्षियों की 226 प्रजातियां

**नागपुर।** महाराष्ट्र के पेंच बाघ अभयारण्य में हाल ही किए गए एक सर्वेक्षण के दौरान पक्षियों की कुल 226 प्रजातियां देखी गई हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभयारण्य में पक्षियों की प्रजातियों और उनकी संख्या से संबंधित आंकड़े जुटाने के लिए यह सर्वेक्षण किया गया। पेंच बाघ अभयारण्य के उपनिदेशक डॉ प्रभुनाथ शुक्ला ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अभयारण्य में देखी गई पक्षियों की कुछ प्रमुख प्रजातियों में मालाबार पाइड हॉर्नबिल्स, ग्रे-

# पीएम मोदी का आज मुंबई दौरा, करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी यात्रा को सुगम बनाने और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से 38,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे**



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई का दौरा करेंगे और इस दौरान वह बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी यात्रा को सुगम बनाने और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से 38,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि मोदी राष्ट्र को लगभग 12,600 करोड़ रुपये लागत वाली मुंबई मेट्रो रेल लाइन 2ए और 7 समर्पित करेंगे। मोदी बांद्रा कुर्ला परिसर में एमएमआरडीए मैदान पर आयोजित एक समारोह में सात मल जल शोधन संयंत्रों, सड़क कंक्रीटीकरण परियोजना और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजरें आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनावों में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को हराने पर टिकी हैं। बीएमसी चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है। दहिसर (पूर्व) और डीएन नगर (येलो लाइन) को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 2ए लगभग 18.6 किलोमीटर लंबी है, जबकि अंधेरी (पूर्व) एवं दहिसर (पूर्व) (रेड लाइन) को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 7 लगभग 16.5 किलोमीटर लंबी है। दिलचस्प बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही 2015 में इन लाइन की आधारशिला रखी थी। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मुंबई 1 मोबाइल ऐप और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (मुंबई 1) (एनसीएमसी) की भी शुरुआत करेंगे। इसमें बताया गया कि यह मोबाइल ऐप यात्रा को सुगम बनाने में मदद करेगा। इसे मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार पर दिखाया जा सकता है और यह यूपीआई के माध्यम से टिकट खरीदने के लिए डिजिटल भुगतान में सहायता करेगा।

### असम में अतिक्रमण हटाने के बाद जंगल में गैंडे की वापसी

**लखीमपुर।** असम के लखीमपुर जिले में पावा संरक्षित वन के लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए जाने के कुछ दिनों बाद उसी जगह पर एक गैंडा देखा गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे वन्यजीव रक्षकों को काफी खुशी हुई है। लखीमपुर के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) अशोक कुमार देव चौधरी के अनुसार, संरक्षित वन से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद वहां कुछ गांवों में मंगलवार को एक वयस्क गैंडे को घूमते देखा गया। डीएफओ अशोक कुमार देव चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हालांकि, ग्रामीणों ने तीन गैंडों को देखने का दावा किया है, लेकिन हमने एक गैंडा देखा है। लोग गैंडों को परेशान कर रहे हैं। गैंडों ने कल तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पावा संरक्षित वन के अंदर गैंडों के दिखाई देने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही जानवरों को अतिक्रमण से मुक्त भूमि में देखा गया था। डीएफओ ने कहा कि 1941 में पावा संरक्षित वन 46 वर्ग किलोमीटर भूभाग में फैला था जिसमें से केवल 0.32 वर्ग किमी खाली था और बाकी सभी पर कब्जा (अतिक्रमण) किया गया था।

# इंडिगो प्लेन के इमरजेंसी डोर खोलने वाले बीजेपी सांसद के समर्थन में आए सिंधिया

## ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले-तेजस्वी सूर्या ने खोला था प्लेन का इमरजेंसी गेट, गलती पर मांगी माफी, विपक्ष के हमलों से किया किनारा



**नई दिल्ली।** इंडिगो की एक फ्लाइट में विमान का आपातकालीन दरवाजा खोलने के मामले में उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बयान आया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि तेजस्वी सूर्या ने पहले ही माफी मांग ली है। गलती से दरवाजा खुल गया था। जो कुछ भी विपक्ष कह रहा है, मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। मामला पिछले साल यानी कि 10 दिसंबर 2022 का है। इंडिगो की फ्लाइट चेन्नई से तिरुचिरापल्ली जा रही थी। डीजीसीए ने अपने बयान में जानकारी देते हुए बताया था कि इंडिगो 6ए की फ्लाइट 6ए-7339 में एक यात्री ने खौफ पैदा कर दिया और इमरजेंसी डोर खोल दिया। डीजीसीए ने इस मामले के जांच के आदेश दे दिए हैं। मामले में उस वक्त सियासी ट्विस्ट आया जब ये बात सामने आई कि इमरजेंसी डोर कथित रूप से बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या ने खोला था। इसके बाद कांग्रेस, अक्स्वट और टीएमसी ने बीजेपी पर धुआंधार हमला कर दिया। अब इस पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बयान दिया है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए इंडिगो ने कहा था कि 10 दिसंबर को 2022 को विमान में जब बोर्डिंग प्रक्रिया चल रही थी यानी कि जब यात्री सवार हो रहे थे तो एक यात्री ने असावधानीवश विमान का इमरजेंसी एग्जिट खोल दिया। डीजीसीए के अनुसार यात्री ने तत्काल इसके लिए माफी मांगी। इसके बाद स्टैंडर्ड प्रक्रिया के बाद घटना को रिकॉर्ड किया गया, विमान में जरूरी इंजीनियरिंग चेक किए गए। विमान का प्रेशर चेक किया गया। इससे विमान के उड़ान भरने में देरी हुई। अपने बयान में इंडिगो ने इमरजेंसी गेट खोलने के लिए किसी यात्री का नाम नहीं लिया था। इस घटना की जानकारी देते हुए डीजीसीए के डीजी ने कहा था कि ये बात सामने आई कि तमिलनाडु के बीजेपी चीफ अन्नामलाई, डीएमके के प्रवक्ता बीटी असंकुमार और बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या फ्लाइट में थे। डीएमके प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है अन्नामलाई इस फ्लाइट में मौजूद थे, उनके साथ 'कर्नाटक के एक एमपी' भी थे। इस घटना के बाद उन्हें उतरने कहा गया और 30 मिनट से ज्यादा समय तक बस में प्रतीक्षा करने को कहा गया। डीजीसीए ने कहा कि पूरे घटनाक्रम के दौरान सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया गया। इस मामले को लेकर विपक्षी नेताओं ने जमकर बीजेपी और सांसद तेजस्वी सूर्या पर निशाना साधा था। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि 'ये बीजेपी के वीआईपी बिगडैल है। एयरलाइन को कम्पलेन करने की हिम्मत कैसे हुई।

# पंजाब कांग्रेस को बड़ा झटका, बीजेपी में शामिल हुए वरिष्ठ नेता मनप्रीत बादल


**इस्तीफे में बादल ने कहा कि कांग्रेस से उनका मोहभंग हो गया**



**नई दिल्ली।** पंजाब के वरिष्ठ नेता तथा राज्य सरकार के पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत बादल ने बुधवार को कांग्रेस से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भाजपा महासचिव तरुण चुग और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में बादल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने से ठीक पहले बादल ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। मनप्रीत बादल के भाजपा में शामिल होने को पंजाब में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ पहले ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भेजे अपने इस्तीफे में बादल ने कहा कि कांग्रेस से उनका मोहभंग हो गया है। बादल ने अपना इस्तीफा ट्विटर पर साझा किया। उन्होंने इस्तीफे में कहा, पार्टी और सरकार में मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई उसे निभाने में मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। मुझे यह मौका देने व सम्मान देने के लिए आपका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से पार्टी के भीतर जारी मौजूदा संस्कृति और उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण मैं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा नहीं रहना चाहता। बादल ने कहा, सात साल पहले, मैंने पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब का आपकी पार्टी के साथ विलय किया था। मैंने बड़ी उम्मीदों व आकांक्षाओं के साथ यह कदम उठाया था कि इससे मुझे अपनी क्षमता के हिसाब से पंजाब के लोगों और उनके हितों की सेवा करने के पूर्ण अवसर मिलेंगे।

# श्रद्धा वालकर के पिता ने कार्रवाई नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

## श्रद्धा वालकर की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने कथित रूप से हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे



**पालघर (महाराष्ट्र)।** दिल्ली में बेरहमी से कत्ल कर दी गई श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर ने मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) के पुलिस प्रमुख मधुकर पांडे से मुलाकात कर उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है जिन्होंने उनकी दो शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई नहीं की थी। श्रद्धा वालकर की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने कथित रूप से हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे। विकास ने पालघर के वसई में एमबीवीवी पुलिस आयुक्त के दफ्तर के बाहर पत्रकारों से कहा कि पांडे ने संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। विकास के मुताबिक श्रद्धा ने 2020 में तुलींज थाने में शिकायत देकर पूनावाला पर अपशब्द कहने और हमला करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि जब उनकी बेटी पिछले साल लापता हुई थी तब उन्होंने माणिकपुर पुलिस से संपर्क किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि एमबीवीवी के क्षेत्राधिकार में आने वाले दोनों थानों ने शिकायत पर तेजी से कार्रवाई नहीं की थी। पूनावाला पर श्रद्धा वालकर की 18 मई 2022 को गला घोंटकर हत्या करने, उसके शव के 35 टुकड़े करके उन्हें तीन सप्ताह तक दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित आवास में 300 लीटर के फ्रिज में रखने एवं उन्हें कई दिनों तक शहर के विभिन्न हिस्सों में फेंकने का आरोप है। उसे दिल्ली पुलिस ने नवंबर में गिरफ्तार किया था। विकास ने मंगलवार को बताया कि वसई के पुलिस उपायुक्त काम में लापरवाही के आरोपों की जांच कर रहे हैं। उन्हें यह भी बताया गया है कि मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। विकास ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस द्वारा की गई जांच से संतुष्ट हैं, जिसने पूनावाला को गिरफ्तार किया और आरोपी के लिए अधिकतम सजा की मांग की।

# उपराज्यपाल अपने बिग बॉस को खुश करने के लिए कबीले के सरदार जैसा बर्ताव कर रहे हैं : सिसोदिया

**उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि उपराज्यपाल या प्रशासक निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह से काम करने के लिए बाध्य है**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह निर्वाचित सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप कर अपने बिग बॉस को खुश करने के लिए किसी कबीले के सरदार की तरह बर्ताव कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में सत्र के तीसरे दिन सदन को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि उपराज्यपाल या प्रशासक निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह से काम करने के लिए बाध्य है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लेकिन सहायता या सलाह लेना तो दूर उपराज्यपाल सरकार से परामर्श भी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यह देश में पहली बार हो रहा है। सिसोदिया ने आरोप लगाया, संविधान के अनुसार, स्थानीय शासन पर फैसला केंद्र द्वारा नहीं बल्कि राज्यों द्वारा लिया जाता है। दिल्ली के उपराज्यपाल संविधान या उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले का पालन नहीं कर रहे हैं। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एल्डरमेन को नामित करने में उपराज्यपाल ने असंवैधानिक तरीका अपनाया और आरोप लगाया कि उपराज्यपाल ने निर्वाचित सरकार के प्रस्ताव पर अपनी राय व्यक्त करने के बजाय उसे बदल दिया। उन्होंने कहा, कानून-व्यवस्था, दिल्ली पुलिस और जमीन अतिक्रमण पर ध्यान देने के बजाय उपराज्यपाल निर्वाचित सरकार के कामकाज में दखल दे रहे हैं।

# हिमाचल : खराब मौसम के कारण ज्यादा ऊंचाई पर न जाए, प्रशासन ने लोगों को दी सलाह

## गलाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने यात्रियों और पर्यटकों को राज्य के ऊंचाई वाले स्थानों की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर और बर्फबारी की संभावना को ध्यान में रखते हुए लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने यात्रियों और पर्यटकों को राज्य के ऊंचाई वाले स्थानों की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त ने बुधवार को मीडिया से जारी मौसम अलर्ट में कहा कि मौसम विभाग ने जिले में 19, 20 और 23 से 26 जनवरी तक बर्फबारी होने का अनुमान लगाया है। मौसम अलर्ट में कहा गया, चेतावनियां जारी होने के बावजूद लोग ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में जाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। जिले में बर्फबारी के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी नागरिकों और पर्यटकों से ऊंचाई वाले स्थानों और कम तापमान वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है, वे अपने घरों में सुरक्षित रहें और किसी प्रकार का जोखिम न लें। इसलिए सभी ग्राम पंचायतों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रेकर और पैदल यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि वे किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। राज्य में हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर लगातार जारी है और रात का तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है, आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं और घने कोहरे और पाला पड़ने के कारण राज्य में सामान्य जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ है और रोड फिसलन भरा है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 93 सड़कें बर्फ की चादर से ढकी हुई हैं और वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं हैं। लाहौल-स्पीति पुलिस ने यातायात परामर्श जारी कर कहा है कि सभी स्थानीय लोग और पांगी जाने वाले वाहन अगले आदेश तक रोहतांग सुरंग के माध्यम से जिले में आवागमन कर सकते हैं। अगले आदेश तक दोपहिया वाहन के अलावा सभी पर्यटक वाहन राज्य में एटीआर के माध्यम से जिले में सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक आवागमन कर सकते हैं। स्थानीय लोगों और पर्यटकों को खराब मौसम के कारण घाटी में यात्रा के दौरान बहुत सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लाहौल-स्पीति पुलिस विभाग यातायात प्रबंधन देखेगा और ज्यादा बर्फबारी होने पर कुल्लू पुलिस के साथ समन्वय करेगा। पुलिस ने पर्यटकों से अनुरोध किया कि वे खराब मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहें। लाहौल-स्पीति जिले में एनएच-3 और एनएच 304 सहित लगभग 76 सड़कें बर्फ की चादर से लिपटी हुई है।

### मेघालय के कैबिनेट मंत्री और चार विधायकों ने दिया इस्तीफा

**शिलांग।** मेघालय के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) मंत्री रेनिक्टन तोंगखर और राज्य के चार अन्य मौजूदा विधायकों ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तारीख की घोषणा से कुछ घंटे पहले बुधवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तोंगखर के अलावा इस्तीफा देने वालों में तृणमूल कांग्रेस के विधायक शीतलांग पाले, कांग्रेस के निर्वाचित विधायक मायरालबोर्न सिएम और पीटी सावक्मी तथा निर्दलीय विधायक लम्बोर मालनगियांग शामिल हैं। सूत्रों ने दावा किया कि पांचों नेता यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) में शामिल होने वाले हैं। विधानसभा में वर्तमान में 42 सदस्य हैं। विधानसभा आयुक्त और सचिव एंड्रयू सिमोंस ने बताया, हमें पांच विधायकों का इस्तीफा मिला है। लिंगदोह यूडीपी के अध्यक्ष हैं, जो राज्य में कोनराड संगमा नीत सरकार का प्रमुख घटक है।



**दुनिया की सबसे लंबी नदी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज अपने सफर के क्रम में मुंगेर पहुंच गया। यहां विदेशी सैलानी किनारे पर उतरे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सैलानियों ने ई-रिक्शा की सवारी की और योग आश्रम गए।**

# शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी जारी, सेंसेक्स 390 अंक चढ़कर फिर 61,000 अंक के पार


## सेंसेक्स 390.02 अंकों की बढ़त के साथ 61 हजार अंक के पार 61045.74 पर




**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर धातु , इंस्ट्रीयल, कैपिटल गुड्स जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 390.02 अंकों की बढ़त के साथ 61 हजार अंक के पार 61045.74 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 112.05 अंक उठकर 18165.35 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25185.84 अंक पर और स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत चढ़कर 28841.63 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से धातु 2.44 प्रतिशत, इंडस्ट्रीयल 1.24 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 1.46 प्रतिशत, टेलीकम्युनिकशंस 0.92 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि यूटिलिटीज 0.45 प्रतिशत, ऑटो 0.07 प्रतिशत, पावर 0.06 प्रतिशत और रियलटी 0.06 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई में कुल 3649 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1942 बढ़त में और 1573 गिरावट में रही जबकि 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर जर्मनी के डैक्स में 0.10 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी प्रमुख सूचकांक बढ़त में रहे जिसमें जापान का निक्केई 2.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत शामिल है। उतार चढ़ाव के बीच चीन का शंघाई कंपोजिट स्थिर रहा।

## सर्राफा बाजार में सोना 105 रुपये सस्ता हुआ, चांदी 52 रुपये मजबूत हुई



दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 105 रुपये गिरकर 56,526 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की ओर से यह जानकारी दी गई। पिछले कारोबार में सोना 56,631 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि इस दौरान चांदी 52 रुपये बढ़कर 69,694 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमत 105 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 56,526 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। मंगलवार को डॉलर इंडेक्स में 0.18 फीसदी की तेजी आई, जिससे सोने के भाव पर दबाव बढ़ा। विश्लेषक ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल भी हाल के निचले स्तर से संभल गया।

## डाइकिन इंडिया के अध्यक्ष और एमडी केजे जावा आरएएमए के अध्यक्ष चुने गये



**नयी दिल्ली।** रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में, आरएएमए एयर-कंडीशनरों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के संबंध में भारत सरकार के साथ कई पहलों पर विभिन्न कार्यबलों और कार्यों पर काम शुरू करेगा और सुरक्षा और स्वास्थ्य में सहायता करने वाली नई सुविधाओं के साथ वैकल्पिक रेफ्रिजरेंट का उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ भारतीय और विदेशी बाजारों के लिए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की सुविधा प्रदान करेगा। केजे जावा अध्यक्ष आरएएमए ने कहा कि मेरी भूमिका भारत के स्थायी कूलिंग ट्रांजिशन में सहायता करने के लिए आरएएमए के दृष्टिकोण को आगे रेखांकित करेगी इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान के लक्ष्यों को पूरा करेगी भारत की किगाली कार्यान्वयन रणनीति एसी और आर की औद्योगिक वृद्धि उद्योग सफेद वस्तुओं के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, ऊर्जा कुशल और निम्न-जीडब्ल्यूपी प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना शून्य ओडीएस और कम जीडब्ल्यूपी रेफ्रिजरेंट और संबंधित उपकरणों का जिम्मेदार उपयोग, और भारत की कोल्ड चेन अवसंरचना को मजबूत करना है। आरएएमए के सदस्यों में सभी प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड शामिल हैं जिनमें कुछ प्रसिद्ध वैश्विक ब्रांड शामिल हैं जिनके लिए भारत एक प्रमुख बाजार है आरएएमए का लक्ष्य एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करके एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन व्यवसाय में ग्लोबल चौंपियंस बनाना है और हमारे सदस्य नई सुविधाएं स्थापित करने और भारत से बाहर संचालित वैश्विक अनुसंधान केंद्रों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गोगोरो और बेलराइस इंडस्ट्रीज के साथ रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय राज्य महाराष्ट्र ने एक अभूतपूर्व बैटरी-स्वैपिंग अवसंरचना स्थापित करने के लिए गोगोरो इंक. (नैस्डैकः जीजीआर) और बेलरेज इंडस्ट्रीज (जिसे पहले बडवे इंजीनियरिंग लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) के साथ रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी की घोषणा की। गोगोरो, बैटरी स्वैपिंग पारिस्थितिक तंत्र में एक वैश्विक प्रौद्योगिकी नेता जो शहरों के लिए स्मार्ट टिकाऊ गतिशीलता समाधान सक्षम करता है, और भारत में स्थित एक अग्रणी ऑटोमोटिव सिस्टम निमार्ता बेलराइस ने राज्य के साथ आठ वर्षों में लगभग 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने के लिए संयुक्त 50-50 साझेदारी की योजना बनाई है। महाराष्ट्र सरकार राज्य भर में ऊर्जा बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी। दावोस, स्विट्जरलैंड में महाराष्ट्र पवेलियन, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में गैर-बाध्यकारी एमओयू समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। कंपनियां महाराष्ट्र में एक स्मार्ट ऊर्जा बुनियादी ढांचा बनाने की योजना बना रही हैं जो खुला और सुलभ है और गतिशीलता और ऊर्जा भंडारण के लिए एक प्रमुख स्रोत के रूप में बैटरी स्वैपिंग और स्मार्ट बैटरी स्टेशन स्थापित करता है।

## माइक्रोसॉफ्ट इस हफ्ते करीब 11 हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगी : रिपोर्ट

### माइक्रोसॉफ्ट यूके में 6,000 सहित 220,000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है




**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट छंटनी के मौसम में शामिल हो रही है। कंपनी कथित तौर पर वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच इस सप्ताह लगभग 11,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने वाली है। स्काई न्यूज ने बताया कि सत्या नडेला द्वारा संचालित कंपनी वैश्विक आर्थिक मंदी के दौरान अपने कार्यबल को कम करने के लिए योजना को अंतिम रूप दे रही है। माइक्रोसॉफ्ट यूके में 6,000 सहित 220,000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है। कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या का लगभग 5 प्रतिशत कम करने पर विचार कर रही है, जो, अगर सही है, तो लगभग 11,000 नौकरियों के बराबर होगा। कंपनी अगले सप्ताह अपनी तिमाही आय से पहले बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) को छंटनी की घोषणा कर सकती है। नडेला ने हाल ही में टेक उद्योग के लिए दो साल की चुनौतियों की चेतावनी दी थी।

सीएनबीसी के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने स्वीकार किया कि माइक्रोसॉफ्ट वैश्विक परिवर्तनों के प्रति प्रतिरक्षित नहीं था। नडेला ने कहा, अगले दो साल शायद सबसे चुनौतीपूर्ण होने जा रहे हैं।

हाल के सप्ताहों में, कई बड़ी तकनीकी कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी की है, जिसमें अमेजन ने 18,000 नौकरियां कम की हैं। क्लाउड सॉफ्टवेयर प्रदाता सेल्सफोर्स 7,000 से अधिक नौकरियों में कटौती करेगा। भारत सहित वैश्विक स्तर पर 2023 में औसतन प्रति दिन 1,600 से अधिक तकनीकी कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है और वैश्विक आर्थिक मंदी और मंदी की आशंकाओं के बीच बर्खास्तगी में तेजी आई है।

वर्ष 2023 वैश्विक स्तर पर टेक कर्मचारियों के लिए खराब नोट पर शुरू हुआ है और इस महीने के पहले 15 दिनों में 91 कंपनियों ने 24,000 से अधिक टेक कर्मचारियों को निकाल दिया है, जो आने वाले दिनों में और भी बुरे संकेत दे रहा है।

## सरकार का लक्ष्य 2023-24 में 1 अरब टन कोयले का उत्पादन करना

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने 2023-24 में 1 अरब टन सूखे ईंधन का उत्पादन करने का लक्ष्य रखते हुए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआई) के लिए 780 मिलियन टन, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के लिए 75 मिलियन टन और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कैप्टिव और वाणिज्यिक खानों के लिए 162 मिलियन टन का लक्ष्य तय करने का फैसला किया है।सीआईएल के तहत कुल 290 खदानें चालू हैं, जिनमें से 97 प्रति वर्ष 1 मिलियन टन से अधिक का उत्पादन करती हैं। ये लक्ष्य बुधवार को कोयला सचिव अमृतलाल मीणा द्वारा आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान तय किए गए, जहां सीआईएल की सभी सहायक कंपनियां मौजूद थीं। 1 अरब टन कोयला उत्पादन लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग रहा है, क्योंकि सीआईएल ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक केवल 513 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है और 2021-22 में 622 मिलियन टन का उत्पादन किया था।

## जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स ने यूपी में नया डेयरी उत्पाद औद्योगिक कारखाना स्थापित किया

**कानपुर।** जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स ने कानपुर जिले के ग्राम कुंभी में एक नया औद्योगिक कारखाना स्थापित कर अपनी निर्माण क्षमता का विस्तार किया है। जेजीएफ इंडस्ट्रीज की यह नई फैक्ट्री छह महीने के भीतर 150 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की गई है। जेजीएफ इंडस्ट्रीज की यह फैक्ट्री कुंभी गांव (कानपुर जिला) में 14 एकड़ जमीन पर बनी है और प्लांट को पूरी क्षमता से चलाने के लिए इसमें करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। नई इकाई को जेजीएफ की विनिर्माण मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है और यह राज्य (उत्तर प्रदेश) में स्थानीय आपूर्तिकताओं से दूध की खरीद को भी बढ़ावा देगी। श्री किशन मोदी, प्रबंध निदेशक, जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स ने कहा, हम मुख्यमंत्री योगी जी के आभारी हैं कि उन्होंने अटल पूर्वांचल उद्योग विकास परिषद के माध्यम से उत्तर प्रदेश में व्यवसाय स्थापित करना आसान बनाया और मेरे जैसे उद्यमियों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कारखाने के अलावा, हम विभिन्न स्थानों पर अत्याधुनिक चिलिंग सेंटर और दूध संग्रह केंद्र भी स्थापित कर रहे हैं और इसमें 1.5 लाख से 2 लाख किसान शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश में जेजीएफ इंडस्ट्रीज की स्थापना में निवेश के बारे में बोलते हुए, जेजीएफ ग्रुप के सीएफओ, नूतन के चौधरी ने कहा, जेजीएफ इंडस्ट्रीज की यह नई फैक्ट्री केवल 6 महीने के रिकॉर्ड समय में 150 करोड़ रुपए के प्रत्यक्ष निवेश से लागू की गई है। यह अटल पूर्वांचल उद्योग विकास परिषद के समर्थन के बिना संभव नहीं होता, जो कानून के अनुसार पूर्ण वैधानिक अनुपालन का पालन करते हुए सिंगल विंडो की सुविधा प्रदान कर रही है और किसी भी/सभी उद्योग संबंधी बाधाओं को दूर कर रही है। हमारा नया कारखाना क्षेत्र के आर्थिक विकास पर गर्व करते हुए आपूर्तिकताओं के पिछड़े और आगे एकीकरण का निर्माण करेगा।

## मारुति सुजुकी ने एयरबैग कंट्रोलर में खराबी के चलते 17,362 वाहन वापस मंगाए

**चेन्नई।** यात्री कार प्रमुख मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने एयरबैग नियंत्रकों को बदलने के लिए नए लॉन्च किए गए ग्रैंड विटारा, ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, ईको, ब्रेजा और बलेनो सहित 17,362 वाहनों को वापस बुलाया है।कंपनी 8 दिसंबर, 2022 से 12 जनवरी, 2023 के बीच रिलीज किए गए मॉडल्स को वापस बुला रही है। यह संदेह है कि प्रभावित हिस्से में संभावित कमी है, जिसके चलते वाहन दुर्घटना की स्थिति में एयरबैग और सीट बेल्ट प्रेटेंसर की गैर-तैनाती हो सकती है। मारुति सुजुकी ने संदिग्ध वाहनों के ग्राहकों को चेतावनी दी है कि जब तक प्रभावित हिस्से को बदल नहीं दिया जाता तब तक वाहन न चलाएं या इसका इस्तेमाल न करें। कंपनी ने कहा कि इन वाहनों में जरूरत पड़ने पर मुफ्त में एयरबैग कंट्रोलर का निरीक्षण करने और बदलने के लिए रिकॉल किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि प्रभावित वाहन मालिकों को तत्काल ध्यान देने के लिए मारुति सुजुकी ऑथोराइज्ड वर्कशॉप्स से संचार प्राप्त होगा।

## इंडसइंड बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 69% बढ़ा, स्ट्रीट के अनुमान से बेहतर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के ऋणदाता इंडसइंड बैंक ने बुधवार को 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अपने कमाई के परिणाम जारी किए, जिसमें अनुमान से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर तिमाही में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 68.7% वार्षिक और 9.65% क्रमिक रूप से बढ़कर 1,959.2 करोड़ रुपये हो गया, जो स्ट्रीट के अनुमान से 1,940 करोड़ रुपये तक अधिक था।

तिमाही के दौरान प्रावधानों और गैर-निष्पादित आस्तियों में तेज गिरावट और मजबूत ऋण वृद्धि के कारण निचले रेखा के आंकड़े में काफी सुधार हुआ।

क्यू3 एफवाई23 में ऋणदाता की शुद्ध ब्याज आय 18% वार्षिक और 4.5% क्यूओक्यू बढ़कर 4,495.34 करोड़ रुपये हो गई और शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.27% हो गया, जबकि एक साल पहले की तिमाही में यह 4.1% था और पूर्ववर्ती में 4.24% था। त्रिमास। समीक्षाधीन तिमाही में इंडसइंड बैंक की जमा राशि 14% वार्षिक बढ़कर 3,25,278 करोड़ रुपये हो गई और सीएएसए 14% वार्षिक चढ़ गया।

क्यू3 एफवाई23 में मुंबई स्थित ऋणदाता की संपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ, क्योंकि इसका सकल एनपीए क्यू3 एफवाई22 में 5,779.27 करोड़ रुपये से घटकर 5,710.78 करोड़ रुपये हो गया, लेकिन शुद्ध एनपीएएक साल पहले की अवधि में 1,633.21 रुपये से बढ़कर 1,681.45 करोड़ रुपये हो गया।

प्रतिशत के संदर्भ में, सकल एनपीए क्यू3 एफवाई23 में 2.06% से घटकर एक साल पहले की अवधि में 2.48% और क्यू2 में 2.11% हो गया, जबकि शुद्ध एनपीए क्यू3 एफवाई22 में 0.71% से 0.62% पर रहा। क्यू3 एफवई23 में बैंक के प्रावधान 35.63% वाईओवाई और 6.69%क्यूएंडक्यू से 1,064.73 करोड़ रुपये हो गए।

## मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने निवेश के मौके प्रदान करने केलिए क्वांट फंड मेरिटोर क्यू फंड लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत की अग्रणी पोर्टफोलियो प्रबंधन कंपनी, ने खुदरा निवेशकों (रिटेल इनवेस्टर्स) को बेहतर रिस्ट-एडजेस्टेड रिटर्न देने के लिए डिजाइन किया गया एक खास क्वांट-आधारित फंड मार्सेलस मेरिटोर क्यू लॉन्च किया है। मेरिटोर क्यू को न्यूनतम 10 लाख रुपये के निवेश की आवश्यकता है। इस उत्पाद का उद्देश्य लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में 35-45 स्टॉक वाला एक डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो तैयार करना है। फंड को निफ्टी 500 टीआरआई के समक्ष बेंचमार्क किया जाएगा। यह पोर्टफोलियो आंतरिक रूप से विकसित नियम-आधारित प्रणाली पर बनाया गया है ताकि सूचीबद्ध शेयरों के एक बड़े यूनिवर्स से अच्छी गुणवत्ता वाली, कम मूल्य वाली कंपनियों की पहचान की जा सके। व्यवहार संबंधी पूर्वाग्रहों से बचने के लिए एक मात्रात्मक दृष्टिकोण सबसे उपयुक्त है और पूंजी पर उच्च रिटर्न, ठोस वित्तीय स्थिति और स्वच्छ खातों के साथ शेयरों के दीर्घकालिक जीतने वाले पोर्टफोलियो के निर्माण में विवेक पर प्रक्रिया को प्राथमिकता देता है। जुलाई 2006 से अगस्त 2022 तक 16 साल की अवधि में मेरिटोर क्यू की बैक टेस्टिंग के साथ, फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई के लगभग 7.3 गुना की तुलना में 20 गुना अधिक रिटर्न दिया है। मेरिटोर क्यू ने बेहद अस्थिर बाजार स्थितियों के दौरान बेहद कम ड्रॉडाउन के साथ काफी तेजी से रिकवरी देखी है। सौरभ मुखर्जी, चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर, मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने इस नए फंड के बारे में बात करते हुए कहा कि कई छोटे खुदरा निवेश क लंबे समय से इच्छा रखते हैं कि मार्सेलस बाजार में एक उत्पाद लाए जिसके लिए छोटे आकार के निवेश की आवश्यकता होती है। इस नए फंड के साथ निवेश निर्णयों के लिए एक मात्रात्मक और नियम-आधारित दृष्टिकोण लेकर मेरिटोर क्यू निवेशकों को उनके दीर्घ कालिक लक्ष्यों को समझने में मदद करने के लिए एक उपयोगी विकल्प पेश कर रहा है। कृष्णन वीआर, इनवेस्टमेंट एडवाइजर, मेरिटोर क्यू ने कहा कि मेरिटर क्यू एक नियम-आधारित रणनीति है, जो मूल सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करती है। मेरिटोर क्यू स्वच्छ खातों वाली उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों और अपेक्षाकृत कम मूल्य वाली कंपनियों को खरीदने में मार्सेलस के समझौतावादी दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। यह रणनीति कम से कम तीन साल के निवेश क्षितिज वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है।

## देश में आसमान क्यों छू रहे गेहूं के भाव? पिछले साल की तुलना में 16% चढ़े दाम, जानें कारण



**नई दिल्ली।** एनसीआर, उत्तर प्रदेश और बिहार के कई हिस्सों में गेहूं की कीमतें 3000 रुपये प्रति क्विंटल के पार पहुंच गईं हैं। इसका कारण पूर्वी भारत में अनाज की कमी है। अनाज कारोबार से जुड़े लोगों और कारोबारियों ने इसकी पुष्टि की है। बाजार के जानकारों का मानना है कि केंद्र सरकार ने गेहूं को खुले बाजार में ओएमएसएस (ओपन मार्केट सेल स्कीम) के तहत बेचने की पहल अब तक नहीं की है। इस कारण गेहूं की कीमतें रोज नई ऊंचाई पर पहुंच रही हैं। भारतीय रोलर फ्लावर मिल्स फेडरेशन (आरएफएमएफआई) के अध्यक्ष प्रमोद कुमार का मानना है कि खुले बाजार में गेहूं नहीं है। पूर्वी भारत में भी गेहूं उपलब्ध नहीं है। जब से केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत गेहूं का आवंटन रोका है, खुले बाजार में इसकी मांग बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश में गेहूं की कीमतें रोज नई ऊंचाई पर पहुंच रही हैं। देश का उत्तरी सूबा गेहूं की किल्लत का सामना कर रहा है। नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर दक्षिण भारत के एक व्यापारी ने ये बातें कही। दिल्ली स्थित एक कारोबारी के अनुसार गेहूं के सबसे बड़े उत्पादक राज्य यूपी को इसे गुजरात से खरीदना पड़ रहा है। बाजार के जुड़े लोगों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं की कीमतें 3050 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गईं हैं। वहीं राजस्थान में यह अनाज 2800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रहा है। मीलरों को ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा अलग से उठाना पड़ रहा है। कृषि मंत्रालय की इकाई एगमार्केट के आंकड़ों के अनुसार आठ जनवरी को गेहूं के भाव 2788 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गए। पिछले साल की तुलना में ये करीब 20 फीसदी अधिक है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार खुदरा बाजार में गेहूं के भाव करीब 31.17 रुपये प्रति किलो हैं जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.76 फीसदी ज्यादा है। वहीं गेहूं का आटा 37.03 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 18.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। गेहूं की कीमतें 2022 के रबी सीजन में तय न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल की तुलना में लगातार बढ़ते रहे हैं। वर्ष 2023 के खरीफ सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। एक ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार अनाजों खासकर गेहूं और चावल के मामले में आपूर्ति से जुड़ी दिक्कतें हैं। यह स्थिति उत्पादन के आंकड़ों पर भी संदेह पैदा करता है।

## संक्षेप

### टाटा साल्ट ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए #हरसवालउठेगा अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** 'देश की सेहत, देश का नमक' की थीम पर प्रमुखता से जोर देते हुए, भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट ने एक राष्ट्रव्यापी गणतंत्र दिवस अभियान शुरू किया है। इस अभियान को देश के लिए #हरसवालउठेगा नाम दिया गया है। 360-डिग्री दृष्टिकोण वाले, इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सवाल उठाने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है जिससे प्रासंगिक बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके और सामाजिक परिवर्तन को बल मिल सके। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट, पैकेज्ड फूड्स-इंडिया, दीपिका भान ने कहा, बच्चे वास्तव में हमारी सोच को नया रूप दे सकते हैं! वे उस यथास्थिति पर सवाल करते हैं जिसे हम स्वीकार कर लेना चाह रहे हैं और वही चुनौती बदलाव के लिए प्रेरित करती है। देश के लिए #हरसवालउठेगा एक ऐसा मंच है जो इन वास्तविक सवालों को सामने लाने का प्रयास करता है। हमें इस तरह के अंतर्दृष्टिपूर्ण, उद्दीपक प्रश्न पहले ही प्राप्त हो चुके हैं और भावी पीढ़ी द्वारा कल्पित बदलाव एवं उनकी जागरूकता से उत्साहित हैं। टाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक है, और हम निश्चित रूप से बच्चों की एक पूरी पीढ़ी को अपने सवाल उठाने और बेहतर कल के लिए योगदान देने की इस यात्रा में भागीदार बनाना चाहते हैं।

### ईडीआईआई ने वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 'एम्प्रेसारियो' का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर अपना वार्षिक उद्यमिता उत्सव- एम्प्रेसारियो-आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुजरात सरकार के गृहराज्य मंत्री, उद्योग, सांस्कृतिक गतिविधियां (राज्य मंत्री), खेल, युवा सेवा (स्वतंत्र प्रभार) श्री हर्ष संघवी ने किया। उद्घाटन के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री राजीव गांधी, सह-अध्यक्ष, फिक्की, गुजरात राज्य परिषद और प्रोफेसर दीपक कुमार पांडे, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार शामिल थे। दो दिवसीय उत्सव (16 और 17 जनवरी) में उद्योग के दिग्गजों द्वारा मास्टर कक्षाएं, सफल स्टार्टअप संस्थापकों द्वारा बातचीत, कार्यशालाएं, चर्चा और स्टार्टअप पुरस्कार शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में एक बिग पिच इवेंट भी शामिल था, जहां 30 से अधिक स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों और सेवाओं को 15 निवेशकों के एक पैनल के सामने पेश किया, जिसका उद्देश्य फंडिंग हासिल करना था। इस वर्ष के उत्सव का विषय उद्यमशीलता और स्थिरता था। विशेष रूप से, लोकप्रिय रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' में प्रदर्शित स्टार्टअप्स ने भी दो दिवसीय आयोजन में भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में, हर्ष सांघवी ने कहा, गुजरात सक्रिय नीतियों, मजबूत संस्थागत सेटअप और निजी क्षेत्र की गतिशील भागीदारी के विलय के माध्यम से देश में सबसे प्रगतिशील स्टार्टअप स्थलों में से एक होने की राह पर है।

### बायजूस ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए 4-स्तरीय तकनीक-संचालित बिक्री मॉडल लागू करेगा

**नई दिल्ली।** 150 मिलियन से अधिक पंजीकृत शिक्षार्थियों के साथ दुनिया की अग्रणी एडटेक कंपनी बायजूस ने अपनी मौजूदा प्रत्यक्ष बिक्री प्रक्रिया की जगह 4-स्तरीय तकनीक-संचालित आंतरिक बिक्री प्रक्रिया शुरू की है। नया पेश किया गया बिक्री मॉडल कहीं अधिक कठोर, पूरी तरह से दूरस्थ है और इसमें एक केंद्रीकृत तकनीक-संचालित ऑडिट प्रक्रिया शामिल है जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी बिक्री ट्रिपल-चेक की जाती हैं। 4-स्तरीय प्रक्रिया बायजूस के उत्पाद पोर्टफोलियो और इसकी नई धनवापसी नीति के बारे में शिक्षित करने के साथ शुरू होती है, जो भविष्य के ऑडिट के लिए रिकॉर्ड किए गए लाइव जूम सत्र में होती है। कंपनी ने ग्राहकों के इरादे और खरीदारी के लिए सहमति को सत्यापित करने के लिए कई चेक पेश किए हैं। पहले चरण में, इच्छुक ग्राहकों को कस्टम मोबाइल ऐप पर ग्राहक सहमति स्क्रीन पर नियम और शर्तों को पढ़ने के बाद अपनी सहमति देनी होगी। बायजूस इंडिया के सीईओ, मृणाल मोहित ने नए बिक्री मॉडल पर टिप्पणी करते हुए कहा, महामारी के बाद की दुनिया के उद्भव के लिए हमें इस बात पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता थी कि हम संभावित आजीवन संबंध के शुरूआती चरणों में अपने ग्राहकों के साथ कैसे जुड़ते हैं। बायजूस एक पारदर्शी बिक्री तंत्र के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, और हमारा तकनीक-संचालित, 4-स्तरीय दृष्टिकोण संचार को बढ़ाता है और संभावित/दुर्लभ गलत बिक्री को रोकता है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में छात्र होते हैं, और उनकी रुचि हमारे लिए सर्वोपरि है। हम अपने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि यह नया दृष्टिकोण बिक्री प्रक्रिया के शुरूआती चरणों को अधिक कुशल, स्पष्ट और सहानुभूतिपूर्ण बनाएगा, और दीर्घकालिक संबंध के लिए एक मजबूत नींव स्थापित करने में हमारी मदद करेगा।

### उड़ान प्लेटफार्म पर भारत के 1200 शहरों में 170 करोड़ उत्पादों की शिपिंग की गई

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान ने आज घोषणा की कि उन्होंने कैलेंडर वर्ष 2022 में 2.2 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए 170 करोड़ से अधिक उत्पादों की शिपिंग की है। इन ऑर्डर्स को भारत के 12,500 पिन कोड्स के अंतर्गत 1,200 शहरों और कस्बों में शिप किया गया। उड़ान के सह-संस्थापक और सीईओ, वैभव गुप्ता ने कहा, हम अपने व्यवसायों - खाद्य, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लाइफस्टाइल, सामान्य उत्पाद, दवा - में मजबूत वृद्धि देख रहे हैं और यह आगे भी सुनिश्चित करने के लिए अपने ग्राहक मूल्य प्रस्ताव को मजबूत करने पर ध्यान देना जारी रखेंगे ताकि खरीदार दोहराने की उच्च दर हासिल की जा सके। हम विभिन्न ब्रांडों के साथ अपने संबंधों को लगातार मजबूत कर रहे हैं और वे प्लेटफॉर्म पर मजबूत वृद्धि देख रहे हैं। लगभग एक ट्रिलियन डॉलर योग्य बाजार के साथ और 1% से कम की पैठ के मद्देनजर, बी2बी ईकामर्स मास-मार्केट प्लेयर्स के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। उड़ान जैसा एक क्षैतिज मंच, जिसने राष्ट्रव्यापी आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, एक बेहतर तकनीकी मंच और व्यापार ऋण जैसी क्षमताओं के निर्माण में पर्याप्त निवेश किया है, इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। कैलेंडर वर्ष 2022 की पहली छमाही में सकारात्मक यूनिट इकोनॉमिक्स हासिल करने के बाद, हमारा ध्यान पिछली दो लगातार तिमाहियों में हासिल की गई मजबूत विकास गति को जारी रखने पर है। व्यापकता, दक्षता और नेटवर्क पहुंच के साथ, हमारा उद्देश्य पूरे भारत में लाखों खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोरों को ई-कॉमर्स के लाभों की पेशकश करना है।

### आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्युचुअल फंड ने पेश किया मल्टी असेट ऐलोकेशन फंड

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड ने मल्टी असेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन एंडेड योजना है। यह स्कीम इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करती है। आदित्य बिड़ला सन लाइन एएमसी लिमिटेड, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड की सहायक कंपनी और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्युचुअल फंड की निवेश प्रबंधक है। यह फंड विभिन्न परिसंपत्ति-वर्गों में अपने निवेश में विविधता लाने पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि जोखिम को संतुलित करते हुए परिसंपत्तियों को वांछित भार आवंटित किया जा सके। एनएफओ 11 जनवरी, 2023 से 25 जनवरी, 2023 तक खुला रहेगा। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, ए बालासुब्रमण्यन ने कहा, आदित्य बिड़ला सन लाइफ मल्टी असेट ऐलोकेशन फंड निवेशकों को परिसंपत्ति वर्गों में एक अच्छी तरह से विविधीकृत प्रस्ताओं तक पहुँच प्रदान करता है। यह नए और अनुभवी, दोनों तरह के निवेशकों के लिए निवेश का एक उत्कृष्ट विकल्प है, क्योंकि यह निवेश, ट्रैकिंग और कई निवेश रणनीतियों को बनाए रखने के तनाव को खत्म करता है। अपेक्षाकृत न्यूनतम क्रेडिट जोखिम के साथ आय उत्पन्न करने के लिए यह फंड उच्च-गुणवत्ता वाले ऋण और मुद्रा बाजार प्रतिभूतियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने का प्रयास करता है।

# अवैध मदिरा के तस्करी रैकेट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, देशी व विदेशी मदिरा निर्माण की सामग्री बरामद**

**जौनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन व आबकारी आयुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश एवं जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, वितरण, भण्डारण से संबंधित तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये दिये गये कड़े निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्र के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखाबिर की सूचना पर राजा साहब के पोखरे के पास बाइक पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 42 पौवे अवैध देशी शराब, तरंग ब्राण्ड 400 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन व 200 नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआर कोड सहित नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सायंकाल गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विनोद यादव पुत्र पतिराम यादव निवासी सरैया थाना जफराबादसे बरामद अवैध शराब के साथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्री-ढ़क्कन व नकली/फर्जी क्यूआर कोड के श्रोत के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसकी निशानदेही पर रिजवी खान खोवा मण्डी स्थित कमल प्रेस के यहॉ आकस्मिक छापेमारी की गयी जिसमें संबंधित संचालक के यहॉ से 160 अदद नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआरकोड सहित क्यूआरकोड के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पेपर के 12 अदद् पेपर रोल बरामद करते हुए संचालक जाहिद अली पुत्र जफरूद्दीन सिद्दकी नि.-रौजा अर्जन, थाना-कोतवाली, से कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने बताया कि अभियुक्त विनोद ने 5000 नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआर कोड़ मेरे यहां छपवाये थे। इसके उपयोग के संबंध में जाहिद अली द्वारा बताया गया कि विनोद द्वारा इस क्यू आर को शराब की नकली शीशियों पर चिपकाकर बिक्री किया जाता है जिससे होने वाले लाभ को हमलोग बाटतें है, इसी लालच में आकर मैने क्यूआर कोड छाप दिया था।

बरामद पेपर रोल के विषय में जाहिद अली द्वारा बताया गया कि इस पर भी क्यूआर कोड तैयार कर विनोद को देने वाला था। इस प्रकार जाहिद अली को उसका जुर्म बताकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुनः अभियुक्त विनोद की निशानदेही पर हरलालका रोड स्थित जितेन्द्र कुमार के कास्मेटिंक की दुकान पर छापा मारा गया जिसमें संवंधित दुकान व गोदाम की तलाशी में विभिन्न रंगों के अवैध देशी मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 5365 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन एवं अवैध विदेशी मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 131 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन एवं अवैध मदिरा की शीशियों पर चस्पा होने वाले 6000 रैपर/लेबल बरामद हुआ। दुकान संचालक जिसका नाम जितेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार नि.-ईशापुर, थाना-कोतवाली, ने उक्त बरामदगी के संबंध में बताया कि इस रैपर व ढ़क्कन को सूरज यादव नि.-लाडलेपुर, थाना-सरायख्वाजा के साथ मिलकर हमलोग मगांकर विनोद यादव को देते है जिसे विनोद यादव द्वारा अवैध शराब तैयार एवं बिक्री कर जो लाभ अर्जित होता है उसे हम लोग आपस में बाट लेते है।

इस प्रकार जितेन्द्र कुमार को भी उसका जुर्म बताकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं उसके साथी सूरज यादव को वांछित किया गया।

# उद्योगपति यूपीजीआईएस बैठक में भाग लें

**बोलीं कुलपति**

**देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार की पहल**

**विश्वविद्यालय इन्वेस्ट प्रतिभाग करने वालों की सूची राजभवन भेजेगा**

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति सभागार में बुधवार को जनपद के उद्योगपतियों के साथ कुलपति ने बैठक की। यह बैठक 10 से 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश शासन में होने वाली निवेशकों की बैठक के संदर्भ में बुलाई गई।

इस बैठक में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने जनपद के उद्योगपतियों को उप्र सरकार की बैठक में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि आप जिले के उद्योग इत्र और चमेली के तेल के बारे में प्रस्ताव देकर इन्वेस्ट कर सकते हैं। 10 से 12 फरवरी कि लखनऊ में होने वाली उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट(यूपीजीआईएस) में इन्वेस्ट की शर्तों और सरकार द्वारा उद्योगपतियों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 की बैठक में भाग लेकर प्रदेश और देश की व्यवस्था में को मजबूत बनाएं। सरकार उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को ठीक करना है। भारत सरकार की मंशा अर्थव्यवस्था को लेकर एकदम पारदर्शी है वह हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इस कारण वह वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट पर भी काम कर रही है। संचालन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह, हर्षित अग्रवाल, श्याम मोहन अग्रवाल, अरविंद सिंह, अतुल सिंह, संजीव मोहन अग्रवाल, मनोज अग्रहरि, प्रो. मानस पांडेय, डॉ अमित वत्स, डॉ. सुनील कुमार, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि उपस्थित थे।

# दो निर्माणाधीन टंकी का छज्जा गिरने से चार श्रमिक घायल

**हादसा**

**दो की हालत नाजुक सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जासोपुर का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जासोपुर बाजार में निमार्णाधीन पानी की टंकी का छज्जा गिरने से चार श्रमिक चपेट में आने से घायल हो गये जिसमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ठेकेदार मौके से भाग खड़ा हुआ। जासोपुर में जल निगम विभाग से पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान बुधवार को अपराहन तीन बजे अचानक निर्माणाधीन छज्जा गिर पड़ा जिसमें चार श्रमिक चपेट में आ गए। उसमें बशीरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय चंदन व अतरही गांव निवासी 30 वर्षीय सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके अलावा भी दो श्रमिकों को हल्की चोटें आई।

इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोग दौड़े और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी हालत नाजुक बताई गई है। इसके अलावा वहां मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है। मौके पर ठेकेदार भी मामला बढ़ता देख खिसक लिया। श्रमिकों ने काम रोक कर ठेकेदार की खोजबीन शुरू की, लेकिन ठेकेदार मौके से फरार हो गए थे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। घटना को लेकर श्रमिकों में रोष व्याप्त है। ग्रामप्रधान रीता यादव का कहना है कि निर्माण कार्य की ठेकेदार द्वारा कोई प्रगति जानकारी नहीं दी गई है। निर्माण कार्यों में अच्छी सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। घटना की जानकारी हुई है घायलों को उपचार किया जा रहा है।

# इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट संग्रहण के लिए चलेगा अभियान: डॉ. क्षितिज शर्मा

**जौनपुर।** लायन्स क्लब संगठन की ओर से नगर के एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान एरिया लीडर/ई वेस्ट मल्टिपल कोआर्डिनेटर डा. क्षितिज शर्मा ने विस्तार से बताया कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल सेवाओं पर निर्भरता बढ़ी है, उसी अनुपात में इलेक्ट्रानिक कचरे यानी ई-वेस्ट का अंबार भी बढ़ता जा रहा है। ऐसी इलेक्ट्रानिक वस्तुएं जो उत्पादकता खत्म होने अथवा तकनीकी खराबी की वजह से उपयोग में नहीं लाई जाती हैं, ई-कचरे का रूप ले लेती हैं जो कैंसर का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया कि ई-कचरा नदियों और झीलों को जहर देता है। अत्यधिक जहरीले रसायनों के माध्यम से मिट्टी को दूषित करता है। इस अभियान के माध्यम से ई-कचरे के हानिकारक प्रभावों को लेकर जागरुकता से लायंस इंडिया के कार्यक्रम 'डंप आर डोनेट' को अति सफलता प्राप्त होगी जिससे एक बेहतर व स्वस्थ भारत बनाने में हर आम नागरिक उपयोगी सिद्ध होगा।



प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते डा. क्षितिज शर्मा

**प्रेसवार्ता**

**लायन्स क्लब ने पर्यावरण को ई-कचरा मुक्त करने का उठाया बीड़ा**

**19 से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा अभियान**

ई-वेस्ट की श्रेणी में खराब इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिन्टर, मोबाईल फोन, घरेलू उपकरण, चिकित्सा उपकरण, ऑडियो-विजुअल उपकरण आदि हैं। इलेक्ट्रिकल उपकरणों के गैर वैज्ञानिक निस्तारण से हानिकारक हैवी मैटल्स और अन्य प्रदूषक एवं रासायनिक तत्व पर्यावरण को दूषित करते हैं। यह गंभीर रोगों का एक कारण भी बन सकता है। शहर में 19 जनवरी को शाही किला से ई-वेस्ट रैली निकाली जायेगी तथा शहर में जगह-जगह पर इलेक्ट्रोनिक वेस्ट संग्रहण के लिए केन्द्र स्थापित किये गए हैं जिसमें गोल्डेन हार्ड वेयर सदर अस्पताल के सामने, किला गेट, आरएन काम्प्लेक्स निकट जेसीज चौराहा, अहियापुर मोड़, मछली मार्केट के सामने कचहरी रोड, आरडी होम रसूलपुर एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर निकट होटल रिवर व्यू, मौर्या कटरा रुहट्टा, मुमताज कटरा कोतवाली चौराहा, पालिटेक्निक चौराहा पर कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जहाँ पर कोई भी ई वेस्ट मटेरियल समय प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे दे सकता है। इसके पूर्व लायन्स मेन अध्यक्ष संदीप गुप्ता, लायन्स सूरज अध्यक्ष आनन्द स्वरूप, लायन्स क्षितिज अध्यक्ष विष्णु सहाय, लायन्स गोमती सचिव सैय्यद कमर हसनैन दीपू, लायन्स पवन अध्यक्ष विनय कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य, जोन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, संतोष साहू बच्चा, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, मनीष गुप्ता व लियो अध्यक्ष हर्षित रंजन, राजीव श्रीवास्तव, डा. राजेश मौर्य, शशांक सिंह रानू, राजेन्द्र खत्री, अजीत सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए की गयी बैठक

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री-ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भुदेव गौतम की अध्यक्षता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार के संयोजन में बुधवार को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी।

बैठक में विचार-विमर्श करते हुए भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी प्रशांत कुमार द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एमएसीटी पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# तीन जगहों पर टीकाकरण की प्रगति न होने पर डीएम ने दी चेतावनी

**बैठक**

**विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में टीकाकरण की समीक्षा के दौरान बदलापुर, मछलीशहर, शाहगंज में टीकाकरण की प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एमओआईसी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमेशा डयू-लिस्ट अपडेट रहे। आशा एवं आंगनबाड़ी के पास ड्यू लिस्ट रहे। जल्द से जल्द अवशेष बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में टीका लगाने में समस्या उत्पन्न हो रही है, सभी एमओआईसी, एसडीएम बीडीओ, पूर्ति निरीक्षक भ्रमण कर टीका न लगाने वाले परिवारों को जागरूक करें।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आशा एवं एएनएम को धड़कन सुनने वाली मशीन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा शत-प्रतिशत होम विजिट करें। विकासखंड डोभी में लो बर्थ वेट की संख्या अधिक पाए जाने पर एमओआईसी को निर्देशित किया कि ऐसे गांव को चिन्हित करें और लोगों को गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली पोषणयुक्त भोजन एवं दवाओं के संबंध में जागरूक किया जाए जिससे बच्चे स्वस्थ पैदा हो। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान पाया कि पिछले महीने की अपेक्षा इस महीने में कम कार्ड बनाया गया है जिसपर निर्देशित किया कि तेजी से कार्य करते हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। एडीओ पंचायत एवं एमओआईसी मुंगराबादशाहपुर के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में अच्छा कार्य किया गया है जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी पर आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा दी जाए। टेली कंसलटेंसी में कार्य न करने वाले 14 चिकित्सकों को नोटिस देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी में कम से कम एक डॉक्टर अनिवार्य रूप से तैनात रहे और एनएचएम से स्वीकृत पद जल्द से जल्द भर लिया जाए। सभी सीएचसी पर डॉक्टर के बैठने के दिन एवं समय लिखवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीएमएस महिला अस्पताल सहित एमओआईसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारित

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले डीएम**

**विकास भवन सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा किसानों की समस्या को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। विकास खण्ड करंजाकला की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के किसान महेंद्र प्रताप सिंह ने निराश्रित पशुओं की शिकायत की जिस पर खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला आरडी यादव को निर्देश दिया कि तत्काल पशुओं को पकड़कर गोशाला में पहुंचाये। आदमपुर में जमीन विवाद की शिकायत की जिस पर एसडीएम को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी केके सिंह को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं में तेजी लाई जाए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है।

अधि. अभियंता सिचाई को निर्देश दिया कि अवैध कुलावे बनाने वालों पर कार्यवाही करें और टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि सभी किसान बंधु अपने खेतों की सिंचाई कर सकें। धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि भुगतान में तेजी लाये। एलडीएल को निर्देशित किया कि कैम्प लगा कर केसीसी वितरित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, अपर कृषि अधिकारी रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पत्रकार को मातृ शोक

**जौनपुर।** जनपद के पत्रकार व जनसंदेश टाईम्स के ब्यूरो चीफ महर्षि सेठ की माता का बुधवार को लम्बी बीमारी के पश्चात हृदयाघात के चलते वाराणसी में निधन हो गया। उनके निधन की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी तादाद में पत्रकार, समाज सेवी व शुभचिन्तक उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मृतका का दाह संस्कार सायंकाल रामघाट पर किया गया।

### नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**बदलापुर।** सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। वहीं शपथ निर्वाचन अधिकारी सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बेचन सिंह रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एडवोकेट, प्रबंधक श्याम सिंह, उप प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ओम तथा सदस्य अशोक कुमार सिंह एडवोकेट, अमर बहादुर सिंह, राम किशोर सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, शिव बहादुर सिंह, अशोक कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह आदि लोग रहे। नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के प्रबंधक श्याम सिंह अध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह एडवोकेट सहित पूर्व प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सुनील प्रताप सिंह, सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, राजुल सिंह, प्रमोद नारायण शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, अनिल कुमार पांडेय, रामप्रताप, अजय प्रताप, सुभाष डा. सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### राहुल यादव गोबरा ने शिवनाथ पहलवान को दिखाया आसमान

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम गोबरा में बुद्धवार को आयोजित गोबरा महोत्सव में स्व पहलवान चन्द्रदेव की सत्रहवीं पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष की भाँति हो रहे दंगल में राहुल यादव पहलवान गोबरा और शिवनाथ पहलवान डीएलडब्लू वाराणसी का दंगल मुकाबले के लिये मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक तूफानी सरोज ने हाथ मिलवाया। वहीं मुकाबले में राहुल यादव ने शिवनाथ पहलवान को महज कुछ ही समय मे आसमान दिखाकर मुकाबला जीत लिया। दंगल मुकाबले में 56 जोड़ी पहलवान ने अखाड़े में जमकर जोर आजमाइस किया। वहीं प्रतियोगिता का महा मुकाबला वाराणसी केसरी राजू पहलवान और यूपी केसरी निगम यादव कर बीच खेला गया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष राजबहादुर, एमएलसी आशूतोष, नपं अध्यक्ष विजय कुमार कमलापुरी, जिलाध्यक्ष सुशील यादव, प्रबंधक सुमन, रिंटू सिंह, शमसेर, विरेन्द्र, मोनू चौहान, बनवारी यादव, रामसहाय समेत तमाम गाँवो के प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व प्रधान इंद्रावती देवी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन सपा विधान सभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने किया।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला उन्मुखीकरण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक जिला समन्वयक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. राजेश कुमार ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। तम्बाकू नियंत्रण कानूनों की निगरानीय पंचायती राज संस्थाओं के साथ समन्वय ग्राम स्तर की गतिविधियाँ जिला स्तर पर औषधीय उपचार सुविधाओं के प्रावधान सहित निवारण सुविधाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण करना है। यह समग्र नियोजन कार्यान्वयन और विभिन्न गतिविधियों की निगरानी और कार्यक्रम के तहत भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए जिम्मेदार होगा।

### कार्यशाला में दी गयी योजनाओं की जानकारियां

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर कार्पेट एक्सपो मार्ट भदोही में बुधवार को जनपद भदोही के समस्त ग्राम प्रधानों का शासन द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सभी विभागाध्यक्षों ने सभी योजनाओं के बारे में प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी गौरांग राठी व विधायक जाहिद बेग ने दीप प्रज्वलित कर के किया। शासन के मंशानुरूप शासन के सर्वोच्च विकासात्मक कार्यों में नवाचार अभिनय पहल प्रयोग के क्रम में ग्राम ज्ञानालय, ग्रे वाटर प्रबंधन, सॉलिड व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, निर्माण आदि विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में ग्राम प्रधानों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों व योजनाओं में विशिष्ट उल्लेखनीय योगदान करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भदोही में बनेगा 12300 प्रधानमंत्री आवास

**ज्ञानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि गरीबों को आशियाना उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने करीब छह साल पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू किया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक 25 हजार से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। ब्लॉकवार सर्वे में छूटे पात्रों को आवास मिलने की उम्मीद जग गई है। नए साल में शासन ने 12 हजार 300 आवास का लक्ष्य दिया है। जिसमें 11 हजार 432 स्वीकृत हो चुका है। ब्लॉकवार आवंटित योजना के लक्ष्य के साथ ही पात्रों के चयन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभार्थी को भवन निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपये आवास निर्माण के लिए तीन किस्तों में मुहैया कराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें मजदूरी के लिए मनरेगा के तहत 19100 रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की धनराशि भी पंचायती राज विभाग से उपलब्ध होगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास, योजना में नए साल पर सरकार ने गरीबों को तोहफा दिया है। 12 हजार 300 नए आवास आवंटन का लक्ष्य मिला है। अब तक 11 हजार 722 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि भदोही ब्लॉक में 300 से अधिक आवास अभी भी लंबित है। जिसको लेकर सीडीओ ने नाराजगी भी जताई है। साल भर के अंदर इन आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# हृदयाघात से प्रधान के भाई की मौत

**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के कुरमैचा गांव निवासी ग्राम प्रधान रविकांत बिंद का छोटा भाई बृज बिहारी बिंद ऊर्फ बल्ले उम्र 27 वर्ष हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह उठकर मंजन ब्रश करने के बाद स्नान किए, स्नान कर-के ज्योही बाहर आते हैं अचानक गिर जाते हैं। उन्हें परिवार के सदस्य निजी नर्सिंग होम में ले जाते हैं जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके शव यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शव यात्रा में जेएस बिंद, राज कुमार बिंद, वरिष्ठ सपा नेता कमला शंकर महतो, रामकिशोर बिंद, अशोक कुमार बिंद, रालोद अध्यक्ष राधेश्याम बिंद, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी वरिष्ठ सपा नेता रंजीत बिंद, निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश चतुर्वेदी, योगेश बिन्द, पप्पू शर्मा, धर्मराज निषाद आदि बड़ी संख्या में लोग शव यात्रा में शामिल हुए।

# जिले की दो कालीन कंपनियों में इनकम टैक्स का छापा

**कार्रवाई**

**आरएमसी कलेक्शन काजीपुर व शेख भुल्लन एंड संस मेवड़ापुर घर कंपनी में इनकम टैक्स का पड़ा छापा**

**भदोही।** काजीपुर स्थित आरएमसी कलेक्शन में इनकम टैक्स ऑफिसर लखनऊ द्वारा आय से संबंधित जांच करने के लिए 30 से 35 लोगों की टीम ने छापा मारा। सूत्रों से पता चला कि इस इनकम टैक्स टीम में लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज व वाराणसी की के अधिकारी सम्मिलित हैं।

बताया गया कि जबतक टीम आय से संबंधित सभी दस्तावेजों का अच्छी तरह से जांच पूरी नहीं कर लेती तबतक इनकम टैक्स टीम फैक्टरी में ही रहेगा। इसमें दो या तीन दिन भी लग सकता है। बताते चलें कि बुधवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से एक साथ जनपद के दो बड़े कालीन फैक्टरियों में एक साथ छापा मारा गया है। इन कालीन फैक्टरियों मे आयकर विभाग की छापेमारी से भदोही जनपद में हड़कंप मच गया। आरएमसी कलेक्शन काजीपुर के अतिरिक्त गोपीगंज स्थित शेख भुल्लन एंड संस नामक कालीन फैक्टरी में भी छापेमारी की जा रही है। फैक्ट्री में मौजूद किसी भी कर्मचारी या किसी अन्य को बाहर जाने की इजाजत नहीं दिया जा रहा था। शाम को 6 बजे कुछ कार्य करने वाले मजदूरों व कर्मचारियों को आरएमसी कलेक्शन से बाहर जाने दिया गया। फैक्ट्री में एक-एक दस्तावेज को खंगालने में आयकर टीम खबर लिखे जाने तक जमी रही। वहीं मौके पर मौजुद किसी भी कर्मी को बाहर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। जनपद के दो बड़े कालीन फैक्टरियों में आयकर विभाग की छापेमारी से इलाके में खलबली मच गई। जनपद के कई अन्य कालीन फैक्टरियों में बाहर से ताला लगाकर कार्य किया गया। बता दें कि कुछ महीने पहले नेशनल इंटर कॉलेज के पास स्थित एक अन्य कालीन फैक्टरी में आईटी की टीम ने छापेमारी की थी परंतु वहां पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हांथ कुछ नही लगा व कालीन फैक्ट्री को क्लीन चिट भी मिला।



आरएमसी कलेक्शन काजीपुर से बाहर निकलते कुछ कर्मचारी




## मंडल के तहत आने वाले सभी स्टेशनों पर आधारभूत संरचनाओं का हुआ विकास

## दोहरीकरण व विद्युतिकरण के साथ पर्यावरण व स्वच्छता को पूरे मंडल में दी गयी गति

# वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर बढ़ रहीं यात्री सुविधाएं

जनसंदेश टाइम्स
एनईआर वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय से
**खास मुलाकात**


अश्विनी कुमार श्रीवास्तव



पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय का मानना है कि किसी भी लक्ष्य पर अगर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से नजर रखी जाए तो उसे पूरा करने में किसी भी तरह का व्यवधान नहीं होता, 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी सकारात्मक नजरिया साझा किया। अगस्त 2021 में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद, उन्होंने वाराणसी मंडल में ना सिर्फ यात्री सुविधाओं के प्रति लगातार अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मंथन करते हुए उसका विस्तार किया, बल्कि मंडल के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता को अभियान के तहत गति दिलायी। बीटेक आईआईटी रूड़की तथा एमटेक आईआईटी दिल्ली से पूरा करने वाले वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के माध्यम से वर्ष 1990 में रेल सेवा में अपने कैरियर की शुरूआत पूर्वोत्तर रेलवे से ही की, रेल सेवा में पहली पारी की शुरूआत भी उन्होंने वाराणसी मंडल से करते हुए सीवान में सहायक मंडल इंजीनियर पद का संभाला। इसके बाद वह गोरखपुर एवं समस्तीपुर में उप मुख्य इंजीनियर निर्माण, रेलवे बोर्ड में मेम्बर इंजीनियरिंग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी), डायरेक्टर विजिलेंस, रेलवे बोर्ड, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/हाजीपुर के पद पर रहते हुए सभी पदो पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रेल विकास निगम लिमिटेड के ग्रुप जनरल मैनेजर के पद पर कार्य करते हुए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये, रेल संचलन एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में श्री पाण्डेय इटली, सिंगापुर, मलेशिया, स्पेन, नार्वे एवं टर्की में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ट्रैक रिकार्डिंग की ट्रेनिंग इटली में, एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम का प्रशिक्षण सिंगापूर एवं मलेशिया में, हाई-स्पीड ट्रेन संचलन की ट्रेनिंग स्पेन में तथा सुरंग निर्माण(टनलिंग) की ट्रेनिंग टर्की एवं नार्वे से प्राप्त किया है। आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों के गहन अनुभव के अलावा सामान्य प्रशासन में भी कार्य करने का गहन अनुभव है, आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय है। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में आने वाले स्टेशनों पर आधारभूत संरचनाओं का लगातार विकास किया जा रहा है, जिसके तहत छपरा-बलिया रेल खण्ड पर नया ब्लॉक स्टेशन मांझी ओपेन किया गया है, आजमगढ़ के गुड्स शेड को फरिहा में नया गुड्स शेड खोल कर विस्थापित किया गया है। औड़िहार-जौनपुर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत डोभी-मुफ्तीगंज खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के साथ पूरा कर यात्री यातायात हेतु खोल दिया गया, मऊ- शाहगंज दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत सठियाव-फरिहा खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के साथ पूरा कर यात्री यातायात हेतु खोल दिया गया, गाजीपुर सिटी झफेफना, बलिया- सहतवार, फेफनाझरसरा, ज्ञानपुर रोड झ रामनाथपुर तथा गौतम स्थान-मांझी खंड का दोहरीकरण किया गया। मंडल के हंडिया खास, देवरिया, उनौला, निगतपुर, चितबडागाँव, सहतवार, फरिदहा हाल्ट, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, सहेरी हाल्ट, केराकत, कछवा रोड, राजातालाब, फरिहा एवं सठियाव स्टेशनों पर पैदल उपरिगामी पुल का प्रावधान किया गया है।

### कोरोना काल में भी रही मुस्तैदी

कोरोना काल के समय लॉकडाउन में जब लोग अपने घरो में थे तब मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय के नेतृत्व में रेलकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी के साथ निभा रहे हैं। खाद्यान्न, दवा सहित अन्य आवश्यक सामानों का आकाल न पड़े, इसलिए मालगाड़ी चलाकर निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित कर रहे हैं।




## वाराणसी मंडल पर स्वच्छता व पर्यावरण पर कार्य

बनारस स्टेशन को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ14001:2015 सर्टिफिकेट तथा कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 45001:2018 सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। बनारस स्टेशन को ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश के प्रदुषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा इस कार्य हेतु प्रक्रिया का अनुमोदन (कंसेन्ट टू ऑपरेट) प्राप्त कर लिया गया है । बनारस रेलवे स्टेशन पर एन जी टी के मानकों के अनुरूप जल एवं वायु क्वालिटी को नियंत्रित रखते हुए ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है । बनारस स्टेशन जो की तीन वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय संस्था (क्वालिटी सर्किल ऑफ इण्डिया) 5 र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उस स्तर को कायम रखे हुए है। अब बनारस स्टेशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्य स्थल प्रबंधन हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्था खवरए( यूनियन ऑफ जेपनिज साइंटिस्ट एण्ड इंजीनियर्स) का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करने की आहर्ता पूरी कर चुका है और क्यूएसएफआई टीम द्वारा इस बावत स्टेशन प्रबंधन में किया गये सुधारों कीऑडिट रिपोर्ट जापान भेजी गयी है।

### इन स्टेशनों को मिला उपरिगामी पुल

यात्रियों की सुविधा के लिये 15 स्टेशनों - हंडिया खास, देवरिया, उनौला, निगतपुर, चितबडागाँव, सहतवार, फरिदहा हाल्ट, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, सहेरी हाल्ट, केराकत, कछवा रोड, राजातालाब, फरिहा एवं सठियाव पर इस वर्ष पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया गया । इस वर्ष 22 स्टेशनों पर उच्च तल प्लेटफार्म के निर्माण एवं विस्तार का कार्य पूरा किया गया। इस वर्ष बनारस स्टेशन पर एक अतिरिक्त पूरी लम्बाई का वाशिंग पिट लाइन का कार्य पूरा किया गया ।

### ऊर्जा संरक्षण पर भी वाराणसी मंडल ने कार्य किया

गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत के रूप में सोलर प्लांट, सोलर पम्प, सोलर गीजर, स्ट्रीट लाइट का प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, साथ ही स्टार रेटेड विद्युत उपकरणों के प्रयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। फलस्वरूप नान ट्रैक्शन विद्युत ऊर्जा की खपत में कमी आयी है। मंडल के अधिकांश रेल रूट के विद्युतीकरण हो जाने से रेल संचालन विद्युत इंजनो से किया जा रहा है जिससे एक तरफ तो इंधन की बचत हो रही है वहीं दूसरी तरफ वायु प्रदुषण न्यून हो गया है। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान को देखते हुये परिवहन क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2022 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

### वाराणसी मंडल के सभी रेल खंडों में विद्युतिकरण

वाराणसी मण्डल के हथुआ-पंचदेवरी खंड (32 रूट किमी.) के विद्युतीकरण के साथ ही वाराणसी मंडल के सभी रेल खंडों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हुआ। वर्तमान में वाराणसी मण्डल पर कुल 1272.33 रूट किमी. तथा 2250.72 ट्रैक किमी. रेल खंड विद्युतीकृत हो गया है। वाराणसी मंडल पर वर्ष 2022-23 में डोभी हाल्ट-मुफ्तीगंज (डबल लाइन), हंडिया खास-रामनाथपुर (डबल लाइन), करीमुद्दीनपुर-गाजीपुर सिटी (डबल लाइन), शाहबाजकुली-गाजीपुर सिटी (डबल लाइन), फेफना-रसड़ा (डबल लाइन), सठियांव-आजमगढ़ (डबल लाइन),गौतामस्थान-माँझी( डबल लाइन) तथा हथुआ-पंचदेवरी (सिंगल लाइन) रेल खडों का विद्युतीकरण पूर्ण हुआ। जिससे वाराणसी मंडल पर रेल खंडों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण होने से कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आयेगी।

### अमानवित समपार फाटकों का हुआ समापन

मंडल के बड़ी लाइन पर स्थित सभी अमानवित समपारों को समाप्त किया जा चुका है तथा मानवित समपारों को विभिन्न तरीकों से बन्द किया जा रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष में चार समपार मर्जर के माध्यम से तथा 1 समपार (एलएचएस )निर्माण के माध्यम से कुल 5 मानवित समपारों को बन्द कर दिया गया,वर्तमान वित्त वर्ष में संरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु 3730.59 किमी. ट्रैक की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग करायी गयी, संरक्षा हेतु 85.16 किमी. टी.आर.आर. एवं 159.57 किमी. रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग, 67 टर्नआउट रिन्यूवल तथा 4 किमी. पी.एस.सी. स्लीपर रिन्यूवल का कार्य किया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में मंडल के विभिन्न खंडो में कुल 378.657 किमी. ट्रैक की गति 110 किमी.प्रति घंटा तक बढ़ाई गयी है । इसके साथ ही विभिन्न खण्डों के 368.168 किमी. में लूप लाइनों की गति भी 30 किमी.प्रति घंटा तक बढ़ाई गयी है ।

### उत्तर रेलवे की नौ जोड़ी ट्रेनों को भी संभाल रहे

उत्तर रेलवे के वाराणसी जं. से पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस/वाराणसी सिटी स्टेशन पर नौ जोड़ी गाड़ियों को स्थानान्तरित किया गया, जिसमें 17323/17324 हुबली-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04202/04201 प्रतापगढ़-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14220/14219 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 22969/22970 ओखा-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 14265/14266 वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04249/04250 आनन्द विहार टर्मिनस-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से वाराणसी सिटी, 19167/19168 अहमदाबाद-वाराणसी साबरमती एक्सप्रेस शामिल है।



### कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र पर भी ध्यान

वाराणसी मण्डल में कार्यरत सभी कर्मचारियों के सेवा अभिलेख को एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड कराया गया। सभी कर्मचारियों को ऑनलाईन पास/पीटीओ जारी किये जाने तथा भविष्य निधि व समापक भुगतान ऑनलाईन ल्फ़टर के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ ही मण्डल में ऑनलाईन की प्रक्रिया की शुरूआत की गई जिससे कर्मचारियों को भुगतान आसानी से भुगतान मिल जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान माह जुलाई से एच.आर.एम.एस. पोर्टल द्वारा किया जा रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये 15 दिसम्बर, 2022 को आयोजित पेंशन अदालत में लगभग सभी मदों का निस्तारण किया गया ।

### मैकेनाइज्ड कोच क्लीनिंग

मैकेनाइज्ड कोच क्लीनिंग के अन्तर्गत गाड़ियों की साफ-सफाई एवं धुलाई का कार्य पिट लाइन पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से 02 कोचिंग डिपो में संविदा के तहत किया जा रहा है। कोचिंग डिपो/ बनारस एवं छपरा में विगत वर्ष में ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्ट के शुरू हो जाने से सवारी यानों की बाह्य सफाई की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ओ.बी.एच.एस. के तहत 03 स्टेशनों से 09 गाड़ियों में साफ-सफाई का कार्य संविदा के तहत किया जा रहा है। मंडल से चलने वाली सभी मेल / एक्सप्रेस गाड़ियों में इको फ्रेंडली बायो-वैक्यूम ग्रीन ट्वायलेट लगाये जा चुके हैं तथा सवारी यानों के शौचालयों की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम लगाये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) के अन्तर्गत आने वाले सभी 12 स्टेशनों को आई.एस.ओ. 14001 तथा एनर्जी आडिट एवं वाटर आडिट पूर्ण हो जाने के उपरान्त राज्य प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड (एस.पी.सी.बी.) द्वारा सी.टी.ओ. प्रदान किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये अवांछित एवं निष्प्रयोज्य इमारतों एवं विभिन्न स्तर के आवासों को चिन्हित कर उनका निरस्तारण किया गया। फलस्वरूप न केवल रेल राजस्व की प्राप्ति हुई बल्कि रेल परिसरों एवं रेल पटरियों को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया ।

### इन स्टेशनों के प्लेटफार्म का हुआ विस्तार

वाराणसी मंडल के सठियाव, फरिहा, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, केराकत, बैतालपुर, नूनखार, कटका, राजातालाब, गौतम स्थान , रामनाथपुर, शाहबाजकुली, ताजपुर, ढ़ोंढाडीह, रसरा एवं चिलकहर स्टेशनों के प्लेटफार्मों के विस्तार एवं उच्चीकरण किया गया ।

# शनि देव का मकर से कुंभ राशि में प्रवेश



**वाराणसी।** शनि ग्रह को नवग्रहों में न्याय प्रिय ग्रह माना गया है। शनि ग्रह इस बार मकर राशि से कुंभ राशि में प्रवेश कर गये हैं। इसके चलते विश्व पटल पर इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। शनि ग्रह एक राशि में ढाई वर्ष तक रहते हैं। इस अवधि में शनि ग्रह जब वक्र गति से चलते हैं तो ढाई वर्ष की अवधि और भी बढ़ जाती है। शनि ग्रह की साढ़े साती पूर्ण आयु वाले व्यक्ति को जीवन में तीन बार आती है। इसमें प्रथम बार बचपन में आती है जिसका प्रभाव बालक के स्वास्थ व शिक्षा पर तथा माता-पिता के कार्य क्षेत्र पर पड़ता है। द्वितीय बार युवावस्था में जिसका प्रबाव आर्थिक स्थिति, कारोबार की स्थिति व अन्य पक्ष पर पड़ता है। तृतीय बार वृद्धावस्था में शनि की साढ़े साती का प्रभाव स्वास्थ्य पर ज्यादा दिखता है। इस बार कर्क व वृच्छिक राशि पर शनि की अढ़ैया तथा मकर व कुंभ तथा मीन राशि वालों को शनि ग्रह की साढ़े साती रहेगी। शनि की साढ़े साती के प्रारंभ में सौ दिन मुख, 600 दिन चरणों, 500 दिन उदर, 400 दिन दक्षिण वाम भुजा तथा 300 दिन मस्तक व 200 दिन नेत्रों व 200 दिन गुदा पर शनि का प्रभाव रहता है।

### विश्व पटल पर पड़ेगा व्यापक असर

प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक शनि ग्रह के राशि परिवर्तन के चलते विश्व पटल पर प्रभाव पड़ेगा। विश्व के कई देशों में राजनैतिक उथल पुथल बढ़ेगी। शासक वर्ग में विषम परिस्थितियां रहेंगी। नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप, प्राकृतिक दैवीय आपदा, मौसम में अजीबीगरीब परिववर्तन, यान-वाहन व अग्निजन्य दुर्घटनाएं होने की संभावना है। इसके अलावा शेयर बाजार, वायदा मार्केट में हलचल व उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। नये राजनीतिक समीकरण बनेंगे तथा नये आर्थिक घोटाले भी उजागर होंगे। मेष, कन्या व धनु राशि को विशेष लाभ मिलेगा। जबकि कर्क, वृच्छिक, मकर, कुंभ व मीन राशि वालों को अपने दैनिक जीवन में कुछ विषमताओं का सामना करना पड़ेगा।

### द्वादश राशियों पर प्रभाव


**मेष**- योजना फलीभूत, लाभ का सुयोग, यात्रा सार्थक
**वृषभ**- विविध पक्षों में सफलता, कर्ज से मुक्ति, वांछित सहयोग की प्राप्ति।
**मिथुन**- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में आंशिक सफलता, स्वास्थ में सुधार।
**कर्क**- नवीन समस्याएं, विश्वासघात की आशंका, जोखिम से धन हानि
**सिंह**- संघर्ष से योजना में प्रगति, दाम्पत्य जीवन में अशांजस, मिला जुला असर
**कन्या**- चित्त प्रफुल्लित, अधूरे कार्य पूरे, नवसंपर्क लाभदायी
**तुला**- परिस्थितियों में सुधार, कार्य व्यापार में लाभ का सुयोग, परिवार में मांगलिक कार्य
**वृच्छिक**- आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में विलंब, यात्रा में निराशा
**धनु**- योजाना पर कार्यारम्भ, समस्या का समाधान, आर्थिक लाभ का सुयोग
**मकर**- पारिवारिक कृत्यों में निराशा, वाणी पर नियंत्रण जरूरी, जोखिम से धन हानि
**कुंभ**- स्वास्थ में शिथिलता, कार्य व्यापार योजना में विशेष प्रयास से ही सफलता
**मीन**- वैचारिक स्थिरता का अभाव, सोचे हुए कार्य अधूरे, व्यय की अधिकता

ज्योतिषविद आचार्य पं. वेदप्रकाश मिश्र के अनुसार शनि ग्रह न्याय प्रिय ग्रह है। वह न्याय देते हैं। राशि परिवर्तन से सत्ता में परिवर्तन होता है। राजनीतिक उथल पुथल बनी रहती है। सत्ता को गिराने व या किसी को सत्ता पर बैठाने में शनि ग्रह की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शनि देव की महिमा में हनुमान चालीसा का पाठ, शनिवार को शनिदेव के नाम पर पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए। इसके साथ ही शनिवार को उड़द के दाल की खिचड़ी व काले सामानों का दान करने से शनि ग्रह से बचाव किया जा सकता है।



# कोलकाता के रिक्शे पर सवार होकर आयेंगी वाग्देवी

## कहीं पर हंस तो कहीं केले के पत्ते,कहीं कमल पर दिखेंगी मां सरस्वती



### सरस्वती पूजा की तैयारी

**इस बार बंगला साज सज्जा वाली मूर्तियों की रहेगी भरमार, कारखानों में शिल्पकार मूर्तियों को गढ़ने में जुटे**

राधेश्याम कमल

काशी में वसंत पंचमी पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अत्यन्त धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। शहर में क्लबों के अलावा घरों व विद्यालयों में भी सरस्वती पूजनोत्सव की धूम दिखायी पड़ती है। एक ओर जहां सरस्वती पूजनोत्सव को लेकर पूजा आयोजक जुटे हुए हैं वहीं शिल्पकार भी तेजी से वाग्देवी की प्रतिमाओं को गढ़ने में लगे हैं। हालांकि प्रतिमाएं अभी पूर्ण रुपेण तैयार नहीं हुई हैं लेकिन प्रतिमाओं को तैयार करने का कार्य शिल्पकारों के यहां काफी तेजी से चल रहा है। अभी रंग रोगन का कार्य बाकी है। इस बार सरस्वती पूजनोत्सव 26 जनवरी को मनाया जायेगा।



इस बार भी शिल्पकार वाग्देवी की प्रतिमाओं पर अभिनव प्रयोग कर रहे हैं। वैसे पूजा आयोजकों की डिमांड व पसंद को ध्यान में रखते हुए शिल्पकार प्रतिमाओं को अंतिम स्वरूप देने में जुटे हैं। इस बार पूजा पंडालों में कहीं कोलकाता के पुराने रिक्शे पर सवार होकर वाग्देवी सवारी करती हुई दिखेंगी तो कहीं पर केले के पत्ते पर विराजमान रहेंगी। कहीं पर हंस मां सरस्वती को रिक्शे पर बैठा कर खींचता नजर आयेगा। इसके अलावा कहीं पर कमल के पुष्प पर तो कहीं पर गुंबज पर बैठी मां नजर आयेंगी। देवनाथपुरा स्थित विश्वनाथ मूर्ति कला भवन के शिल्पकार गोपालचन्द्र डे बताते हैं कि इस बार उनके कारखाने में 68 प्रतिमाएं बनीं हैं। मौसम की मार के चलते प्रतिमाओं के सूखने में दिक्कतें आ रही हैं। उनके यहां प्रतिमाओं को तैयार करने में कोलकाता कुम्हार टोली के पांच कारीगर रात-दिन जुटे हुए हैं। प्रतिमाओं का नेत्र तैयार करने में सुनील पाल व परिधान धारण कराने के लिए रसिया पाल, मानू पाल व बापी पाल हैं। जबकि डिजाइनिंग व आभूषण पहनाने का कार्य गोपालचन्द्र डे करते हैं। वे बताते हैं कि इस बार बंगली शैली व आधुनिक जेवरात से सजी धजी वाग्देवी की प्रतिमाओं की भरमार रहेगी। मां सरस्वती की अधिकतर प्रतिमाएं 6 से लेकर 12 फुट तक की हैं। आधुनिक बंगला शैली की प्रतिमा 8 फुट की है। भोजूबीर की 9 फुट की प्रतिमा में बैक ग्राउण्ड में गणेशजी हैं जबकि उनके आगे मां सरस्वती वीणा वादन करते हुए हैं। इसी तरह शिवपुर में 11 फुट की मां वीणा वादन करते हुए दिखेंगी। एक मूर्ति में तो कालीदास जिस पेड़ की डाल पर बैठे हैं उसी को काट रहे हैं और बगल में मां सरस्वती वीणा वादन करती हुई दिखेंगी। खोजवां में कमल पुष्प मां बैठी रहेंगी जबकि उनके ऊपर सूरज की छटां दिखेगी। कोलकाता के प्राचीन रिक्शा पर भी मां सवारी करती नजर आयेंगी। चौकीघाट में मां एक गुंबज में बैठी दिखेंगी। जबकि काशीपुरा में पंचमुखी सांप के बीच में मां बैठी नजर आयेगी। वे बताते हैं कि 24 जनवरी को प्रतिमाओं को फाइनल टच दिया जायेगा। फिलहाल अभी रंग-रोगन का काम बाकी है। इसी तरह देवनाथपुरा के शिल्पकार निर्मल दादा, बंशीचरण पाल के कारखाने के अलावा अन्य जगहों पर भी प्रतिमाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

